नई दिल्ली
शुक्रवार 15 मई 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी/चतुर्दशी वर्ष : 30, अंक : 26
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 42
न्यून. 31

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com








inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
एलएसजी सीएसके
शाम 7.30 बजे से


## ब्रिक्स की बैठक में अराघची ने जमकर साधा अमेरिका पर निशाना...

# बोले, अमेरिका की दादागीरी के खिलाफ जारी रहेगा संघर्ष, ईरान कभी नहीं झुकेगा

*अंतरराष्ट्रीय समझ, एकजुटता और समावेशिता के सिद्धांतों के साथ मजबूत होगा ब्रिक्स*

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया संकट के दौर में भारत की पहली आधिकारिक यात्रा पर आए ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने गुरुवार को अमेरिका को जमकर खरी खोटी सुनाई। मौका था नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित की गई ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की बैठक का। जिसकी अध्यक्षता भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने की, सबसे पहले उनका उद्घाटन भाषण हुआ। लेकिन जब ईरान के विदेश मंत्री अराघची की बारी आई, तो उन्होंने बिना कोई वक्त गंवाए



अमेरिका पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि अमेरिका के अड़ियल रुख और उसकी दादागिरी के खिलाफ ईरान का संघर्ष बदस्तूर जारी रहेगा। हमारा देश अमेरिका के सामने न कभी झुका है और न कभी आगे झुकेगा। इस कक्ष में मौजूद सभी लोगों के लिए अमेरिका के रवैये के विरूद्ध हमारा ⏩ शेष पेज 7 पर

### अस्थिरता उनके लिए भी घाटे का सौदा

उन्होंने एक घायल जानवर का उदाहरण देते हुए कहा कि जब वो नीचे गिरता है तो बड़ी तेजी के साथ दहाड़ते हुए पंजे मारता है। ऐसे में जो लोग जोखिम से भरे कारनामों में शामिल रहते हैं। भले ही वो यह मानते हों कि इससे उनके भू-राजनीतिक हित संपन्न होते हैं। लेकिन ऐसा बिलकुल नहीं है। क्योंकि क्षेत्रीय अस्थिरता सभी पक्षों के लिए यहां तक कि आक्रमणकारियों के लिए भी नुकसान का ही सौदा है। अराघची ने स्पष्ट करते हुए समूह देशों से कहा कि आज हमारे देश पहले के मुकाबले कहीं अधिक एक-दूसरे के करीब हैं। जिसकी वजह से हम उस संयुक्त और खतरनाक चुनौती (सभी रूपों में अमेरिका की आक्रामकता) ⏩ शेष पेज 7 पर

### उपयोगी साबित होंगी चर्चाएं

विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने बैठक के दौरान दिए अपने स्वागत भाषण में कहा, हम ऐसे समय में मिल रहे हैं। जब दुनिया तेजी से जटिल और अनिश्चित होती जा रही है। जिससे नए बाजारों और विकासशील देशों पर गंभीर रूप से प्रभाव पड़ रहा है। इसलिए कुछ बिंदुओं पर खासतौर पर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। जिसमें ऊर्जा, खाद्य, उर्वरक और स्वास्थ्य सुरक्षा की चुनौतियों का अधिक प्रभावी ढंग से प्रतिकार, वैश्विक आर्थिक कल्याण के लिए महत्वपूर्ण जलमार्गों के जरिए निर्बाध और सुरक्षित समुद्री प्रवाह, आर्थिक लचीलेपन के लिए विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करना और विविधतापूर्ण बाजार, समानता के सिद्धांतों के साथ जलवायु परिवर्तन का समाधान, अच्छे शासन-समावेशी विकास के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना और संवाद-कूटनीति के जरिए अंतरराष्ट्रीय शांति, सुरक्षा चुनौतियों का समाधान और आतंकवाद के खिलाफ मजबूत सहयोग मुख्य रूप से शामिल है। भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के निर्माण की दिशा में तैयार है। मुझे पूरा विश्वास है कि ब्रिक्स की चर्चाएं अधिक स्थिर, समान और समावेशी वैश्विक व्यवस्था को प्राप्त करने की दिशा में उपयोगी साबित होंगी।

## खबर संक्षेप



### डॉ. यादव ने दिल्ली मेट्रो में किया सफर

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को दिल्ली प्रवास के दौरान मेट्रो ट्रेन से सफर कर मितव्ययता का उदाहरण प्रस्तुत किया। उल्लेखनीय है कि देश में बढ़ते ट्रैफिक दबाव, प्रदूषण और वर्तमान वैश्विक संकट के दृष्टिगत भविष्य के लिए ईंधन की बचत और वर्तमान में की जा रही खपत को कम करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने लगातार पब्लिक ट्रांसपोर्ट और मेट्रो के अधिक उपयोग की अपील की है। इसी दिशा में एक सकारात्मक पहल करते हुए सीएम डॉ. यादव ने दिल्ली के शिवाजी स्टेडियम मेट्रो स्टेशन से एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन मेट्रो में यात्रा की। सीएम डॉ. यादव ने आम यात्रियों के बीच रहकर सफर किया और सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था के महत्व को रेखांकित किया।

### स्वर्ण कांता शुरू करेंगी अवमानना की कार्यवाही

**नई दिल्ली।** आबकारी घोटाला मामले में अरविंद केजरीवाल सहित दो अन्य की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा के खिलाफ मानहानिकारक आरोपों लगाने वाले प्रतिवादियों के खिलाफ अदालत ने अवमानना की कार्यवाही शुरू करने का फैसला किया है। जस्टिस ने कहा कि इस पर चुप नहीं बैठ सकते। उन्होंने कहा कि अदालत ने कुछ प्रतिवादियों और अन्य अवमानना करने वालों के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू करने का फैसला किया है। इस संबंध में आदेश पारित किया जाएगा।



## ओमान के तट पर भारतीय ध्वज वाले जहाज पर हुए हमले की भारत ने की कड़ी निंदा

# होर्मुज के पास हुए हमले में भारतीय जहाज समंदर में डूबा, सभी 14 क्रू मेंबर सुरक्षित

एलपीजी लेकर आ रहे हाजी अली नाम के जहाज को निशाना बनाने पर भारत ने साफ कहा- इस तरह के हमले बिलकुल बर्दाश्त नहीं करेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका-ईरान युद्ध के चलते बढ़ते तनाव के मध्य बीते बुधवार को ओमान तट के पास भारतीय ध्वज वाले एक जहाज पर किए गए हमले की नई दिल्ली ने कड़े शब्दों में निंदा की है। साथ ही ऐसी घटनाओं को पूरी तरह से अस्वीकार्य बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को एक बयान के माध्यम से कहा कि ओमान के तट पर बीते 13 मई को हुए हमले की घटना को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता है। मालवाहक जहाजों और चालक दल के निर्दोष सदस्यों को निशाना बनाना किसी भी रूप में स्वीकार नहीं है। उन्होंने कहा, इस हमले में भारतीय समुदाय के चालक दल के सभी सदस्य सुरक्षित हैं। हम संकट की इस घड़ी में भारत के नाविकों को सुरक्षित बचाने के लिए ओमान के सभी अधिकारियों का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हैं।

### बयान जारी कर कहा, ऐसी घटनाएं कतई स्वीकार नहीं की जाएंगी




### वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा असर

भारत ने मालवाहक जहाजों और उनमें सवार निर्दोष चालक दल के सदस्यों को निशाना बनाने जैसी घटनाओं पर रोक लगाने की मांग की है। इसके अलावा स्वतंत्र रूप से नौवहन की स्वतंत्रता बरकरार रहनी चाहिए। वहीं, राजधानी में हुई अंतर मंत्रालयी प्रेस वार्ता के मुताबिक, गुजरात का मालवाहक जहाज एमएसवी हाजी अली 13 मई को सोमालिया के बरबेरा बंदरगाह से शारजाह जा रहा था। जैसे ही वह ओमान के जलक्षेत्र से गुजरा। उस पर ड्रोन और मिसाइल से हमला किया गया। जिसकी वजह से जहाज पर आग लग गई और वह डूब गया। इस बीच त्वरित आधार पर कार्रवाई करते हुए ओमान के अधिकारियों ने मदद पहुंचाई और जहाज में सवार चालक दल के सभी भारतीय सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया।

## ब्रिक्स की बैठक में अराघची पर टिकी सबकी निगाहें, जयशंकर-पीएम मोदी से हुई मुलाकात

- समूह देशों के अन्य विदेश मंत्रियों ने प्रधानमंत्री से की शिष्टाचार मुलाकात
- बोले पीएम, 2026 में हम बहुपक्षीयता को मजबूत करने, सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए एकजुटता से करेंगे कार्य



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की नई दिल्ली में गुरुवार से शुरू हुई दो दिवसीय बैठक में सबकी निगाहें ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची पर टिकी हुई थी। जिसके पीछे का बड़ा कारण बीते कुल करीब 76 दिनों से अमेरिका और इजरायल के साथ जारी ईरान के भीषण युद्ध तथा उससे दुनिया के सामने विकराल रूप धारण करती जा रही ऊर्जा सुरक्षा का मुद्दा है। आयोजन स्थल, भारत मंडपम में बैठक की अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने की। उन्होंने बैठक के आगाज से पहले ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची का गर्मजोशी के साथ हाथ मिलाकर स्वागत किया। दोनों के बीच संक्षिप्त रूप से बातचीत भी ⏩ शेष पेज 7 पर

### पीएम से हुई शिष्टाचार भेंट

बैठक के इतर ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ शिष्टाचार मुलाकात की। जिसमें ईरान के विदेश मंत्री अराघची, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव, दक्षिण-अफ्रीका के विदेश मंत्री रोनाल्ड लामोला, ब्राजील के विदेश मंत्री मोरो विएरा सहित अन्य भागीदार देशों के विदेश मंत्री शामिल हुए। सभी ने पीएम के साथ एक ग्रुप फोटो भी खिंचवाई। गौरतलब है कि अराघची बीते बुधवार देर रात भारत की तीन दिवसीय यात्रा के तहत नई दिल्ली पहुंचे थे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने उनकी इस यात्रा को लेकर एक्स ⏩ शेष पेज 7 पर

## 100 गाड़ियों की रैली निकाली थी

# भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष को संगठन ने पद से हटा दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डीजल-पेट्रोल की खपत कम करने की अपील के बावजूद निकाली गई वाहन रैली को संगठन ने अनुशासनहीनता माना। मामले की जानकारी सामने आने के बाद प्रदेश भाजपा संगठन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए जिलाध्यक्ष पद से हटाने का आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। संगठन का मानना है कि पार्टी की कार्यशैली और शीर्ष नेतृत्व के संदेश के विपरीत इस तरह की वाहन रैलियां गलत संदेश देती हैं और यह प्रधानमंत्री ⏩ शेष पेज 7 पर

# केरल में कांग्रेस का बड़ा दांव वीडी सतीशन होंगे नए मुख्यमंत्री

*वेणुगोपाल की दावेदारी 'वन पर्सन-वन इलेक्शन' फॉर्मूले में फंसी, हाईकमान ने विधायक चेहरे पर लगाया दांव*

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

वीडी सतीशन को केरल का नया मुख्यमंत्री चुन लिया गया है। लंबे मंथन और कई दौर की चर्चाओं के बाद भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने आखिरकार विपक्ष के नेता रहे सतीशन पर भरोसा जताया। पार्टी सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री पद की दौड़ में केसी वेणुगोपाल भी प्रमुख दावेदारों में थे, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व अपने पहले से तय राजनीतिक फॉर्मूले पर कायम रहा, जिसके चलते उनकी दावेदारी कमजोर पड़ गई। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि पार्टी ने पहले ही यह नीति तय कर ली थी कि सांसदों को राज्य विधानसभा चुनाव नहीं लड़ाया जाएगा। इसी वजह से चुनाव परिणाम आने के बाद यह ⏩ शेष पेज 7 पर

# नीट पेपर लीक : 24 घंटे में 7 आरोपी दबोचे गए, 5 आरोपियों के खिलाफ मिली 7 दिन की रिमांड

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

सीबीआई ने नीट पेपर लीक मामले की जांच तेज करते हुए पिछले 24 घंटे में 2 और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही अब तक इस हाई-प्रोफाइल मामले में कुल 7 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। एजेंसी ने स्पष्ट किया है कि मामले की व्यापक, निष्पक्ष और पेशेवर जांच जारी है तथा कई अन्य संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। सीबीआई के आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि यह मामला 12 मई को उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायत में नीट परीक्षा के कथित पेपर लीक का आरोप लगाया गया था।

**महाराष्ट्र से दो और आरोपी गिरफ्तार :** जांच एजेंसी के विशेष दलों द्वारा देशभर में चलाए जा रहे अभियान के दौरान महाराष्ट्र से दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान धनंजय लोखंडा निवासी अहिल्यानगर और मनीषा ⏩ शेष पेज 7 पर

### कई संदिग्ध एजेंसी के रडार पर

सूत्रों के मुताबिक, जांच एजेंसी देश के कई राज्यों में संभावित नेटवर्क की पड़ताल कर रही है। कई संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है और इलेक्ट्रॉनिक डाटा, मोबाइल चैट, बैंक लेनदेन तथा कॉल डिटेल्स की भी जांच की जा रही है। ⏩ शेष पेज 7 पर

## कलम एंड कवच-3.0 रक्षा रणनीतिक संवाद को संबोधित करते हुए बोले रक्षा मंत्री

# सेनाओं की संयुक्तता-समन्वय से तय होगी आधुनिक समय के युद्ध में सफलता : राजनाथ सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ बीते 10 मई को ही समाप्त हुई है। इसके बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को राजधानी के मानेकशॉ केंद्र में आयोजित किए गए कलम एंड कवच-3.0 रक्षा रणनीतिक संवाद को संबोधित किया। जिसमें उन्होंने कहा कि आधुनिक समय में युद्ध में सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि सशस्त्र सेनाओं के बीच की आत्मनिर्भरता के साथ संयुक्तता और समन्वय कैसा है?




ऐसे में अलगाव के लिए कोई स्थान नहीं है। जीत इस बात पर निर्भर करेगी कि सेना, नौसेना और वायुसेना साइबर और अंतरिक्ष जैसे सभी क्षेत्रों में कितने प्रभावी ढंग से एकीकृत रूप से कार्रवाई करते हैं। इसके ⏩ शेष पेज 7 पर

### दूसरों पर निर्भरता से कोई लाभ नहीं

उन्होंने कहा कि युद्ध क्षेत्र में सफलता उन्हीं के हाथ लगेगी। जो विचार, प्रोटोटाइप और उसके क्रियान्वयन के बीच के समय अंतराल को भी कम कर सकेंगे। ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि यह अभियान नए भारत की क्षमताओं का एक निर्णायक उदाहरण है। लेकिन उभरते हुए खतरों से निपटने के ⏩ शेष पेज 7 पर

## भाजपा का राहुल गांधी पर निशाना, 22 साल में 54 बार गए विदेश



# राहुल के विदेश दौरे पर 60 करोड़ खर्च हुए, पिछले दस सालों में कमाई सिर्फ 11 करोड़ रूपये: पात्रा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भाजपा ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की विदेश यात्राओं को लेकर कई सवाल उठाये। नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा में राहुल गांधी पर तीखा हमला किया। पात्रा ने कहा, 'मैं यह बताना चाहता हूं कि भारत की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के जाने-माने नेता, विपक्ष के नेता, राहुल गांधी पिछले लगभग 22 सालों से चुने हुए पद पर हैं। इन 22 सालों में उन्होंने कितनी बार विदेश यात्रा की है? जो बताया गया है और जो पब्लिक डोमेन में है, उसके अनुसार, 54 विदेश यात्राएं हुई हैं। इनमें इटली, यूनाइटेड किंगडम, यूनाइटेड स्टेट्स, जर्मनी, वियतनाम, कंबोडिया, सिंगापुर, बहरीन, मालदीव, कतर, यूनाइटेड अरब अमीरात की यात्राएं शामिल हैं, और गत 3 मई, को एक्स और दूसरे सोशल मीडिया पर सर्कुलेट हुए फुटेज में मस्कट और ओमान की बिना बताए यात्राओं का पता चला।'

संबित पात्रा ने आगे कहा, 'मैं यह बताना चाहता हूं कि 2004 से 2026 तक, राहुल गांधी ने 54 पर्सनल विदेश यात्राएं कीं, जिन पर लगभग 60 करोड़ रुपये खर्च हुए, जिसमें सरकारी या पार्लियामेंट्री दौरे शामिल नहीं हैं। असेसमेंट ईयर 2013-14 से 2022-23 तक फॉर्म 26 एफिडेविट में उनके द्वारा बताई गई इनकम की जानकारी के आधार पर, 10 सालों में उनकी कुल बताई गई इनकम 11 करोड़ रुपये थी, जबकि विदेश यात्राओं पर कथित खर्च 60 करोड़ रुपये था।

भाजपा प्रवक्ता ने आगे कहा इनमें से ज़्यादातर यात्राएं रिकॉर्ड में हैं, जिनमें पब्लिक होस्ट पेज, प्रेस यात्रा कार्यक्रम, पार्लियामेंट्री एब्सेंस रिकॉर्ड और फोटो सबूत मौजूद हैं। मेरा कहना है कि ये यात्राएं पब्लिक थीं, लेकिन उनके पीछे की फंडिंग ट्रेल पब्लिक नहीं है।' संबित पात्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राहुल गांधी की विदेश यात्राओं की फंडिंग को लेकर पूरी जानकारी सार्वजनिक नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि हर विदेश यात्रा में राहुल गांधी के साथ 3 से 4 लोग भी जाते थे। पात्रा ने आरोप लगाया कि कई बार राहुल गांधी ने सुरक्षा व्यवस्था से बचकर भी यात्रा की। हालांकि उन्होंने इस बारे में ज्यादा जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस में नहीं दी। संबित पात्रा ने यह भी साफ किया कि इस अनुमान में संसद की समितियों से जुड़ी आधिकारिक विदेश यात्राओं को ⏩ शेष पेज 7 पर

# बस में महिला से सामूहिक बलात्कार, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



मंगोलपुरी इलाके में काम से घर लौट रही एक महिला से एक निजी स्लीपर बस के अंदर चालक व परिचालक द्वारा सामूहिक बलात्कार किये जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस बाबत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार घटना 11 मई को सामने आई। रानी बाग थाने में केस दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

पुलिस ने वारदात की रात की घटनाओं का ब्यौरा देते हुए बताया कि महिला मंगोलपुरी इलाके की एक फैक्टरी में काम करने के बाद घर लौट रही थी। सरस्वती विहार के बी-ब्लॉक बस स्टैंड के पास पहुंचते ही उसने आरोपियों में से एक को बस के दरवाजे के पास खड़ा देखा और उससे समय पूछा। इसके बाद आरोपी ने उसे कथित तौर पर बस के अंदर खींच लिया और नांगलोई की ओर ले जाकर उसके साथ बलात्कार किया। विवाहित और तीन बच्चों की मां के बयान के अनुसार, दोनों पुरुषों ने बारी-बारी से उसके साथ बलात्कार किया।

बाहरी जिले के डीसीपी विक्रम सिंह ने एक वीडियो बयान में कहा कि रानी बाग थाने में हमें एक महिला के साथ कथित बलात्कार की सूचना मिली। तुरंत उसका बयान दर्ज किया गया और बिना देरी किए प्राथमिकी दर्ज की गई। डीसीपी ने बताया कि महिला के बयान के आधार पर 12 मई को रानी बाग थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(1) (बलात्कार), 70(1) (सामूहिक बलात्कार) और 3(5) (सामान्य इरादा) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। मामले की जांच के लिए कई टीमें गठित की गई और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि हम मामले की हर कोण से जांच कर रहे हैं और पीड़िता के बयान की पुष्टि के लिए सीसीटीवी फुटेज का भी विश्लेषण कर रहे हैं। डीसीपी ने वीडियो बयान में कहा कि इस मामले में दोषी पाए जाने वाले सभी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि बस को जब्त कर लिया गया है।

# बीडीएस डॉक्टर करोड़ों के प्रॉपर्टी फ्रॉड में अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच की ईस्टर्न रेंज 2 टीम ने एक बीडीएस डॉक्टर को करोड़ों के प्रॉपर्टी फ्रॉड केस में गिरफ्तार किया है। आरोपी मजहर खान उत्तर पूर्वी दिल्ली के यमुना विहार का रहने वाला है। 44 वर्षीय खान पिछले सात महीनों से फरार चल रहा था।

पुलिस के अनुसार आरोपी एक योग्य बीडीएस और एमडीएस डॉक्टर है और अपने इलाके में डॉ. साहब के नाम से मशहूर है। वह एक बड़े पैमाने पर चल रहे प्रॉपर्टी धोखाधड़ी के रैकेट में शामिल था। इस रैकेट के जरिए उसने कई लोगों से 1 करोड़ से ज्यादा की ठगी की। उसने सी-11/17, यमुना विहार में स्थित एक ही प्राइम प्रॉपर्टी को बार-बार अलग-अलग लोगों के पास सिक्योरिटी के तौर पर गिरवी रखकर यह धोखाधड़ी की। लगातार की गई जांच और तकनीकी सत्यापन के दौरान यह खुलासा हुआ कि आरोपी मजहर खान ने एक प्रतिष्ठित डेंटल डॉक्टर के तौर पर अपनी सामाजिक हैसियत का गलत इस्तेमाल करके भोले-भाले लोगों का भरोसा जीता। उसने बेईमानी से कई लोगों को वित्तीय लेन-देन के लिए उकसाया और उन्हें वही फ्लैट सिक्योरिटी के तौर पर देने का झांसा दिया, जबकि वह प्रॉपर्टी पहले से ही बैंक के पास गिरवी रखी हुई थी। जरूरी तथ्यों को छिपाकर और प्रॉपर्टी के मालिकाना हक के बारे में गलत जानकारी देकर उसने इलाके में कई लोगों को सुनियोजित तरीके से ठगा। आरोपी का पता लगाने और उसे गिरफ्तार करने के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम ने इसे देहरादून के पास, यूपी के गणेशपुर टोल प्लाजा से गिरफ्तार किया। इसके खिलाफ आठ मामले दर्ज पाये गये हैं। पुलिस का कहना है कि शुरुआत में खुरेजी इलाके में एक दंत चिकित्सक के रूप में काम करते हुए खान धीरे-धीरे प्रॉपर्टी डीलिंग के क्षेत्र में आया। इसने यमुना विहार में अपनी पहचान बनाई। अपनी शैक्षिक पृष्ठभूमि और पेशेवर छवि का इसने भरपूर लाभ उठाया।

## खबर संक्षेप



### 12 साल पुराने हत्या केस में शामिल आरोपी दबोचा

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने नंद नगरी के एक 12 साल पुराने मामले में भगौड़ा घोषित अपराधी गुलाब सिंह उर्फ विक्की (42) को गिरफ्तार किया है। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिये अलग-अलग जगहों पर छिपा हुआ था। आरोपी वर्तमान में केशव नगर, स्वरूप नगर में रह रहा था। पुलिस के अनुसार गुलाब सिंह नंद नगरी के एक हत्या मामले में शामिल था। यह मामला 10 अप्रैल 2014 को दर्ज किया गया था। इसमें आरोपी के तीन भाइयों और अन्य लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका था। विक्की बार-बार की गई छापेमारी तथा वारंट जारी होने के बावजूद गिरफ्तारी से बचता रहा। चूंकि आरोपी न्यायालय के समक्ष पेश होने में विफल रहा, इसलिए इसे घोषित अपराधी करार दिया गया था। पूछताछ के दौरान, आरोपी ने खुलासा किया कि हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद वह अपनी पत्नी के साथ घर छोड़कर चला गया था। आरोपी एक स्कूल ड्रॉपआउट है। वह नत्थूपुरा, बुराड़ी में कपड़ों की एक दुकान चलाता है।

### रमेश नगर में कबाड़ के गोदाम में लगी आग

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के रमेश नगर इलाके में बृहस्पतिवार सुबह धातु और लकड़ी कबाड़ के गोदाम में आग लग गई। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) को सुबह 7:56 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर भेजी गई। डीएफएस के एक अधिकारी ने बताया कि सुबह करीब 9:30 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। पुलिस आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिये जांच कर रही है।

## ट्रिपल इंजन सरकार में निर्भया कांड 2.0 शर्मनाक और कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल: यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि बीजेपी की ट्रिपल इंजन सरकार के होते हुए दिल्ली में निर्भया कांड 2.0 होना ना सिर्फ शर्मनाक बल्कि दिल्ली की कानून व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न चिह्न भी है। कांग्रेस की मांग है कि दिल्ली सरकार पीड़ति को तुरंत उचित मुआवजा दे और न्याय दिलाने के लिए अपराधियों के खिलाफ फास्ट ट्रेक कोर्ट में अपराधिक मामला चलाया जाए। यादव ने कहा कि दिल्ली की सीएम एक महिला होने के बावजूद राजधानी में महिलाएं हीं सुरक्षित नहीं हैं। जाहिर है ऐसे में आम नागरिकों की सुरक्षा तो भगवान भरोसे ही कही जा सकती है। यादव ने कहा कि चलती बस में ड्राईवर और कंडक्टर द्वारा 30 वर्षीय महिला का अपहरण करके दुष्कर्म करना दिल्ली में निर्भया कांड-2 करार है। जिसमें दरिंदों ने सरस्वती विहार में एक महिला को बस में खींचकर बलात्कार किया और नांगलोई मेट्रो स्टेशन के नजदीक सड़क पर फैंक दिया। उन्होंने आरोप लाए कि खुलेआम हो रहे महिलाओं के अपहरण, बलात्कार, यौन शोषण और छेड़छाड़ सहित लूटमारी की घटनाओं पर रोक लगाने में आखिर पुलिस नाकाम क्यों है। उन्होंने कहा कि भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में अभी तक नाकाम ही साबित रहो ही है। जबकि दिल्ली की जनता को उम्मीद थी कि रेखा गुप्ता केन्द्रीय गृहमंत्रालय के आधीन दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर महिलाओं की सुरक्षा को व्यवस्थित करेगी। अभी पिछले दिनों जनकपुरी के प्राईवेट स्कूल में 3 साल की मासूम बच्ची के साथ स्कूल कर्मचारी द्वारा यौन शोषण करने जैसे मामले का मतलब उन्हें कानून का कोई डर नही है। दिल्ली सरकार को महिलाओं और बच्चियों के साथ अत्याचार करने वालों को कड़ी सजा का प्रावधान करके कानून बनाना चाहिए। यादव ने कहा कि वर्ष 2024 की एनसीआबी की रिपोर्ट में राजधानी के महिलाओं के खिलाफ अपराधिक मामले दिल दहलाने वाले है। जिनमें दहेज के लिए 109 मौते, बलात्कार के 1058 मामले, घरेलू क्रूरता के 4646 मामले अपहरण के 3974 मामले और यौन उत्पीड़न के 316 मामले दर्ज हुए। वर्ष 2024 में राजधानी में प्रति 1 लाख की जनसंख्या पर महिलाओं के खिलाफ अपराध की संख्या 176.8 रही। उन्होंने कहा कि इस वर्ष पहले महीने के 15 दिनों में 509 महिलाएं और लड़कियां लापता हुई जबकि रिपोर्ट के अनुसार राजधानी दिल्ली में प्रतिदिन 3-4 महिलाएं अथवा लड़कियां बलात्कार का शिकार हो रही है।

## हमने निर्भया हादसे से कुछ नहीं सीखा: केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ आप नेताओं ने दिल्ली सरकार पर साधा निशाना

आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली सरकार पर निशाना साधते हुए एक्स पर कहा कि दिल्ली में एक बार फिर चलती बस में गैंगरेप हुआ। हमने निर्भया से कुछ नहीं सीखा। यह हादसा पूरे समाज के लिए कलंक है। आम आदमी पार्टी नेताओं का कहना है कि देश की राजधानी दिल्ली ने एक बार फिर निर्भया कांड की यादें ताजा कर दी है। महिला सुरक्षा का राग अलापने वाली भाजपा की चार इंजन की सरकार में दिल्ली की सड़कों पर चलती बस के अंदर एक महिला के साथ सामूहिक बलात्कार हुआ। हैरत की बात तो यह है कि बस दो घंटे तक सात किलोमीटर के दायरे में दौड़ती रही, लेकिन दिल्ली पुलिस ने कहीं भी बस रोक कर जांच करने की जहमत नहीं उठाई। देश की राजधानी में निर्भया जैसी दोबारा हुई दरिंदगी पर केजरीवाल समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

आप प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि रानीबाग में चलती बस के अंदर महिला से दो घंटे तक गैंगरेप हुआ, फिर भी पुलिस ने दो दिनों तक मामले को छिपाया। उन्होंने पुलिस से सवाल किया कि पुलिस कमिश्नर बताएं, दो दिनों तक घटना क्यों छिपाई गई, क्या मामले को दबाना की कोशिश की जा रही थी? वहीं, नेता मनीष सिसोदिया ने कहा कि भाजपा के सारे इंजन दिल्ली में ठप हो चुके हैं, ना स्कूल में बच्चियां सुरक्षित हैं और ना बसों में सुरक्षित हैं। वहीं, नेता विपाक्ष आतिशी ने कहा कि रेखा गुप्ता सरकार की प्राथमिकता जवाबदेही के बजाय सिर्फ रील्स बनाने और ब्रांडिंग तक सीमित रह गई है।


### सुरक्षा मामले में हम चुप नहीं बैठेंगे: संजय सिंह

दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था मामले में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा है कि मिलने के लिए एलजी को पत्र लिखूंगा, अगर मिलने का समय नहीं देते हैं तो भी हम चुप नहीं बैठेंगे। राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने एक प्राइवेट स्कूल में तीन साल की मासूम बच्ची के साथ रेप और चलती बस में महिला के साथ गैंगरेप मामले को लेकर प्रधानमंत्री पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बेटियां सुरक्षित नहीं, मोदी का 'बेटी बचाओ-नारी वंदन' कहां है? प्राइवेट स्कूल में तीन साल की बच्ची से रेप, चलती बस में महिला से गैंगरेप, पीएम, गृहमंत्री, एलजी और पुलिस कमिश्नर कहां सो रहे? सांसद सिंह ने कहा कि बच्ची की मां का आरोप है कि डीसीपी ने धमकाया, एसएचओ ने थाने में बैठाए रखा और पॉक्सो में दरिंदे को 5 दिन में जमानत हो गई। इस मामले में जब 'आप' नेता दरिंदे को जमानत मिलने पर एलजी से जवाब मांगने पहुंचे तो उन्हें घसीट कर हिरासत में ले लिया गया।

## जनकपुरी पोक्सो केस में महिला टीचर एक दिन के पुलिस रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

जनकपुरी इलाके में एक निजी स्कूल में तीन साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ाते हुए एक महिला टीचर को भी गिरफ्तार किया है। इस मामले में स्कूल की भूमिका और लापरवाही को लेकर लगातार सवाल उठ रहे थे। गुरुवार को पुलिस ने महिला टीचर को अदालत के समक्ष पेश किया और दो दिनों का पुलिस रिमांड मांगा, लेकिन अदालत ने एक दिन का ही रिमांड मंजूर किया। आरोप है कि टीचर की मिलीभगत या लापरवाही से बच्ची को बेसमेंट में ले जाया गया। मामले में मुख्य आरोपी 57 वर्षीय केयरटेकर ललित कुमार को 1 मई को गिरफ्तार किया गया था। उसे 7 मई को द्वारका कोर्ट से जमानत मिल गई थी, जिस पर भारी जन आक्रोश और सवाल खड़े हुये हैं। पुलिस ने इस जमानत के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट में अपील करने का फैसला किया है। सीडब्ल्यूसी का भी मामले में कड़ा रुख सामने आया है। चाइल्ड वेलफेयर कमेटी ने जनकपुरी थाने से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है, जिसमें पीड़िता की पहचान उजागर करने और पुलिस की लापरवाही के आरोपों की जांच शामिल है। दिल्ली सरकार का शिक्षा विभाग स्कूल का प्रबंधन अपने हाथ में लेने पर विचार कर रहा है, क्योंकि स्कूल प्रशासन ने 8 मई को जारी शो-कॉज नोटिस का जवाब नहीं दिया था। गौरतलब है कि यह घटना 30 अप्रैल 2026 को घटी थी, जब बच्ची के दाखिले का दूसरा ही दिन था। भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(1) और पोक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत मामला दर्ज किया गया है।



## एलजी ने अंबेडकर कॉलेज के दीक्षांत समारोह को किया संबोधित, शिक्षा में आगे बढ़ने पर जताई खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने गुरुवार को डॉ. बी.आर. अंबेडकर यूनिवर्सिटी के 14 वें दीक्षांत समारोह में छात्रों को संबोधित किया। इस अवसर पर एलजी ने डॉ. अंबेडकर यूनिवर्सिटी में शिक्षा के स्तर में लगातार हो रही बढ़ोतरी पर खुशी जाहिर की। इस अवसर पर एलजी के अलावा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, शिक्षा मंत्री आशीष सूद, दिल्ली सरकार के हायर एजुकेशन सेक्रेटरी संजीव आहूजा, वाइस चांसलर प्रो. अनु सिंह, रजिस्ट्रार कर्नल ओमकार सिंह, एईएस के डीन डॉ. ज्योतिर्मय भट्टाचार्य तथा अन्य मौजूद थे। अपने संबोधन में एलजी ने कहा कि कॉन्वोकेशन हर स्टूडेंट की ज़िंदगी में एक अहम पड़ाव होता है। यह एक जरूरी सफ़र के पूरा होने और दूसरे सफ़र की शुरुआत का निशान होता है। आज न सिर्फ़ एकेडमिक कामयाबी का जश्न है, बल्कि पढ़ाई के साथ आने वाली जिम्मेदारियों पर सोचने का भी मौका है। उन्होंने कहा कि पिछले सत्रह सालों में डॉ. बी.आर. अंबेडकर यूनिवर्सिटी दिल्ली, सोशल साइंस, ह्यूमैनिटीज और पब्लिक इंगेजमेंट के फील्ड में धीरे-धीरे एक खास इंस्टीट्यूशन के तौर पर उभरी है। जबकि 2008 में एक डिप्लोमा प्रोग्राम के साथ अपनी शुरुआत से लेकर, अब अलग-अलग सब्जेक्ट्स में अलग-अलग तरह के एकेडमिक प्रोग्राम ऑफर करने तक, यूनिवर्सिटी ने एकेडमिक ग्रोथ और इंस्टीट्यूशनल कमिटमेंट दोनों दिखाई हैं। उन्होंने कहा कि यह जानकर अच्छा लगा कि सीयूईटी प्रोसेस के जरिए, आज यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स के लिए सबसे पसंदीदा इंस्टीट्यूशन्स में से एक है। यह उस भरोसे को दिखाता है जो युवा लोग इंस्टिट्यूशन के एकेडमिक माहौल और एजुकेशन के उसके बड़े विज़न में रखते हैं, जो इनक्लूजन, इक्विटी और क्रिटिकल थिंकिंग पर आधारित है। एलजी ने कहा कि मुझे यह देखकर भी खुशी हो रही है कि यूनिवर्सिटी ने नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 को लागू करने, रिसर्च आउटपुट को मजबूत करने, इंडिजेनस नॉलेज सिस्टम को सपोर्ट करने और दूसरे बड़े इंस्टीट्यूशन्स के साथ कोलेबोरेशन बढ़ाने में काफी प्रोग्रेस की है। रूरल एंटरप्रेन्योरशिप, स्टूडेंट सपोर्ट सिस्टम, मेंटल हेल्थ और रिसर्च फंडिंग से जुड़ी पहल, इस बड़ी समझ को दिखाती हैं कि एजुकेशन को समाज और भविष्य दोनों से गहराई से जुड़ा रहना चाहिए। एलजी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अक्सर इस बात पर जोर देते है कि एजुकेशन सिर्फ़ किसी की तरक्की का जरिया नहीं है, बल्कि देश बनाने की नींव है। यह बात ऐसे समय में और भी ज़रूरी हो जाती है, जब दुनिया भर के समाज टेक्नोलॉजी, एआई, क्लाइमेट चैलेंज और तेज़ी से बदलती आर्थिक सच्चाइयों से बदल रहे हैं। आज भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी युवा आबादी है। हालांकि, सिर्फ़ डेमोग्राफिक फ़ायदा काफी नहीं है।

## आखिर पुलिस को क्लास टीचर को गिरफ्तार करना ही पड़ा: भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के जबरदस्त दबाव के बाद दिल्ली पुलिस ने जनकपुरी स्थित एसएस मोटा सिंह स्कूल परिसर में तीन साल की बच्ची से हुए बलात्कार मामले में क्लास टीचर को गिरफ्तार कर लिया। इस गिरफ्तारी पर पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने गुरूवार को बयान जारी कर कहा है कि क्लास टीचर ही बच्ची को बेसमेंट में लेकर गई थी। कई दिनों से आम आदमी पार्टी बच्चे से रेप करने वाले आरोपी का साथ देने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर धरना प्रदर्शन और प्रेस वार्ता के जरिए दबाव बना रही थी।

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आखिर पुलिस को क्लास टीचर को गिरफ्तार करना ही पड़ा। अभी लड़ाई लंबी है, जीत सत्य की ही होगी। बलात्कारियों का साथ देने वाले बड़े-बड़े लोग आराम से नहीं बैठेंगे। हमें लड़ते रहना है, थकना नहीं है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सरकार के पास स्कूल में नए ट्रस्टी के बारे में सबकुछ पता है, शिक्षा मंत्री आशीष सूद फाइल सार्वजनिक क्यों नहीं कर देते? सौरभ भारद्वाज ने कहा कि तीन साल की बच्ची के बलात्कार मामले में गुरुवार को आखिर पुलिस ने उस क्लास टीचर को गिरफ़्तार कर लिया। माँ और तीन साल की बच्ची ने पहले दिन से बताया था कि बच्ची की क्लास टीचर ख़ुद बच्ची को बेसमेंट में ले गई थी, जहाँ एक अँधेरे कमरे में एक बेड लगा था और वहाँ टीचर की मौजूदगी में बच्ची से बलात्कार हुआ।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | वार्ड 03 एम.सी. रोहतक में बिल्लु के मकान से बालाजी मंदिर तक और राजू के मकान से साथ लगती गली से सतीश तक आईपीबी गली का निर्माण (पुनः आमंत्रण)। | 12.05.2026 19.05.2026 | रु. 8.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467717422 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक की सीमाओं में स्टॉप गैप व्यवस्था के लिए नामित स्थल तक निर्माण और विखण्डन कचरे का संग्रहण और परिवहन। | 13.05.2026 25.05.2026 | रु. 24.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | सोनीपत रोड, एम.सी. रोहतक में हुडा पार्क से ताऊ नगर गली नं. 18 के निकट शिवालिक प्रोपर्टीज तक ग्रीन बैल्ट का निर्माण + 1 कार्य। | 13.05.2026 25.05.2026 | रु. 167.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467717422 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/60/45160/1/88/7 दि. 14.05.26


# नामी ब्रांड्स के नकली कपड़े, घड़ियां व अन्य सामान जब्त



■ नॉर्थ वेस्ट की डीआईयू यूनिट की कार्रवाई एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर-पश्चिम जिले की डीआईयू यूनिट ने कई मशहूर विदेशी ब्रांड के नकली कपड़े, घड़ियां, धूप के चश्मे, परफ्यूम, डियोड्रेंट और फुटवियर जब्त करते हुये एक शख्स को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये शख्स मोहित सचदेवा से पराड़ा, बरबरी, बैलेंसियागा और गैंट कंपनी का बड़ी संख्या में सामान जब्त हुआ है। आरोपी नामी-गिरामी ब्रांडेड कंपनियों के नकली लेबल और टैग लगाकर इन सामान को बाजार में असली ब्रांड के तौर पर बेचता था।

पुलिस के अनुसार आरोपी खुद को इन ब्रांड्स का अधिकृत वितरक बताता था। पूछताछ के दौरान इसने खुलासा किया कि वह प्रतिष्ठित ब्रांडों के नकली लेबल और टैग वाले शॉर्ट्स, टी-शर्ट, लोअर, धूप के चश्मे, कैप और बेल्ट खरीदता और बेचता था। इससे आरोपी को भारी अवैध मुनाफा होता था। इसने डिजाइनर हुड के नाम से शालीमार बाग के बीटी ब्लॉक में शॉप खोली हुई थी। इसके खिलाफ सुमित कुमार से शिकायत प्राप्त हुई थी।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | सिरसा जिले में नागरिक अस्पताल डबवाली में विद्युत सब स्टेशन का अपग्रेडेशन (वैद्युत उपकरणों का प्रावधान केवल)। | 13.05.2026 19.05.2026 | 6.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में गोरछी से बरवा रोड आरडी 0.00 से 8.080 तक (रोड आईडी 11567) रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (एस/डिवी. डीएचबीवीएन सिवानी के तहत एचटी/एलटी लाइन्स की शिफ्टिंग का प्रावधान) + 1 कार्य। | 13.05.2026 22.05.2026 | 67.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, पंचकूला | सिंचाई विभाग के यांत्रिकी मंडल फरीदाबाद हेतु मौजूदा मैनुअल हॉट से ईओटी (इलैक्ट्रिक ऑपरेटेड ट्रैवलिंग क्रेन) के कनवर्जन द्वारा 5 टन क्षमता के 02 अदद 06 डायरेक्शनल ईओटी क्रेन अनुमोदित मेक की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन। | 14.05.2026 28.05.2026 | 14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2582542 xenproc@gmail.com |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, पंचकूला | वर्कशॉप डिवीजन, चरखी दादरी से सम्बन्धित वैद्युत मदों की आपूर्ति। | 14.05.2026 28.05.2026 | 49.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1272582542 xenproc@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव बिजना झोझू कलां में परशुराम भवन का निर्माण + 3 कार्य। | 11.05.2026 18.05.2026 | 129.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 6 | सिविल सर्जन कैथल | रिफ्रेशमेंट और लंच। | 15.05.2026 21.05.2026 | ईएमडी 10000 | https://etenders.hry.nic.in | 7988672699 drugstorektl@gmail.com |
| 7 | सिविल सर्जन फरीदाबाद | डीएचएफडब्ल्यूएस फरीदाबाद के लिए पीएमएसएमए डाइट की आपूर्ति। | 15.05.2026 29.05.2026 | 18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9990443268 damfaridabad@gmail.com |
| 8 | सिविल सर्जन फरीदाबाद | शहरी क्षेत्र टीकाकरण कार्यक्रम के लिए ई-रिक्शा को किराये पर लेना। | 18.05.2026 01.06.2026 | 90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9990443268 damfaridabad@gmail.com |
| 9 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | कालांवाली कस्बा :-डीजल की लागत, चालक और मशीन ऑपरेट करने के लिए 2 अदद हैल्पर्स समेत 4500 लीटर से अधिक सक्शन टैंक की क्षमता वाले जेट्टिंग-कम-सक्शन मशीन के उपयोग द्वारा कालांवाली की संकरी गलियों में मैनहोल चेम्बर्स की गाद निकालने और सभी प्रकार से पूर्ण, नगरपालिका सीमाओं के बाहर खुदाई किया गया मलबा/गाद का निपटान हेतु डीएनआईटी। | 13.05.2026 21.05.2026 | 4.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 10 | नागरिक उड्डयन विभाग हरियाणा | एक नये ट्विन इंजन स्टेट वीआईपी हेलीकॉप्टर, वीटी-एचआरवाई के व्यापक बीमा का नवीनीकरण। | 12.05.2026 01.06.2026 | | www.haraviation.gov.in | 1722709386 cavation@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2027/200/45195/I/88/7 दि. 14.05.26

उत्तराखण्ड शासन | देवभूमि रजत उत्सव



# विकसित भारत सशक्त उत्तराखण्ड

HOUSE OF HIMALAYAS



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में हम अपने राज्य की प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अपार संभावनाओं का लाभ उठाते हुए समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम उत्तराखण्ड को प्रगति का एक ऐसा मॉडल बनाना चाहते हैं, जहां व्यक्ति राज्य की समृद्धि व कल्याण में अपना अपार योगदान दे सकता है।

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

हमें स्वदेशी को अपना स्वाभिमान बनाना है। इसे अपनाना केवल सामान खरीदने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे गर्व के साथ बढ़ावा देना हर नागरिक का कर्तव्य है। इससे स्थानीय उद्योग सशक्त होंगे, रोजगार बढ़ेंगे और देश की आर्थिक तरक्की में मदद मिलेगी। त्योहारों के अवसर पर देश के प्रत्येक नागरिक स्वदेशी सामान खरीदें। यह छोटा कदम देश की बड़ी प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है और इसे अपनाना हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

# उत्तराखण्ड के जैविक उत्पाद अब दुनिया की पहली पसंद

## हाउस ऑफ हिमालयाज से मिला स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार पहाड़ी क्षेत्रों के उन्नत उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। साथ ही, उनके विपणन के लिए कई पहल भी शुरु की गई है। 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की शुरुआत इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अंतर्गत उत्तराखण्ड के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को देश और दुनिया के बाजारों के अनुरूप तैयार किया गया है। ये उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्र के उत्पादों का एक प्रमुख ब्रांड बनकर उभरे हैं।**

उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अन्य करोड़ों की परियोजनाओं के साथ 'हाउस ऑफ हिमालयाज' नामक 'अंब्रेला ब्रांड' का शुभारंभ किया था। जिसके तहत, अब समूहों द्वारा तैयार किए जाने वाले उत्पाद 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से बाजार में उपलब्ध हैं। इन उत्पादों की क्वालिटी एवं पैकिंग आदि पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों को विदेशी बाजारों तक ले जाने का एक अभिनव प्रयास है। देवभूमि उत्तराखण्ड के उत्पाद स्वाद और सेहत जैसे कई प्राकृतिक गुणों से भरपूर हैं। कुछ समय पहले तक हिमालय की गोद से निकलने वाले ये उत्पाद हिमाद्री, हिलांस और ग्राम्य-श्री जैसे नामों से बाजार में जाने जाते थे। लेकिन, अब ये दमदार उत्पाद 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से जाने-पहचाने जाते हैं। यानी उत्तराखण्ड के महिला समूहों द्वारा तैयार अलग-अलग उत्पाद अब 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से दुनियाभर में अपना कमाल दिखा रहे हैं। हाउस ऑफ हिमालयाज, उत्तराखण्ड के उत्पादों को वोकल फॉर लोकल से लोकल टू ग्लोबल बनने में मदद करेगा।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में** उत्तराखण्ड सरकार पहाड़ी क्षेत्रों के उन्नत उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। साथ ही, उनके विपणन के लिए कई पहल भी शुरु की गई है। 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की शुरुआत इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अंतर्गत उत्तराखण्ड के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को देश और दुनिया के बाजारों के अनुरूप तैयार किया गया है। ये उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्र के उत्पादों का एक प्रमुख ब्रांड बनकर उभरे हैं।

**बेहतर गुणवत्ता :** हाउस ऑफ हिमालयाज के उत्पाद बेहद खास हैं, जो अपनी बेजोड़ गुणवत्ता और बेहतर कारीगरी के लिए जाने जाते हैं। यह बातें उन्हें बड़े पैमाने पर उत्पादन होने वाले दूसरे उत्पादों से विशिष्ट बनाती हैं।

## हाउस ऑफ हिमालयाज इसलिए है खास

**प्रामाणिकता का आश्वासन:** पारंपरिक तरीकों और प्रामाणिक अनुभवों को केंद्र में रखते हुए इस पहल के अंतर्गत बनाए जा रहे उत्पाद उच्च गुणवत्ता मानकों पर खरे उतरने के बाद ही ग्राहकों तक भेजे जाते हैं। इन उत्पादों की उच्च गुणवत्ता की पुष्टि करने के लिए इन्हें सर्टिफिकेट भी दिया जाता है।

**सामुदायिक प्रतिबद्धता:** हाउस ऑफ हिमालयाज को चुनने का मतलब है, सार्थक सामाजिक पहलों के माध्यम से स्थानीय समुदायों का समर्थन करना। इसके हर उत्पाद की खरीद के साथ आप सामाजिक रूप से योगदान दे सकते हैं।

**ओपन सोर्सिंग:** इस पहल के अंतर्गत सामग्री और उत्पादन प्रक्रियाओं को चुनते समय पूर्ण पारदर्शिता को प्राथमिकता दी जाती है, ताकि उपभोक्ता का भरोसा बनाए रखा जा सके।

**नैतिकता को प्राथमिकता:** स्थायी सोर्सिंग और बेहतर उत्पादन के तरीके अपनाने के साथ यह ब्रांड उन तरीकों को अपनाता है, जिसकी नैतिक तौर पर सराहना की जाती है।

**बेहतर ब्रांड अनुभव:** उत्पाद की पूरी जानकारी, छोटी से छोटी बारीकी का ध्यान और बेहतर उत्पाद को शामिल करके यह ब्रांड ग्राहकों को एक बेहतर अनुभव प्रदान करता है, जो हर उपभोक्ता के लिए यादगार अनुभव साबित होता है।



ODTP
ONE DISTRICT TWO PRODUCTS
UTTARAKHAND

## एक जिला-दो उत्पाद योजना के साथ दुनिया को लुभा रहे उत्तराखण्ड के उत्पाद

| जिला | उत्पाद-1 | उत्पाद-2 |
|---|---|---|
| अल्मोड़ा | बाल मिठाई | ट्वीड |
| बागेश्वर | ताम्र शिल्प उत्पाद | कीवी के उत्पाद |
| चमोली | गुलाब जल | हथकरघा के उत्पाद |
| हरिद्वार | शहद | जैगरी |
| चम्पावत | शहद | लोहे के उत्पाद |
| देहरादून | बेकरी उत्पाद | मशरूम के उत्पाद |
| रुद्रप्रयाग | चौलाई के उत्पाद | मंदिर अनुकृति हस्तशिल्प |
| नैनीताल | ऐपण हस्तशिल्प | फल प्रसंस्करण |
| पौड़ी | हर्बल मेडिसिन | लकड़ी शिल्प |
| ऊधम सिंह नगर | मैंथा ऑयल | मूंज ग्रास उत्पाद |
| उत्तरकाशी | सेब के उत्पाद | लाल चावल |
| पिथौरागढ़ | मुन्स्यारी राजमा | ऊनी कालीन |
| टिहरी | पनीर | टिहरी नथ |

## लोकल से ग्लोबल की ओर उत्तराखण्ड के शिल्प और जैविक उत्पाद

### पर्यटक अपने यात्रा व्यय का 5% स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें: प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए वोकल फॉर लोकल की बात कही है। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिए जाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट' की शुरूआत की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार ने इस योजना को 'वन डिस्ट्रिक्ट-टू प्रोडक्ट' के रूप में आगे बढ़ाया है। बदरीनाथ धाम के निकट माणा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से अपील की थी कि कहीं भी घूमने जाएं तो अपने यात्रा व्यय का 5 प्रतिशत स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें। इससे स्थानीय आर्थिकी में जबरदस्त परिवर्तन देखने को मिलेगा। किसी भी क्षेत्र की पहचान उनकी भाषा-बोली एवं स्थानीय उत्पादों से होती है, इनको बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किये जाने चाहिए।



## देवभूमि के पारंपरिक उत्पाद विशिष्ट जीआई टैग से सम्मानित

### उत्तराखण्ड का भोटिया दन



यह उत्तराखण्ड में भोटिया समुदाय द्वारा बनाया गया एक पारंपरिक हाथ से बुना हुआ कालीन है। ये कालीन अपनी गर्माहट, टिकाऊपन और जटिल डिजाइन के लिए जाने जाते हैं।

### उत्तराखण्ड थुलमा



थुलमा कंबल उत्तराखण्ड में भोटिया समुदाय द्वारा भेड़ या याक के ऊन का उपयोग करके हाथ से बुना जाता है। ये कंबल अपनी गर्माहट, टिकाऊपन के लिए जाने जाते हैं।

### जियोग्राफिकल इंडिकेशन (जीआई) शिल्प उत्पाद

भौगोलिक संकेत (जीआई) उन उत्पादों पर प्रयुक्त किया जाने वाला चिन्ह है, जिनकी एक विशिष्ट भौगोलिक उत्पत्ति होती है तथा उनमें उस उत्पत्ति के कारण गुण या प्रतिष्ठा होती है। दूसरे शब्दों में, यह एक प्रमाणीकरण है, जो किसी उत्पाद को किसी विशेष क्षेत्र से उत्पन्न होने की पहचान कराता है, जहां उत्पाद की दी गई गुणवत्ता, प्रतिष्ठा या अन्य विशेषता अनिवार्य रूप से उसके भौगोलिक उत्पत्ति के कारण होती है।

उत्तराखण्ड के निम्नलिखित शिल्प उत्पादों को भारत सरकार के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क महानियंत्रक कार्यालय द्वारा जीआई टैग प्रदान किया गया है

### उत्तराखण्ड बिछुआ बूटी



बिछुआ फाइबर का उपयोग कपड़े, बैग और रस्सियों सहित कई उत्पादों को बनाने के लिए किया जाता है। इसके फाइबर को इसकी मजबूती और पर्यावरण-मित्रता के लिए महत्व दिया जाता है।

### उत्तराखण्ड लिखाई (लकड़ी की नक्काशी)



उत्तराखण्ड अपनी बेहतरीन लकड़ी की नक्काशी के लिए प्रसिद्ध है, कुशल कारीगर लकड़ी को जटिल तरीके से तराश कर सुंदर डिज़ाइन और रूपांकन बनाते हैं।

### नैनीताल मोमबत्तियां (मोमबत्ती)



उत्तराखण्ड अपनी कलात्मक मोमबत्तियों के लिए जाना जाता है, ये मोमबत्तियां अक्सर क्षेत्र के सांस्कृतिक रूपांकनों और प्रतीकों को दर्शाती हैं।

### उत्तराखण्ड रिंगाल शिल्प



रिंगाल उत्पाद एक प्रकार की स्थानीय घास से तैयार किए जाते हैं। कारीगर इसकी मजबूती और लचीलेपन के कारण चटाई, टोकरी और रस्सी जैसी वस्तुएं बनाने के लिए इसका उपयोग करते हैं।

### कुमाऊं की रंगवाली पिछौड़ा



रंगवाली पिछौड़ा एक पारंपरिक शिल्प है, जिसमें रंगीन हाथ से छपी/हाथ से बुनी हुई सूती/रेशमी/ऊनी शॉलें बनाई जाती हैं। डिज़ाइन और पैटर्न कुमाऊं क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हैं।

### उत्तराखण्ड ऐपण



ऐपण एक पारंपरिक लोककला है, जिसे चावल के पेस्ट या चाक का उपयोग करके तैयार किया जाता है। धार्मिक और सांस्कृतिक समारोहों के दौरान यह लोककला फर्श, दीवारों या आंगनों पर देखा जाता है।

### चमोली लकड़ी का रावण मुखौटा



रावण मुखौटे लकड़ी से उकेरे जाते हैं और पारंपरिक लोक नृत्यों और सांस्कृतिक प्रदर्शनों में उपयोग किए जाते हैं।

### उत्तराखण्ड तमता उत्पाद



उत्तराखण्ड के कारीगर तांबे का उपयोग करके बर्तन, सजावटी सामान और धार्मिक कलाकृतियां जैसी विभिन्न वस्तुएं बनाते हैं।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

## खबर संक्षेप

### 37.75 लाख रुपए की ठगी, 3 गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** साइबर अपराध में संलिप्त अपराधियों पर कार्रवाई करते हुए साइबर थाना एनआईटी की टीम ने आईपीओ में निवेश के नाम पर 37.75 लाख की ठगी के मामले में धीरेन्द्र नागेश निवासी सुंदर नगर, रायपुर, तुषार व यश कुमार निवासी महात्मा गांधी नगर रायपुर छतीशगढ को 13 मई को रायपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार ग्रीन फील्ड कॉलोनी फरीदाबाद वासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसे व्हाट्सएप के माध्यम से ग्रुप से जोडा गया, जिसके बाद ठगों ने फोन कॉल के माध्यम से उससे सम्पर्क किया। जिन्होंने उसे स्टॉक में निवेश कर दैनिक लाभ का वादा किया और फिर एक इंटरनेशनल ट्रेडिंग अकाउंट खुलवाया। जिसमें शिकायतकर्ता से आईपीओ में निवेश के लिए 37.75 लाख रुपए विभिन्न खाता में डलवा लिये और कुछ दिन में ही ट्रैडिंग अकांउट पर अच्छे रिटर्न दिखाने लगे।



### 3 वाहन चोर गैंग का भंडाफोड़ , 6 सदस्य गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिये बड़ी कार्रवाई करते हुए 3 अलग-अलग वाहन चोर गैंग का पर्दाफाश करते हुये 9 चोरी की बाइक बरामद की हैं। क्राइम ब्रांच एवीटीएस-2 भूपानी की टीम ने कार्रवाई करते हुए हाकम गैंग के 3 सदस्य हाकम, शोयब तथा सोहिल निवासी गांव लहरवाड़ी जिला नूंह को गिरफ्तार किया। जिनसे 5 सप्लेंडर बाइक एवं 1 टीवीएस स्पोर्ट बाइक बरामद की गई। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी फरीदाबाद के विभिन्न क्षेत्रों से बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। दूसरी वाहन चोर गैंग के सदस्य डेविड उर्फ शिवा वासी मदनगीर नई दिल्ली को 12 मई को गिरफ्तार किया।

## अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से पहले करें जांच

# कॉलोनियों के प्रचार पर सख्त कार्रवाई, दोषियों पर होगी एफआईआर, अवैध कॉलोनियों में तोड़फोड़ अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला नगर योजनाकार ने बताया कि हरियाणा के किसी भी शहर में कॉलोनी विकसित करने से पूर्व निदेशक, नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग, हरियाणा, चंडीगढ़ से विधिवत अनुमति लेना अनिवार्य है। विभाग के संज्ञान में आया है कि कुछ भू-मालिक, प्रॉपर्टी डीलर एवं अन्य व्यक्ति सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि के माध्यम से बिना सरकारी अनुमति विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं तथा लोगों को गुमराह कर प्लॉट बेचने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा अवैध कॉलोनियां विकसित करने वालों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। अवैध कॉलोनियों में तोड़फोड़ अभियान चलाया जा रहा है तथा संबंधित भू-मालिकों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज करवाई जा रही हैं। भविष्य में भी नियमों के अनुसार कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

जिला नगर योजनाकार प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि अवैध कॉलोनियों का प्रचार.प्रसार एवं विज्ञापन करना भी शहरी क्षेत्र अधिनियम, 1975 का उल्लंघन है, जिसके तहत तीन वर्ष तक के कारावास एवं जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी प्रकार के बहकावे में आकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट या संपत्ति की खरीद न करें और न ही किसी प्रकार का निर्माण कार्य करवाएं, क्योंकि विभाग द्वारा ऐसे अवैध निर्माणों को रजिस्ट्री अथवा एग्रीमेंट होने के बावजूद भी नियमानुसार ध्वस्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों के विकास, प्रचार-प्रसार एवं विज्ञापन में संलिप्त भू.मालिकों, प्रॉपर्टी डीलरों एवं अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध शहरी क्षेत्र अधिनियम, 1975 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी, जिसमें एफआईआर दर्ज करवाना भी शामिल है।

### 50 लाख रुपये से अधिक बकाया प्रॉपर्टी टैक्स धारकों के विरुद्ध कार्रवाई तेज, 82 को नोटिस जारी: सलोनी शर्मा

**फरीदाबाद।** निगम आयुक्त धीरेंद्र खडगटा के दिशा-निर्देशों पर नगर निगम द्वारा 50 लाख रुपए से अधिक बकाया प्रॉपर्टी टैक्स धारकों के विरुद्ध कार्रवाई तेज कर दी गई है। 13 मई तक ऐसे बकायादारों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। निगम के रिकॉर्ड के अनुसार लगभग 82 प्रॉपर्टी धारकों पर 50 लाख रुपये से अधिक का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। निगम की एडिशनल कमिश्नर सलोनी शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि ननि हमेशा नागरिकों की सुविधाओं और शहर के विकास कार्यों को बेहतर




बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से प्रॉपर्टी टैक्स की वसूली को लेकर सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। 13 मई तक 82 बकायादारों को नोटिस जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिन प्रॉपर्टी मालिकों पर प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है, वे जल्द से जल्द अपना बकाया टैक्स जमा करवाएं, नगर निगम द्वारा नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई, जैसे सीलिंग या अन्य दंडात्मक कार्रवाई, अमल में लाई जा सकती है।

## सायरन बजते ही सक्रिय हुईं रेस्क्यू टीमें, ओल्ड अंडरपास में हुआ बाढ़ मॉक ड्रिल

# मानसून से पूर्व प्रशासन की बड़ी तैयारी: ओल्ड अंडरपास में जिला स्तरीय बाढ़ मॉक ड्रिल का सफल आयोजन

नाव, रस्सियों और आधुनिक उपकरणों के साथ रेस्क्यू टीमों ने किया अभ्यास, आपदा से निपटने के लिए फरीदाबाद तैयार, मॉक ड्रिल में दिखी तालमेल और मुस्तैदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद




जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ संभावित शहरी क्षेत्र ओल्ड अंडरपास में जिला स्तरीय बाढ़ मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य संभावित बाढ़ अथवा जलभराव जैसी आपात परिस्थितियों में विभिन्न विभागों एवं राहत एजेंसियों की तत्परता, समन्वय क्षमता तथा बचाव कार्यों की तैयारियों का आकलन करना था, ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में जनहानि और संपत्ति के नुकसान को न्यूनतम किया जा सके।

मॉक ड्रिल का शुभारंभ सुबह ठीक 9 बजे साइरन बजने के साथ किया गया। इसके बाद सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर से विभिन्न रेस्क्यू एवं राहत टीमें अपने-अपने निर्धारित स्थलों के लिए रवाना हुईं। इस दौरान एसडीआरएफ, एम्बुलेंस सेवा, फायर ब्रिगेड, सिविल डिफेंस, रेडक्रॉस, नेवी, एनसीसी बॉयज एवं गर्ल्स कैडेट सहित अन्य संबंधित विभागों एवं एजेंसियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। मॉक अभ्यास के दौरान राहत एवं बचाव दलों ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने, प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने तथा आवश्यक संसाधनों की त्वरित आपूर्ति सुनिश्चित करने का अभ्यास किया। अभ्यास के दौरान यह दर्शाया गया कि किसी भी आपात स्थिति में किस प्रकार विभिन्न विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए सीमित समय में राहत कार्यों को प्रभावी ढंग से अंजाम दे सकते हैं। रेस्क्यू टीमों ने नावों, रस्सियों तथा अन्य आधुनिक उपकरणों की सहायता से लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने घायलों को प्राथमिक उपचार देने तथा उन्हें एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाने की कार्यवाही का अभ्यास किया। फायर ब्रिगेड और सिविल डिफेंस की टीमों ने भी आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं का प्रदर्शन करते हुए अपनी तत्परता दिखाई। जिला स्तरीय बाढ़ मॉक ड्रिल में विभिन्न विभागों एवं एजेंसियों के कई अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। मॉक अभ्यास में 100 पुलिस कर्मी, गुरुग्राम के भौंडसी स्थित एसडीआरएफ यूनिट के 40 जवान, 25 होम गार्ड, 10 सिविल डिफेंस कर्मी, 10 आपदा मित्र, 30 रेडक्रॉस स्वयंसेवक, 10 स्वास्थ्य कर्मी तथा 50 एनसीसी कैडेट्स शामिल रहे। इसके अतिरिक्त 2 फायर ब्रिगेड वाहन, 3 एम्बुलेंस, डीएचबीवीएन के 5 अधिकारी, कर्मचारी, डीएफएससी विभाग के 5 प्रतिनिधि, हरियाणा रोडवेज की 4 बसें, सिंचाई विभाग के 5 अधिकारी, एमसीएफ के 10 कर्मचारी, डीआईपीआरओ विभाग के 6 सदस्य तथा एनआईसी टीम के 10 सदस्यों ने भी मॉक ड्रिल में भाग लेते हुए आपदा प्रबंधन एवं राहत कार्यों की तैयारियों का प्रदर्शन किया। डीसी आयुष सिन्हा ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक वर्ष इस प्रकार की मॉक ड्रिल एवं आपदा प्रबंधन अभ्यास आयोजित किए जाते हैं, ताकि किसी भी संभावित आपदा से निपटने के लिए सभी विभागों की तैयारियों का समय-समय पर आकलन किया जा सके। इस तरह के अभ्यासों का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करनाए संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा राहत एवं बचाव कार्यों में आने वाली कमियों की पहचान कर उन्हें समय रहते दूर करना है। डीसी आयुष सिन्हा ने कहा कि आपदा प्रबंधन में रिस्पॉन्स टाइम अर्थात प्रतिक्रिया समय सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। किसी भी आपात स्थिति में जितनी तेजी से राहत एवं बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचकर कार्य शुरू करते हैंए उतना ही जनहानि और नुकसान को कम किया जा सकता है। आज आयोजित जिला स्तरीय बाढ़ मॉक ड्रिल के दौरान सभी विभागों ने आपसी समन्वयए तत्परता और अनुशासन के साथ कार्य किया।

## पति पर सैलरी रखने व मारपीट का आरोप

# कंपनी की महिला अधिकारी ने वर्ल्ड मार्क मॉल की 5वीं मंजिल से कूदकर की खुदकुशी

धर्मेंद्र कौशिक ▶▶ गुरुग्राम



सेक्टर-65 स्थित वर्ल्ड मार्क मॉल की पांचवीं मंजिल से एक विवाहिता ने कूदकर आत्महत्या कर ली। विवाहिता आदित्य बिरला कंपनी में सीनियर अकाउंट एक्जिक्यूटिव के पद पर कार्यरत थी। सेक्टर-65 थाना पुलिस, एफएसएल, फिंगरप्रिंट और सीन ऑफ क्राइम टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। महिला के परिजनों ने ससुराल जनों पर प्रताडऩा का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस ने केस दर्ज कर लिया और कुछ ही घंटों के दरमियान आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी अनुसार, यूपी के देहरादून निवासी 32 वर्षीय जागृति बारी सिंघल गुडग़ांव में वर्ल्ड मार्क मॉल की पांचवीं मंजिल पर स्थित आदित्य बिरला कंपनी में नौकरी करती थी। जागृति ने 22 नवंबर 2023 को मेरठ सराफा बाजार निवासी सीए अमित सिंघल से शादी की थी। शादी के बाद से वह रोजाना मेरठ से गुरुग्राम आकर ड्यूटी करती थी। जागृति के भाई हार्दिक बारी ने बताया कि दोनों की मुलाकात कॉमन फ्रेंड के जरिए हुई थी। अलग-अलग जाति से होने के बावजूद परिवारों की सहमति से शादी हुई थी। भाई हार्दिक का आरोप है कि जागृति की पूरी सैलरी उसका पति अमित अपने पास रख लेता था और खर्च के लिए पर्याप्त रुपये भी नहीं देता था। मां शालू ने बताया कि शादी के बाद से ससुराल वाले बेटी को परेशान करते थे। रोज मेरठ से गुरुग्राम आने-जाने से वह मानसिक व शारीरिक परेशानी झेल रही थी। घरेलू कलह व प्रताडऩा से तंग आकर जागृति ने बुधवार की दोपहर पांचवीं मंजिल से कूदकर खुदकुशी कर ली। जिसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर लिया और आरोपी पति अमित सिंघल को गिरफ्तार कर लिया। मामले में सेक्टर-65 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रामबीर ने बताया कि बृहस्पतिवार को पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

**परिजनों ने पति-ससुराल पर लगाया प्रताड़ना का आरोप**

## अपराध शाखा सेक्टर-30 की टीम ने 5 को किया गिरफ्तार

# 11 मई को सांई कॉलोनी में युवक को मारा था सूआ, इलाज के दौरान मृत्यु, हत्या की धारा जोड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



बीते 11 मई को सांई कॉलोनीए मवई निवासी विरेश उर्फ नन्हे के साथ मारपीट कर, उस पर सूआ से हमला किया गया था। घटनाक्रम के संबंध में भाई मुकेश ने 12 मई को थाना खेडीपुल में दी अपनी शिकायत में बताया कि 11 मई को जब वह अपने भाई विरेश व अन्य के साथ अपने घर के बाहर गली में खडा था तभी वहां पर एक गाडी आई जिसमें से पांच लोग अमित उर्फ मोटा, शिवम, अमित, अभिषेक व प्रवीन उतरे और उन्होंने उसके भाई विरेश पर लाडी डंडों से हमला कर दिया। प्रवीन ने विरेश पर सूआ से वार किया और घटना को अंजाम देकर आरोपी मौका से फरार हो गए। शिकायत पर थाना खेडीपुल में मामला दर्ज किया गया था। एसीपी क्राईम वरुण कुमार दहिया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी है कि 13 मई को सफदरजंग अस्पताल में ईलाज के दौरान विरेश की मृत्यु हो गई थी। अभियोग में धारा हत्या की जोडी गई। 30 की टीम ने 12 मई को सूआ मारने वाले प्रवीन को गिरफ्तार कर 4 दिन पुलिस रिमांड पर लिया हुआ है।

## अपराधी पूर्व में आधा दर्जन केसों में संलिप्त

# चलती ट्रेन पर पाइप फेंकने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



बीती 1 मई को दिल्ली से झांसी तक चलने वाली ट्रेन ताज एक्सप्रेस पर सुबह करीब 8 बजे होडल के आसपास पहुंची तो किसी शरारती व्यक्ति ने तेज गति से जा रही ट्रेन पर एक पाइप फेंका। पाइप शीशा तोड़ कर अंदर चला गया और एक सवारी को गंभीर चोट आई।

जब ट्रेन मथुरा रुकी तो घायल को प्राथमिक चिकित्सा दी गई और उनके कथन के आधार पर मथुरा में जीरो एफआईआर दर्ज करके जीआरपी फरीदाबाद भेजी गई गहन जांच के बाद एक व्यक्ति पर शक हुआ और उसकी तलाश की गई। जिसका नाम पंकज पुत्र स्वर्गीय सुनील निवासी बेढा पट्टी होडल है को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ पर इसने अपना जुर्म कबूल किया है। अपराधिक रिकॉर्ड निकालने पर ज्ञात हुआ है कि यह पहले आधा दर्जन से अधिक मामलों में गिरफ्तार हो चुका है जिसमें पुलिस हिरासत से भागना, नाबालिक लड़की को लेकर भागना तथा शस्त्र अधिनियम जैसे गंभीर मामले हैं। इसे आज इलाका मजिस्ट्रेट के सम्मुख पेश किया जाएगा।

## विद्यालय को गर्व से भर दिया

# 12वीं परीक्षा परिणाम: सलवान पब्लिक स्कूल की छात्रा मुस्कान बनी गुरुग्राम टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



सेक्टर 15 पार्ट 2 स्थित सलवान पब्लिक स्कूल की 12वीं का परीक्षा परिणाम गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शत-प्रतिशत रहा। छात्रों ने न केवल शैक्षणिक गुणवत्ता को बनाए रखा, अपितु कई छात्रों ने शानदार उपलब्धियाँ हासिल कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कार्यवाहक प्रधानाचार्या डॉ. सुनीता जाखड़ का कहना है कि विज्ञान विषय संयोजन (मेडिकल) की छात्रा मुस्कान ने 99.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सिटी टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि ने पूरे विद्यालय को गर्व से भर दिया है। यह सफलता आने वाले छात्रों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। विज्ञान (नॉन-मेडिकल) में महिका जैन ने 99 प्रतिशत, मानविकी में वैभव गुप्ता ने 98.6 प्रतिशत व वाणिज्य में गौरिका भटनागर ने 98 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। उनका कहना है कि विद्यालय का समग्र परिणाम 88.5 प्रतिशत रहा, जबकि लगभग 41.67 प्रतिशत छात्रों ने 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए। छात्रों ने विभिन्न विषयों में कुल 35 पूर्णांक यानि कि शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्टता का परिचय दिया। इसके अतिरिक्त, 19 छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 15 छात्रों ने 96 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है।

## गाजियाबाद के विकास को लगेंगे पंख

# जीडीए बोर्ड बैठक में एरोसिटी, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, हरनंदीपुरम आवासीय योजना एवं आधुनिक शहरी विकास से जुड़े प्रस्ताव स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

जीडीए बोर्ड बैठक में गुरुवार को एरोसिटी, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, हरनंदीपुरम आवासीय योजना एवं आधुनिक शहरी विकास से जुड़े प्रस्ताव मंथन के बाद स्वीकृत कर दिए गए। बैठक की अध्यक्षता प्राधिकरण बोर्ड के अध्यक्ष तथा मेरठ मण्डल के आयुक्त महोदय भानु चंद्र गोस्वामी ने की। बैठक मे प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नन्द किशोर कलाल ,नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक, जीडीए के वित्त नियंत्रक ए. के.वाजपेई, सचिव विवेक कुमार मिश्रा के साथ- साथ बोर्ड के सदस्य पवन गोयल व श केशव त्यागी व अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में शहर के समग्र एवं दीर्घकालिक विकास से जुड़े 13 महत्वपूर्ण एजेंडों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया तथा सभी प्रमुख प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में अग्नि सुरक्षा सुदृढ़ीकरण, एरोसिटी परियोजना, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, हरनंदीपुरम आवासीय योजना, हाईटेक एवं इंटीग्रेटेड टाउनशिप परियोजनाओं की प्रगति, भू-उपयोग परिवर्तन, समूह आवास विकास, मॉडल जोनिंग रेगुलेशन्स-2025 तथा आधुनिक शहरी आधारभूत संरचना से जुड़े अनेक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक का सबसे महत्वपूर्ण एवं दूरगामी प्रभाव वाला प्रस्ताव राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र के निकट विकसित की जाने वाली "एरोसिटी" एवं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम परियोजना रही। बोर्ड द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुसार ग्राम मोरटा, अटौर एवं मेवला अगरी क्षेत्र की लगभग 200.2515 हेक्टेयर भूमि पर एरोसिटी एवं सुनियोजित शहरी विकास परियोजना विकसित किए जाने को स्वीकृति प्रदान की गई। को अनुमोदित करते हुए आवश्यक वित्तीय एवं प्रशासनिक कार्यवाही आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया। प्राधिकरण द्वारा स्पष्ट किया गया कि किसानों एवं स्थानीय हितों का संरक्षण सुनिश्चित करते हुए परियोजना को पारदर्शी एवं योजनाबद्ध तरीके से विकसित किया जाएगा। प्रस्तावित एरोसिटी परियोजना को गाजियाबाद के भविष्य की "गेम चेंजर" परियोजना के रूप में देखा जा रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत आधुनिक आवासीय सेक्टर, कॉर्पोरेट एवं कमर्शियल हब, होटल, कन्वेंशन सेंटर, विश्वस्तरीय सड़क नेटवर्क, स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर, मनोरंजन क्षेत्र एवं अत्याधुनिक नागरिक सुविधाओं का विकास प्रस्तावित है। इससे बड़े स्तर पर निवेश, रोजगार सृजन एवं आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलने की संभावना है।

परियोजना हेतु भूमि अधिग्रहण के लिए लगभग 2813 करोड़ के वित्तीय अनुमोदन को भी बोर्ड द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) एवं जीडीए के मध्य संयुक्त उपक्रम मॉडल के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम विकसित किए जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। परियोजना में दोनों संस्थाओं की सहभागिता के आधार पर खेल अवसंरचना, भूमि विकास एवं आधुनिक स्पोर्ट्स सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि यह परियोजना केवल क्रिकेट स्टेडियम तक सीमित नहीं रहेगी।

### आपसी सहमति से भूमि क्रय अधिनियम के माध्यम से भूमि अर्जन

परियोजना में प्राधिकरण एवं यूपीसीएकी *50-50 प्रतिशत भागीदारी* (भूमि, निर्माण एवं संचालन) निर्धारित किए जाने संबंधी प्रस्ताव को भी बोर्ड द्वारा स्वीकृति दी गई। साथ ही शासनादेशों एवं वित्तीय प्रक्रियाओं का अनुपालन करते हुए प्रस्ताव शासन को प्रेषित किए जाने हेतु जीडीएको अधिकृत किया गया। बैठक में *हरनंदीपुरम आवासीय योजना* " के द्वितीय चरण को गति देने हेतु भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बोर्ड द्वारा ग्राम भावापुर, मोरटा एवं शाहपुर निज-मोरटा की कुल 125.2874 हेक्टेयर भूमि आपसी सहमति के आधार पर क्रय किए जाने हेतु लगभग 2179.50 करोड़ रुपये की धनराशि के वित्तीय अनुमोदन को स्वीकृति प्रदान की गई।

## 100 दिवसीय अभियान का शुभारंभ

# स्वास्थ्य विभाग ने टीबी पहचान कैंप लगाए

**उद्देश्य समुदाय स्तर पर टीबी सेवाओं की पहुंच बढ़ाना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



स्वास्थ्य विभाग द्वारा 100 दिवसीय अभियान का शुभारंभ किया गया। टीबी कार्यालय फरीदाबाद का उद्देश्य समुदाय स्तर पर टीबी सेवाओं की पहुंच बढ़ाना, रोग की शीघ्र पहचान करके उनका जल्दी से जल्दी ईलाज शुरू करवाना तथा सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूक करना। उसी अभियान के तहत आज सेक्टर-3 छत्तीस गज और गांव वलीपुर, मोहना में कैंप लगाया है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग से डॉ आकाश, डॉक्टर प्रमोद, डॉ गायत्री, सुभाष गहलोत, वीरेंद्र, इंदुबाला, आशा अनीता, दुर्गेश, प्रेम कला, ईश्वर, मोहम्मद अनीश आदि मौजूद रहे। स्वास्थ्य टीमें गांव-गांव एवं वार्ड-वार्ड जाकर स्क्रीनिंग, जागरूकता एवं परामर्श सेवाएं प्रदान करती है। इसके अंतर्गत टीबी के लिए छाती का एक्स-रे, बलगम की जांच, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, महिला स्वास्थ्य, पोषण तथा संक्रामक रोगों की पहचान और रोकथाम पर विशेष जोर दिया जाता है। डॉ हरजिंदर सिंह ने बताया कि इस तरह के समयबद्ध अभियानों से आमजन में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है और रोगों का समय रहते निदान संभव होता है। डी आर टीबी एचआईवी कोऑर्डिनेटर सुभाष गहलोत ने आम नागरिकों से अपील की कि वे आने वाले 100 दिनों में आयोजित शिविरों एवं गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लें और स्वस्थ समाज के निर्माण में सहयोग दें।

## खबर संक्षेप

### सरकारी कर्मचारियों के लिए सेंट्रल विस्टा में हाइड्रोजन-संचालित शटल बस सेवा शुरू

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वैश्विक संकट के बीच ईंधन बचाने, विदेशी मुद्रा की बचत के लिए लोगों से मेट्रो और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने के आह्वान पर अमल करते हुए दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) आज से एक नई शुरूआत कर रही। जिसके तहत आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय तथा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सहयोग से आज 15 मई शुक्रवार से सेंट्रल विस्टा क्षेत्र में हाइड्रोजन-पावर्ड शटल बस सेवा शुरू की जा रही है। डीएमआरसी द्वारा दी गई जानकारी अनुसार इस पहल का उद्देश्य सेंट्रल सेक्रेटेरिएट और सेवा तीर्थ मेट्रो स्टेशनों तथा सेंट्रल विस्टा क्षेत्र में स्थित प्रमुख सरकारी कार्यालयों के बीच निर्बाध लास्ट-माइल कनेक्टिविटी प्रदान करना है।

### पार्टी बैठकों को भी ऑनलाइन आयोजित किया जाएगा: सचदेवा

**नई दिल्ली।** भाजपा के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी प्रधानमंत्री और दिल्ली सरकार की अपील का पालन करते हुए अपने पेट्रोल-डीजल खर्च में कटौती करेंगे। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ईंधन बचत को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली भाजपा की पार्टी बैठकों को भी ऑनलाइन आयोजित किया जाएगा। सचदेवा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विदेशी मुद्रा बचत के लिए पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने और विदेश यात्राओं से बचने की अपील का समर्थन किया है। उन्होंने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा सरकारी स्तर पर ईंधन बचत को लेकर की गई घोषणाओं का भी स्वागत किया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में ईंधन बचत केवल आर्थिक आवश्यकता नहीं, बल्कि राष्ट्रीय जिम्मेदारी भी है और इसमें हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है। सचदेवा ने कहा कि यह देशहित में उठाया गया एक महत्वपूर्ण और आपातकालीन कदम है।

### महिलाओं की सुरक्षा पर निगम में कांग्रेस दल की नेता ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में कांग्रेस दल की नेता विपक्ष नाजिया दानिश ने रानी बाग इलाके में चलती बस में महिला के साथ हुए कथित गैंगरेप की घटना को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस घटना को राजधानी की कानून व्यवस्था पर बड़ा सवाल बताते हुए कहा कि दिल्ली में महिलाएं अब खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं। नाजिया दानिश ने कहा कि फैक्ट्री से काम कर घर लौट रही महिला के साथ जिस तरह की दरिंदगी हुई है, उसने पूरे समाज को शर्मसार कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजधानी में अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं और सरकार महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। नेता विपक्ष नाजिया ने मांग की कि इस मामले के आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर पीड़िता को न्याय दिलाया जाए।

## ईंधन बचत, वर्क फ्रॉम होम, मेट्रो उपयोग और मेड इन इंडिया को बढ़ावा देने के लिए सीएम ने की कई घोषणाएं

# दिल्ली सरकार का बड़ा अभियान 'मेरा भारत, मेरा योगदान' शुरू

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के बाद दिल्ली सरकार ने ऊर्जा बचत, ईंधन संरक्षण और आर्थिक संतुलन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'मेरा भारत, मेरा योगदान' नामक जन अभियान शुरू करने की घोषणा की है। इस अभियान के तहत सरकार और आम नागरिकों की भागीदारी से कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जाएंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री ने गुरूवार को प्रेसवार्ता में अधिकारियों और दिल्लीवासियों से अपील करते हुए घोषणा की है कि सरकारी कार्यालयों में सप्ताह में दो दिन वर्क फ्रॉम होम लागू किया जाएगा। निजी कंपनियों और संस्थानों से भी अपील की जाएगी कि वे कर्मचारियों को सप्ताह में दो दिन घर से काम करने की सुविधा दें। इस व्यवस्था की निगरानी श्रम विभाग करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह 90 दिनों का जन अभियान होगा, जिसमें स्कूल, कॉलेज, कंपनियां और विभिन्न संस्थान शामिल होंगे। अभियान के तहत नागरिकों को ईंधन बचत, सार्वजनिक परिवहन के उपयोग, कार पूलिंग, विदेशी यात्राओं में कमी और मेड इन इंडिया उत्पादों को अपनाने की शपथ दिलाई जाएगी।

रेखा गुप्ता ने बताया कि जो कर्मचारी अपने ट्रांसपोर्ट अलाउंस का कम से कम 25 प्रतिशत हिस्सा मेट्रो या अन्य सार्वजनिक परिवहन पर खर्च करेंगे, उन्हें 10 प्रतिशत अतिरिक्त ट्रांसपोर्ट अलाउंस दिया जाएगा। सरकार ने सरकारी कॉलोनियों से मेट्रो स्टेशनों तक कर्मचारियों को पहुंचाने के लिए 29 कॉलोनियों में 58 फीडर बसों का रूट प्लान तैयार किया है। रेखा गुप्ता ने बताया कि ऊर्जा बचत के तहत सभी सरकारी कार्यालयों में एसी का तापमान 24 से 26 डिग्री के बीच अनिवार्य किया जाएगा। बिजली बचाने के लिए कॉरिडोर में मास्टर स्विच और सेंसर सिस्टम लगाने की योजना भी बनाई गई है।

### सरकारी वाहनों के उपयोग में कटौती करने का भी फैसला

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार ने सरकारी वाहनों के उपयोग में कटौती करने का भी फैसला लिया है। अधिकारियों के पेट्रोल अलाउंस में 20 प्रतिशत की कमी की जाएगी। मुख्यमंत्री और मंत्रियों के काफिलों में भी वाहनों की संख्या घटाई गई है। इसके अलावा हर सोमवार को "मेट्रो मंडे" के रूप में मनाया जाएगा, जिसमें मंत्री, अधिकारी और कर्मचारी अधिकतम मेट्रो का उपयोग करेंगे।

### सरकारी और निगम कार्यालयों के समय में किया बदलाव

ट्रैफिक दबाव कम करने के लिए दिल्ली सरकार ने अपने कार्यालयों के समय में बदलाव किया है। दिल्ली सरकार के दफ्तर अब सुबह 10:30 बजे से शाम 7 बजे तक चलेंगे, जबकि एमसीडी कार्यालयों का समय सुबह 8:30 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। जनता से सप्ताह में एक दिन "नो व्हीकल डे" मनाने की अपील की गई है। सरकार ने अगले छह महीने तक नई पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और हाइब्रिड गाड़ियों की खरीद पर रोक लगाने का भी फैसला किया है।

### 50 प्रतिशत बैठकों को ऑनलाइन करने का लक्ष्य

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकारी विभागों के घरेलू यात्रा खर्च में 20 प्रतिशत कटौती और 50 प्रतिशत बैठकों को ऑनलाइन करने का लक्ष्य तय किया गया है। दिल्ली सरकार ने विश्वविद्यालयों और कॉलेजों से भी अपील की है कि गैर-प्रायोगिक कक्षाएं, गेस्ट लेक्चर और प्रशासनिक बैठकें ऑनलाइन मोड में आयोजित की जाएं। अदालतों से भी अधिकतम ऑनलाइन सुनवाई करने का अनुरोध किया गया है।

### मंत्री और अधिकारी नहीं जाएंगे विदेशी दौरे पर

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि विदेश यात्राओं को लेकर सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए कहा है कि अगले एक वर्ष तक दिल्ली सरकार के मंत्री और अधिकारी किसी आधिकारिक विदेशी दौरे पर नहीं जाएंगे। बड़े सार्वजनिक कार्यक्रमों और कॉन्फ्रेंस को भी अगले तीन महीने तक सीमित रखा जाएगा। 'मेड इन इंडिया' को बढ़ावा देने के लिए बड़े मॉल और सुपरमार्केट में भारतीय उत्पादों के विशेष कॉर्नर बनाए जाएंगे। सरकार भारतीय इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की एक सत्यापित सूची भी जारी करेगी, ताकि लोगों को स्वदेशी विकल्पों की जानकारी मिल सके।

### मुख्यमंत्री ने अपना काफिला किया सीमित

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशवासियों से किए गए 'राष्ट्र प्रथम' आह्वान का समर्थन करते हुए ईंधन बचत, ग्रीन मोबिलिटी और जिम्मेदार नागरिक व्यवहार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की। मुख्यमंत्री ने अपने आधिकारिक काफिले को सीमित करते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) एवं सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री आज डॉ. बी. आर. अंबेडकर विश्वविद्यालय के 14वें दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए भी न्यूनतम सुरक्षा और इलेक्ट्रिक वाहन के जरिए पहुंची। उनका यह कदम न केवल पर्यावरण संरक्षण बल्कि वीआईपी संस्कृति से आगे बढ़कर जिम्मेदार और संवेदनशील प्रशासनिक व्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण संदेश है।

### उपराज्यपाल ने मेट्रो से किया सफर

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वैश्विक संकट के बीच ईंधन बचाने और विदेशी मुद्रा की बचत करने के लिए देश के नागरिकों से मेट्रो और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने का आह्वान पर अमल करते हुए उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने गुरुवार को एक बार फिर दिल्ली मेट्रो रेल में यात्रा की। एलजी ने मेट्रो में लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि सभी को प्रोत्साहित करता हूँ कि जहाँ भी संभव हो, वह सार्वजनिक परिवहन, कारपूलिंग और इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाएँ।



### मेट्रो से निगम मुख्यालय दफ्तर पहुंचे महापौर

नई दिल्ली। दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही और स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा गुरूवार को अपने कार्यालय पहुंचने के लिए मेट्रो से सफर कर सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने का संदेश दिया। महापौर ने अपने आवागमन के लिए पहले मेट्रो और उसके बाद नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन से ई-रिक्शा का उपयोग किया। वहीं, स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने निगम अधिकारियों को सार्वजनिक परिवहन व वर्चुअल कार्यसंस्कृति अपनाने की सलाह दी। इसके साथ ही निगम आयुक्त को पत्र लिखकर सार्वजनिक परिवहन, कार पूलिंग और वर्क फ्रॉम होम व्यवस्था लागू करने का सुझाव दिया। इस दौरान महापौर ने आम नागरिकों से संवाद कर ईंधन बचत, पर्यावरण संरक्षण तथा यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में सार्वजनिक परिवहन की भूमिका पर चर्चा की।

*मानसून की तैयारियों के लिए महापौर ने की बैठक*

## आपसी समन्वय के साथ स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करें विभाग




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने दिल्ली नगर निगम मुख्यालय में गुरूवार को स्वच्छता व्यवस्था एवं मानसून तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में उपमहापौर डॉ. मोनिका पंत, नेता सदन जय भगवान यादव, एमसीडी आयुक्त संजीव खिरवार, प्रमुख अभियंता पी सी मीणा, वरिष्ठ अभियंता तथा स्वच्छता विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान महापौर प्रवेश और उपमहापौर डॉक्टर मोनिका पंत ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ स्वच्छता व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानसून से पहले सफाई व्यवस्था और तैयारियों को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। वहीं, निगम आयुक्त संजीव खिरवार ने कहा कि स्वच्छता निगम का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है और सभी अधिकारियों को इसे मिशन मोड में लेकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से क्षेत्र में जाकर निरीक्षण करने तथा जमीनी स्तर पर सफाई व्यवस्था की निगरानी करने के निर्देश दिए।

महापौर प्रवेश ने निर्देश दिए कि राष्ट्रीय राजधानी की सीमाओं एवं प्रवेश मार्गों की विशेष रूप से सफाई सुनिश्चित की जाए ताकि दिल्ली आने वाले लोगों के सामने शहर की एक बेहतर और स्वच्छ छवि प्रस्तुत की जा सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि लोक निर्माण विभाग, फ्लड विभाग, दिल्ली जल बोर्ड तथा अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया जाए, जिससे मानसून के दौरान किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।

## प्रदेश के नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ यादव ने की बैठक, एकजुट होकर लड़ने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त उपाध्यक्षों और महासचिवों के साथ प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने गुरुवार को पहली संयुक्त बैठक की। इस बैठक में मुख्य रूप से संगठन को एकजुट होकर आगे बढ़ते हुए पार्टी को मजबूती प्रदान करने पर जोर रहा। यादव ने साफ साफ कहा कि दिल्ली में संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी कांग्रेस पदाधिकारियों के कंधों पर है। यादव ने कहा कि सभी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी के साथ-साथ जवाबदेही भी होनी चाहिए। तभी पार्टी को राष्ट्रीय राजधानी में एक मजबूत स्थिति में पहुँचाया जा सकता है। इस पहली महत्वपूर्ण बैठक में यादव के अलावा सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों में 12 उपाध्यक्ष और 26 महासचिव मौजूद थे।

सभी ने एक स्वर में प्रदेश अध्यक्ष यादव और पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा दी गई बड़ी जिम्मेदारी के लिए उन्हें धन्यवाद दिया और कहा कि संकल्प और प्रतिबद्धता के साथ पार्टी को मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास करते रहेंगे।

### डीडीए ने किया पार्कों, हरित क्षेत्रों, धरोहर स्थलों में सुबह 10 बजे तक प्रवेश निःशुल्क

नई दिल्ली। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू के दिशा निर्देश पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया आंदोलन को बढ़ावा देते हुए पार्कों, हरित क्षेत्रों एवं धरोहर स्थलों में सुबह 10 बजे तक प्रवेश शुल्क हटाते हुए निशुल्क कर दिया है। यह छूट उनमें लागू होगी जहां वर्तमान में प्रवेश शुल्क लिया जाता है। एलजी का मानना है कि सुबह 10 बजे तक शुल्क हटाने से मॉर्निंग वॉक व योग आदि करने वालों को काफी राहत मिलेगी। डीडीए द्वारा दी गई जानकारी अनुसार इस पहल के अंतर्गत शामिल पार्क एवं स्थलों में महरौली आर्कियोलॉजिकल पार्क, बांसेरा, असिता, क्रांति उद्यान, वाटिका, अटल सद्भावना पार्क, वासुदेव घाट, वैष्णवी पार्क, सेक्टर 16-डी द्वारका स्थित डीडीए ग्रीन, अमृत बायोडायवर्सिटी पार्क, लाला हरदेव लाल पार्क (जसोला) तथा स्मृति वन नरेला शामिल है।

### एनडीएमसी ने हरित परिवहन एवं ऊर्जा संरक्षण से जुड़े कई बड़े निर्णय लिए : चहल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सतत विकास, ईंधन बचत, पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा दक्षता एवं डिजिटल कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने के आह्वान के अनुरूप, एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने गुरूवार को पालिका केंद्र स्थित परिषद कक्ष में सभी विभागाध्यक्षों की उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की। बैठक में एनडीएमसी क्षेत्रों में लागू किए जाने वाले कई महत्वपूर्ण एवं परिवर्तनकारी सतत विकास संबंधी निर्णयों पर चर्चा कर उन्हें अंतिम रूप दिया गया। चहल ने कहा कि लिए गए ये निर्णय दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के आह्वान को आगे बढ़ाते हुए लिए गए हैं। उपाध्यक्ष चहल ने कहा कि सोमवार से इलेक्ट्रिक वाहनों की पार्किंग पर 50 प्रतिशत छूट, शुक्रवार, 15 मई से चार आवासीय क्षेत्रों से एनडीएमसी शटल बस सेवा शुरू, प्रत्येक सोमवार अधिकारी एवं कर्मचारी सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करेंगे, अगले एक वर्ष तक पेट्रोल, डीजल एवं सीएनजी वाहन नहीं खरीदे जाएंगे और ऊर्जा संरक्षण, साझा परिवहन, डिजिटल कार्य संस्कृति एवं सतत जीवनशैली पर विशेष जोर दिया जाएगा। चहल ने कहा कि पूरा देश प्रधानमंत्री के स्वच्छ, हरित एवं आत्मनिर्भर भारत के विजन के साथ खड़ा है और प्रत्येक संस्था तथा नागरिक को संसाधनों के जिम्मेदार उपयोग एवं सतत विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए।

## नीट पेपर लीक मामला: 'आप' ने भाजपा के खिलाफ किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी का छात्र विंग एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट्स फॉर अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स (एसैप) ने नीट का पेपर लीक होने के विरोध में भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। एनटीए केंद्र पर हुए विरोध-प्रदर्शन के दौरान एसैप के सदस्यों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए इस्तीफे की मांग की।

धर्मेंद्र प्रधान शर्म करो, युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ बंद करो के जमकर नारे लगाए। 'आप' के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने सोशल मीडिया पर एसैप के प्रदर्शन की तश्वीरें साझा करते हुए कहा कि बार-बार पेपर लीक होना युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। अब जेन-जी सड़कों पर उतरकर शांतिपूर्वक प्रदर्शन करेगा। उधर, प्रदर्शन के दौरान एसैप ने कहा कि हम बच्चों के भविष्य के साथ जो खिलवाड़ हुआ है, उसके खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे हैं। मोदी सरकार के मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शिक्षा माफिया को संरक्षण दे रखा है और इसी वजह से हर बार माफिया पेपर लीक कर देता है। हमारी यही मांग है कि शिक्षा मंत्री इस्तीफा दें और पीएम मोदी छात्रों से माफी मांगें।

### एबीवीपी ने पुलिस मुख्यालय के बाहर किया प्रदर्शन

नई दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, दिल्ली ने राजधानी दिल्ली के नांगलोई में महिला के साथ हुई गैंगरेप की दर्दनाक घटना के विरोध में दिल्ली पुलिस मुख्यालय के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने पीड़िता को न्याय दिलाने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर दिल्ली पुलिस प्रशासन के प्रति गहरा आक्रोश व्यक्त किया। राजधानी में हो रही महिला उत्पीड़न एवं दुष्कर्म की घटनाएँ अत्यंत चिंता का विषय हैं। दिल्ली पुलिस प्रशासन अपराध रोकने में विफल साबित हो रहा है। एबीवीपी दिल्ली प्रांत मंत्री सार्थक शर्मा ने कहा कि दिल्ली में महिला दुष्कर्म की बढ़ती घटनाओं से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि अपराधियों में दिल्ली पुलिस का भय समाप्त हो चुका है और अपराधी बेखौफ होकर घूम रहे हैं, इसके विरुद्ध एबीवीपी ने दिल्ली पुलिस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महिलाओं के सम्मान और अधिकार के लिए हमेशा से उनके साथ खड़ा है। एबीवीपी की मांग है कि गिरफ्तार हुए दोषियों पर कठोरतम एवं कड़ी कार्यवाही किया जाए। इस घटना की निष्पक्ष जांच हो ताकि इसमें शामिल अन्य लोगों की भी पहचान कर कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए। अभाविप दिल्ली सरकार से मांग करती है कि महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु प्रभावी एवं स्थायी कदम उठाए जाएँ।

## पुलिस ने तीन लोगों को किया गिरफ्तार

# नशीली दवाओं के अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़, अल्प्राजोलम की 17,800 गोलियां बरामद

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने एक नशीला दवाओं के अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए एक दवा दुकान के एक मालिक और एक दवा आपूर्तिकर्ता सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया और अल्प्राज़ोलम की 17,800 गोलियां बरामद की हैं जिनकी कीमत लगभग तीन लाख रुपये है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इन गोलियों का वजन दो किलोग्राम से अधिक है। बरामद की गई मात्रा, भारत में अल्प्राज़ोलम की अधिसूचित वाणिज्यिक मात्रा से 20 गुना अधिक है। पुलिस ने बताया कि मध्य जिले के स्वापक रोधी प्रकोष्ठ को सोमवार को इलाके में मनः प्रभावी पदार्थ की आपूर्ति में कथित तौर पर शामिल एक व्यक्ति के बारे में विशिष्ट खुफिया



जानकारी मिली। इसके बाद, पुलिस की एक टीम ने शांति वन के पास जाल बिछाया और संतोष कुमार ठाकुर (35) को स्कूटी पर अल्प्राज़ोलम की गोलियां ले जाते हुए पकड़ा। पुलिस ने बताया कि तलाशी के दौरान, पुलिस ने वाहन पर रखे एक कार्टन में पैक की गई अल्प्राज़ोलम की 15 हजार गोलियां बरामद कीं। पुलिस ने बताया कि एनडीपीएस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत दरियागंज थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है और आगे की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान ठाकुर ने खुलासा किया कि ये गोलियां गाजियाबाद के साहिबाबाद स्थित दवा की दुकान के मालिक आनंद कुमार वैष्णव से ली गई थीं। पुलिस ने बताया कि ठाकुर के खुलासे के आधार पर दवा दुकान पर छापा मारा और अल्प्राज़ोलम की 2,800 और गोलियां बरामद कीं, जिसके बाद वैष्णव को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में आगे की जांच में पुलिस को उत्तर प्रदेश के हापुड़ के रहने वाले दवा आपूर्तिकर्ता शेरखान के बारे में जानकारी मिली जिसे बुधवार को पिलाखुवा में गिरफ्तार कर लिया गया।

## सात साल से फरार अपराधी गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने मादक पदार्थों से जुड़े मामले में सात साल से फरार आरोपी को यहां दिलशाद गार्डन मेट्रो स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने पंजाब के बठिंडा निवासी 30 वर्षीय हरप्रीत सिंह उर्फ मणि को 11 मई को गिरफ्तार किया। वह 2018 में बठिंडा छावनी थाने में स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत दर्ज प्राथमिकी के संबंध में वांछित था। पुलिस के अनुसार, हरप्रीत को जनवरी 2018 में उसके पास से विंसेरेक्स और ओनेरेक्स सिरप की बोतलें और कैरिसोमा की गोलियों के पत्ते सहित नशीली दवाएं बरामद होने के बाद गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने बताया कि उसे 2019 में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने जमानत दे दी थी, लेकिन वह फरार हो गया और सितंबर 2020 में उसे भगोड़ा घोषित कर दिया गया था। पुलिस ने बताया कि जांच में पता चला कि वह 2022 में पंजाब के बठिंडा छावनी थाने में दर्ज एक अन्य आपराधिक मामले में भी संलिप्त था।

### पत्नी की हत्या कर शव पलंग के 'बॉक्स' में रखने का आरोपी कोलकाता से दबोचा

**एजेंसी. नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने यहां नबी करीम इलाके में पत्नी की कथित रूप से हत्या कर शव को पलंग के 'बॉक्स' में रखने के मामले में फरार आरोपी पति को पश्चिम बंगाल के कोलकाता से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 39 वर्षीय आरोपी मोहम्मद एजाज ने दहेज से संबंधित विवाद के बाद अपनी पत्नी की कथित रूप से गला घोंटकर हत्या कर दी थी और फिर पश्चिम बंगाल भाग गया था। वह मूल रूप से बिहार के वैशाली जिले का रहने वाला है और उसे कोलकाता के कराया इलाके से गिरफ्तार किया गया। उत्तराखंड के हल्द्वानी की निवासी 28 वर्षीय महिला का सड़ा गला शव आठ मई की रात को मध्य दिल्ली के नबी करीम इलाके में एक किराए के मकान में पलंग के बॉक्स से बरामद किया गया था।

### बिहार में हत्या के मामले का आरोपी दिल्ली से अरेस्ट

**एजेंसी. नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने बिहार में हत्या और कत्ल की कोशिश के मामलों में वांछित आरोपी को राष्ट्रीय राजधानी से गिरफ्तार किया है। एक वर्ष से ज्यादा समय से गिरफ्तारी से बच रहा आरोपी एक ढाबे में सफाईकर्मी का काम कर रहा था। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बिहार के मधुबनी निवासी आरोपी कपिल कुमार पासवान को 13 मई को दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के अमर कॉलोनी इलाके से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, पासवान के खिलाफ मधुबनी के राजनगर और रहिका थानों में दो मामले दर्ज किए गए थे। पुलिस को दिल्ली में आरोपी की मौजूदगी की सूचना मिली।

# समर वैकेशन को ऐसे बनाओ ज्वॉयफुल-मेमोरेबल



बच्चो, तुम्हारे स्कूल में गर्मी की छुट्टियां शुरू हो गई होंगी या शुरू होने वाली होंगी। इन लंबी छुट्टियों में कई बार तुम बोर फील करते होगे। लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। हम तुम्हें समर वैकेशन के दौरान बोरियत दूर करने के कई मजेदार आइडियाज दे रहे हैं। इससे तुम्हारी समर वैकेशन ज्वॉयफुल ही नहीं मेमोरेबल भी हो जाएगी।



एंज्वॉयमेंट
शिखर चंद जैन

बच्चो, गर्मी की छुट्टियां यानी समर वैकेशन का नाम सुनते ही तुम्हारा मन खुश हो जाता है न! लेकिन इन दिनों तेज धूप की वजह से घर में कैद होने पर बोरियत भी होने लगती है। हम तुम्हें कुछ ऐसे तरीके बता रहे हैं, जिनसे तुम्हारी इस बार की समर वैकेशन न केवल मजेदार, बल्कि यादगार भी बन जाएगी।

### बनाओ मिनी वाटर पार्क

**टेरेस या** छत पर एक रबर टब को पानी से भरकर उसमें छपाक-छपाक खेलो। ठंडे पानी को एक-दूसरे पर फेंकने में मजा आएगा। यह गर्मी भगाने का मजेदार तरीका है। इस खेल में तुम्हारे भाई-बहन या आस-पड़ोस के दोस्त भी शामिल हो सकते हैं। पैरेंट्स की मदद से किसी प्लंबर को बुलाकर, रबर टब और वाटर पाइप लगाने की व्यवस्था करनी होगी। लेकिन ध्यान रखना कि खुली धूप में यह वाटर गेम नहीं खेलना, इससे तबियत बिगड़ सकती है। *

### डेवलप करो गार्डनिंग हॉबी



**इन छुट्टियों** में घर के छोटे से बगीचे या बालकनी के गमलों में नए पौधे लगाओ। पौधों को पानी देना और उनकी देखभाल करना बहुत सुकून देता है। छोटे गमलों में पुदीना, धनिया या फूलों के बीज लगाओ। उन्हें रोज पानी दो और बढ़ता हुआ देखो। यह नेचर के लिए तो अच्छा है ही। ये हॉबी तुम्हें जिम्मेदारी सिखाएगी और नेचर के करीब लाएगी। *

### पक्षियों का रखो ध्यान



**गर्मी तो** सभी को लगती है। गर्मी के इस मौसम में बेजुबान पक्षियों को तुम थोड़ी राहत दे सकते हो। अपनी बालकनी, खिड़की या छत पर मिट्टी के बर्तनों में पानी और अनाज के दाने रखो। जब तुम उन्हें पानी पीते, दाना चुगते और चहचहाते देखोगे तो तुम्हें बहुत खुशी मिलेगी। *

### एंज्वॉय करो बुक्स रीडिंग



**दिन के** समय जब तेज धूप हो तो घर से बाहर खेलने नहीं जा सकते। तब अपने गार्डन में या स्टडी रूम में अच्छी कहानियां, जासूसी बाल उपन्यास या ज्ञानवर्धक किताबें पढ़ो सकते हो। ग्रुप रीडिंग करोगे तो और मजा आएगा। यह बोरियत मिटाने और ज्ञान बढ़ाने का बेहतरीन तरीका है। इससे तुम्हारी इमेजिनेशन पॉवर भी बढ़ेगी। *

### दोपहर में इनडोर कैंपिंग का मजा

**बाहर धूप** में खेलने नहीं जा सकते तो क्या हुआ? अपने कमरे में चादर और कुशन का इस्तेमाल करके एक टेंट या कैंप जैसा शेप बनाओ। पंखे या एसी के नीचे इस टेंट के अंदर अपने भाई-बहन या घर आए दोस्तों के साथ बैठकर किताबें पढ़ो, कहानियां सुनो-सुनाओ या बोर्ड गेम्स खेलो। यह तुम्हें घर के अंदर ही कैंपिंग का अनुभव देगा। *

### बनो स्मार्ट लिटिल शेफ



**इन छुट्टियों** में तुम कुछ मजेदार, आसानी से बनने वाली अपनी कोई फेवरेट डिश बनाना सीख सकते हो। कोशिश करो कि डिश को पकाना न पड़े यानी 'नो-फ्लेम कुकिंग' वाली डिश ट्राई करो। इससे तुमको कुकिंग में गर्मी नहीं लगेगी। फ्रूट चाट, सैंडविच या ठंडी लस्सी बनाना आसानी से सीख सकते हो। इसके अलावा तुम कुल्फी, नीबू-पानी, स्मूदी या चॉकलेट-बिस्किट शेक भी बना सकते हो। अपने बनाए स्वादिष्ट डिशेज खुद भी टेस्ट करो, साथ ही अपने पैरेंट्स, भाई-बहन और फ्रेंड्स को खिलाकर तारीफ पाओ। *



डॉली चिड़िया ने एक दिन सोसाइटी की सभी चिड़ियों की मीटिंग बुलाई। इस मीटिंग में सोना चिड़िया ने जो बात रखी, वह सभी चिड़ियों के मान-सम्मान से जुड़ी थी। यह बात कितनी सही थी, इसमें सभी चिड़ियों ने कितनी सहमति प्रकट की? बच्चों को जरूर जानना-समझना चाहिए।

# मान-सम्मान





कहानी
विमला रस्तोगी

एक दिन डॉली चिड़िया ने सोसाइटी की सभी चिड़ियों की एक मीटिंग बुलाई। वह सोसाइटी की चिड़ियों की मंत्री है। सोसाइटी के पार्क के एक पेड़ पर मीटिंग रखी गई। समय रखा गया एकदम सुबह का, सूर्य उगते ही, क्योंकि इस समय पूरी सोसाइटी में शांति रहती है। नियत समय सब चिड़ियां आ गईं- सोना, मोना, बिंदु चिड़ियों ने सबको एक डाल पर बिठाया, जो रह गईं, वे पेड़ की आस-पास की डालों पर बैठ गईं। मोना चिड़िया बोली, 'देखो कितनी सुंदर लग रही हैं सभी चिड़ियां एक साथ बैठी हुईं।' बिंदु चिड़िया बोली, 'इस तरह एकसाथ बैठे हुए हमारी एकता दिखाई देती है। एकता में बहुत ताकत होती है।'

मंत्री डॉली चिड़िया ने बताया, 'मीटिंग सभी को यह बताने के लिए बुलाई गई है कि तुम सब अपने घोंसलों को साफ-सुथरा रखो। घोंसलों में साफ-सफाई करते रहना बहुत जरूरी है। यह बात हमें अपने बच्चों को भी समझानी चाहिए।'

'जी, हमने अपने घोंसले साफ कर रखे हैं, साथ ही मजबूत बनाए हैं ताकि जरा सी तेज हवा में उड़ ना जाएं।' सबने एक स्वर में कहा।

'बहुत अच्छी बात है।' डॉली चिड़िया बोली।

'मुझे एक बात कहनी है।' सोना चिड़िया आहिस्ता से बोली।

'कहो-कहो..।' डॉली चिड़िया ने कहा।

सोना चिड़िया बोली, 'हमें उसी घर की छत पर दाना खाने जाना चाहिए, जो हमें मन से, प्यार से दाना डाले, साफ पानी पिलाए...।'

'मतलब..?' छोटी चुन्नी चिड़िया ने पूछा।

सोना ने अपनी पूरी बात समझाई, 'मतलब यह कि कुछ समय पहले एक मकान की छत पर उसका मालिक आता, दाना हाथ में लेकर, मन ही मन कुछ बोलता। मैं सामने पेड़ पर बैठी होती, लगता जैसे हमें बुला रहा है। वह साफ बर्तन में हमारे पीने के लिए पानी रखता। बहुत प्यार से दाना जमीन पर फैलाता, फिर चला जाता। फिर मैं उसकी छत पर अपनी सहेलियों और बच्चों के साथ जाती। दाना चुगाती, पानी पीती और अपने घोंसले में आ जाती थी।' 'अच्छा!' मंत्री डॉली चिड़िया गौर से सोना की बात सुन रही थी।

सोना चिड़िया ने आगे बताया, 'कुछ समय बाद मालिक की जगह उसका बेटा आने लगा। वह बुरा-सा मुंह बनाकर जल्दी से दाना फेंकता, पानी का बर्तन गंदा रखता, धोता नहीं। सो हमने वहां जाना छोड़ दिया। मेरे कहने का मतलब यह है, जिस घर में हमारे लिए प्यार, आदर और साफ-सफाई से दाना रखा जाए, बुलाया जाए, हमें वहीं जाना चाहिए। आखिर हम चिड़ियों का भी तो मान-सम्मान है।' 'बड़ी पते की बात कही सोना चिड़िया तुमने।' मंत्री डॉली ने सोना की बात पर सहमति जताई। मीटिंग समाप्त होने की घोषणा करते हुए, मंत्री चिड़िया बोली, 'आज की मीटिंग यहीं समाप्त होती है। नोट कर लो डायरी में, मान-सम्मान केवल इंसान का नहीं, हम पक्षियों का भी है।'

सभी चिड़ियों ने सिर हिलाकर सहमति प्रकट की और अपने घोंसलों की ओर उड़ गईं। *

कविता / सूर्यकुमार पांडेय

## मधुमक्खी

चूस-चूस रस फूल-फूल से,
शहद बनाती है मधुमक्खी।
अपनी मस्ती में उड़ जाती,
भुन-भुन गाती है मधुमक्खी।
मीठा-मीठा शहद संजोकर,
छत्ता भरती है मधुमक्खी।
मेहनत का फल मीठा होता,
मेहनत करती है मधुमक्खी।

छेड़छाड़ जो कभी न करता,
उसे न कुछ कहती मधुमक्खी।
लेकिन कहीं चोट पहुंची तब,
कभी न चुप रहती मधुमक्खी।
साथ सभी के काम करें हम,
हमको सिखलाती मधुमक्खी।
शक्ति एकता में होती है,
सबको दिखलाती मधुमक्खी।



## बूझो तो जानें



1. ऊपर से दिखता यह हरा है,
अंदर से होता लाल-लाल।
काले-काले बीज भी इसके,
खाते हैं सब बाल-गोपाल।



2. विटामिन इसमें भरपूर,
फाइबर भी है प्रचुर।
शिमला और कश्मीर का,
चेहरे पर बरसे नूर।

3. तोता कुतरता चाव से,
दिखता पीला और हरा,
बड़नगर का प्रसिद्ध फल,
बूझो इसका नाम जरा।

-नलिन खोईवाल

उत्तर: 1. तरबूज, 2. सेब, 3. अमरूद

## जीके क्विज-205



1. पश्चिम बंगाल के नए मुख्यमंत्री कौन बने हैं?
2. हाल ही में किस ऐतिहासिक मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने पर अमृत महोत्सव मनाया गया?
3. हाल में हिमंता बिस्व सरमा किस राज्य के मुख्यमंत्री निर्वाचित हुए?
4. हाल में तैयार हुआ गंगा एक्सप्रेस वे किस राज्य में स्थित है?
5. दिल्ली के लाल किले का निर्माण किसने करवाया था?
6. तमिलनाडु के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
7. साधारण नमक में क्लोराइड के अलावा दूसरा कौन-सा तत्व होता है?
8. कनाडा की राजधानी कहां है?
9. कौन-सा रंग रेनबो के बीच में दिखाई देता है?
10. 'लोकनायक' के नाम से किसे जाना जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-205 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-204 का उत्तर :** 1 विराट कोहली, 2. राजनाथ सिंह, 3. चांदी, 4. रुडयार्ड किपलिंग, 5. 24 अक्टूबर 1945, 6. महात्मा गांधी, 7. कंबोडिया, 8. सी. राजगोपालाचारी, 9. कोलकाता, 10. कैल्शियम

**जीके क्विज-204 का सही उत्तर देने वाले :** पूरब-बिलासपुर, जिया शिया-रायगढ़, हिमांक-दुर्ग, कबीर-हिसार, रोहित-महेंद्रगढ़, आर्यन- दिल्ली, कनिष्क-रायपुर, हर्षिता-कांकेर, सुमन-बलौदा बाजार, दिव्यम-महासमुंद, संचित-भोपाल



कहानी
शिव दयाल

मैना किशमिश खाए, वह भी दादी की कटोरी से चुपके से निकालकर, है ना मजेदार और चौंकने वाली बात! लेकिन मैना यह कारस्तानी करती, मजे से दादी की किशमिश गप्प कर जाती। दादी को जब यह बात पता चली तो उन्होंने जो किया, मैना के मजे हो गए!

# मैना खाती किशमिश



चमचम मैना थी थोड़ी चटोरी। हमेशा कुछ नया खाने का उसका जी करता था। बागानों-मैदानों से लेकर कूड़ेदानों तक को छान मारती। अपनी चोंच और पंजों से कुरेद-कुरेदकर कुछ नया जायका ढूंढ़ती फिरती चमचम। कुछ मनपसंद मिलते ही 'चेंओं-चेंओं' करती अपनी सहेलियों को दिखा-दिखाकर, चिढ़ा-चिढ़ाकर, ललचा-ललचाकर निवाले निगलने लगती। और फिर लेती दम से ज्यादा लंबी डकार। सहेलियां कहतीं, 'यह देखो, आज फिर इसकी दावत हो गई!'

चमचम इठलाकर फुर्र-से उड़ जाती।

एक दिन बिजली के तार पर बैठी सुस्ता रही थी चमचम। सामने के मकान की खिड़की थी खुली। चमचम ने सोचा, 'ये जूठन फेंकने वाले लोग आखिर खाते क्या होंगे? चलो देखते हैं आज।'

चमचम मैना चुपके से जा बैठी खिड़की पर। कुर्सी पर बैठी थीं दादी। बिना दांत वाले पोपले मुंह में न जाने क्या चबा रही थीं दादी। आड़ी-तिरछी रेखाओं वाला उनका पूरा चेहरा हिल रहा था जैसे। चबाने में मगन दादी रह-रहकर आंखें बंद कर लेतीं। सामने मेज पर रखी थी कटोरी। कटोरी में थी किशमिश। दादी ने दो-चार दाने उठाए और अपने पोपले मुंह में रख लिया। उसकी लंबी ठुड्डी जोर-जोर से लगी हिलने। यह देखकर चमचम को हंसी आ गई। तभी चमचम को कटोरी नजर आई। किशमिश से भरी कटोरी। चटोरी चमचम के मुंह में पानी भर आया, 'ओह, दादी की यह खुराक होगी मजेदार! चलो चखते हैं।' एक बार उसने देखा दादी को। वह थीं किशमिश चबाने में मगन, रह-रहकर पलकें झपका लेतीं। चमचम से और न रहा गया। पंजों के बल चलकर आखिर कटोरी में चोंच मार ही दी चटोरी ने। दो-चार दाने गटक लिए और दो-चार चोंच में दबाए और झटपट उड़ गई।

चमचम ने पहली बार इतनी मीठी चीज खाई थी, 'वाह! ऐसा अनोखा स्वाद! इसे चबाओ तो, ओह, सचमुच आंखें बंद हो जाती हैं।'

चमचम ने एक और उड़ान भरी और दादी की कटोरी से चोंच भर किशमिश फिर ले आई। आवाज देकर सखियों को भी बुला लिया। कहा, 'तुम्हें एक ऐसी चीज खिलाती हूं कि तुम जीवन भर याद रखोगी।' सखियों ने किशमिश के दाने चखे तो चमचम का लोहा मान लिया। उन्होंने उससे पूछा, 'री चटोरी, तूने यह खजाना पाया कहां से?'

चमचम ने सखियों को दादी की कटोरी वाली बात बताई। सखियों को डर हुआ, 'तो क्या तू अच्छी चीजें खाने के लिए लोगों के घरों में घुसेगी?'

चमचम चटोरी आसमान की ओर चोंच उठाकर बोली, 'ऐसी चीजों के लिए तो थोड़ा-बहुत खतरा मोल लेना ही पड़ता है बहनों।'

इधर दादी की कटोरी से किशमिश घटती चली जा रही थी। उन्हें बड़ा अचरज हुआ, सोचा, 'क्या इस उम्र में मैं इतनी पेटू हो गई हूं?' फिर उन्होंने कटोरी पर नजर रखनी शुरू कर दी। चटोरी चमचम को तो किशमिश की लत पड़ चुकी थी। बिना किशमिश चखे दिन खाली-खाली लगता। एक दिन चोंच भर-भर कर किशमिश गटकते दादी ने उसे देखा तो हैरान रह गईं, 'तो यह है जो रोज मेरी कटोरी की किशमिश चट कर जाती है! ठहर, अभी चखाती हूं मजा!'

दादी चमचम को हुलका कर उड़ाने को हुईं कि सहसा उन्हें हंसी आ गई। चमचम आराम से बैठी ऐसे खा रही थी, जैसे अपने ही घर में हो। दादी अपनी लंबी ठुड्डी पर पतली तर्जनी रखे मुस्कुराती उसे किशमिश चुगते देखती रहीं। मन ही मन दादी बोलीं, 'यह तो सचमुच बड़ी चटोरी मालूम पड़ती है, लेकिन कैसी प्यारी दिखती है! चलो, मैं जो अकेली बैठी किशमिश चबाती रहती हूं, उससे तो अच्छा है, यह भी मेरा साथ देती रहे। एक से दो भले।'

चटोरी चमचम जब अगली बार दादी की खिड़की में घुसी तो ऐन खिड़की पर एक कटोरी देखी और देखे किशमिश के चार दाने! *

तुम्हारे लिए नई किताब / शिव मोहन यादव

## शांतिदूत गुटर-गूं की कहानी


बच्चो, तुम्हारे लिए एक नई किताब आई है 'शांतिदुत गुटर गूं।' वैसे तो यह एक पिक्चर बुक है, लेकिन तुम इसे एक नन्हा बाल उपन्यास भी कह सकते हो। डॉ. विमला भंडारी द्वारा लिखे गए इस बाल उपन्यास में तुम एक सफेद कबूतर की जुबानी उसकी कहानी जानोगे। यह किताब कबूतरों की कई जानी-अनजानी बातें सामने लाती है, इस पक्षी के बारे में जानकारी देती है। इसकी कहानी दो बच्चों अनु और बसु की बातचीत से शुरू होती है। वे एक कबूतर को याद करते हैं। कैसे वह 'गुम्म गूं गुटर गूं' करता था, कैसे गर्दन और आंखों की पुतलियां मटकाता था और कैसे आकर उनके कंधों पर बैठ जाता था! कहानी आगे बढ़ती है, एक श्वेत कबूतर उनका दोस्त बन जाता है। वह कबूतरों की विशेषताएं अनु और बसु को खुद बताता है। वह जानकारी देता है- एक देश की राजधानी का सुल्तान अपनी डाक सेवाएं कबूतरों से ही संपन्न कराता था, तो एक देश में डाकिए का समस्त कार्य कबूतर ही करते थे। कबूतरों के बारे में ऐसी कितनी ही जानकारी इस किताब में तुम्हें मिल जाएगी। 'शांतिदूत' के रूप में कबूतर की गाथा द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात आरंभ होती है। लाखों लोगों ने शांति के लिए सार्वजनिक संगठन गठित किए। प्रसिद्ध चित्रकार पाब्लो पिकासो द्वारा बनाए गए जैतून की शाखा लिए श्वेत कबूतर के चित्र को शांति का प्रतीक माना गया। कबूतर एक ऐसा पक्षी है, जिसके माध्यम से शांति संदेश भेजकर कई युद्धों को रोका गया। किताब की लेखिका अपने बाल पाठकों से आग्रहपूर्वक कहती हैं, 'अब तुम्हारा दायित्व है कि युद्ध नहीं, प्रेम चाहिए! यदि संभव हो तो जैतून की शाखा ले आना और युद्ध के स्थान पर शांति का प्रसार करना!' रंगीन चित्रों से सजी, सरल-आत्मीय भाषा एवं रोचक-प्रवाहमय शैली में लिखी गई यह पुस्तक बच्चो तुम्हें खूब पसंद आएगी। *



**किताब:** शांतिदूत गुटर गूं (पिक्चर बुक), **लेखिका:** डॉ. विमला भंडारी, **मूल्य:** 175 रुपए, **प्रकाशक:** इंडिया नेटबुक्स प्राइवेट लिमिटेड, नोएडा

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां टेडी बियर से खेलती हुई एक लड़की के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम तीन मिनट में इन दोनों चित्रों में पांच अंतर ढूंढ कर बताओ।



उत्तर: 1 टेडी बियर की नाक का कलर अलग है। 2. पीछे दीवार पर फ्रेम की हुई एक पेंटिंग लगी है। 3.खिड़की का फ्रेम अलग डिजाइन का है। 4.लड़की की टॉप का कफ व्हाइट कलर का है। 5.लड़की के शू के आइलेट का कलर अलग है।

## रास्ता खोजो

बच्चो, चित्र में दिख रहे चीकू खरगोश के सामने तीन रास्ते हैं, जो उसे किताब, फुटबॉल और गाजर तक ले जाएंगे। लेकिन चीकू को भूख लगी है। इसलिए गाजर तक पहुंचने का रास्ता बताकर उसकी भूख मिटाने में मदद करो।



## खबर संक्षेप

### हड़ताल पर गए पंचायत सचिवों पर ऐक्शन शुरू




**पटना।** बिहार में हड़ताल पर गए पंचायत सचिवों पर ऐक्शन शुरू हो गया है। मधुबनी जिले में एक साथ 118 पंचायत सचिव को निलंबित कर दिया गया है। डीएम आनंद शर्मा ने बिहार सरकारी सेवक नियमावली, 2005 के प्रावधानों के तहत यह कार्रवाई की है। निलंबित पंचायत सचिवों पर जनहित, विकास कार्यों एवं जनगणना 2027 की तैयारियों में शिथिलता बरतने का आरोप है।

### बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा




**बांदा।** जिले में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर गुरुवार को तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई, जिससे वाहन में सवार एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने बताया कि सुबह करीब नौ बजे जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र के हथौरा गांव के नजदीक बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार एक कार सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से जा टकराई।

### भावुक हुए अखिलेश, ससुर ने दी चिता को मुखाग्नि



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के बैकुंठधाम में सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे प्रतीक यादव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। अपर्णा यादव के पिता व प्रतीक के ससुर अरविंद सिंह बिष्ट ने चिता को मुखाग्नि दी। इस मौके पर मुलायम के बड़े बेटे अखिलेश यादव व चाचा शिवपाल सिंह यादव सहित पूरा परिवार मौजूद रहा। चाचा शिवपाल सिंह यादव ने दोनों बेटियों को संभाला और उन्हें सांत्वना दी।

---

### प्रशासन ने भेज दिया नोटिस

# कोर्ट के आदेश के बाद धनबाद में खाली करवाए जाएंगे 946 घर



एजेंसी ▶▶ धनबाद

धनबाद की एफसीआई सिंदरी प्रबंधन ने पीपी कोर्ट के बेदखली आदेश के तहत मनोहरटांड के कुल 746 और एसएल टू के कुल 200 अनधिकृत आवासों को शीघ्र खाली करने का नोटिस जारी किया है। चेतावनी दी है कि ऐसा नहीं करने पर बेदखली आदेश के तहत सभी आवासों को खाली करवा दिया जाएगा। नोटिस में उल्लेख है कि आवासों को खाली कराने की प्रक्रिया 30 मई से शुरू होगी। एफसीआई सिंदरी के प्रशासनिक एवं वित्तीय सलाहकार देवदास अधिकारी ने बताया कि मनोहरटांड में कुल 746 आवास हैं। इनमें मात्र 376 आवास रहने लायक हैं, जिनमें अनधिकृत तौर पर लोग रहते हैं। शेष आवास खंडहर बन चुके हैं।

---

### पंचकूला में नव निर्वाचित मेयर, चेयरमैन और पार्षदों का अभिनंदन

# ट्रिपल इंजन सरकार से विकास को मिलेगी ट्रिपल स्पीड : सीएम



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश की जनता ने निकाय चुनावों में भाजपा को ऐतिहासिक समर्थन देकर ट्रिपल इंजन सरकार बनाने का काम किया है और अब विकास कार्य भी ट्रिपल स्पीड से होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार नागरिक देवो भवः की भावना के साथ हर नागरिक के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। पंचकूला स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में आयोजित नव निर्वाचित मेयर, चेयरमैन एवं पार्षदों के अभिनंदन एवं धन्यवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा की जनता लगातार नॉन स्टॉप कमल का फूल खिलाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा को लगातार जनसमर्थन मिल रहा है, क्योंकि सरकार ने जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास और जनकल्याण के कार्य किए हैं।

#### वोट चोरी का आरोप लगाकर भ्रम फैला रहा विपक्ष : सीएम

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष लोकतंत्र का अपमान कर रहा है और चुनाव हारने के बाद ईवीएम तथा वोट चोरी जैसे आरोप लगाकर भ्रम फैलाने का प्रयास करता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता का निर्णय सर्वोपरि होता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास अब कोई मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए वह केवल बयानबाजी और दुष्प्रचार कर रही है। पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया व पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने जनादेश के लिए जनता का आभार जताया।

#### पीएम के संदेश और योजनाओं को घर-घर पहुंचाएंगे कार्यकर्ता

**चंडीगढ़।** पंचकूला स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा पेट्रोल, डीजल और गैस जैसी आवश्यक वस्तुओं के समझदारी से उपयोग को लेकर दिया गया संदेश राष्ट्रहित में है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी केवल संगठन तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज को जागरूक करना भी उनका कर्तव्य है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे प्रधानमंत्री के संदेश को स्वयं अपनाएं और जन-जन तक पहुंचाएं।

---

### योगी सरकार चला रही विशेष अभियान

**दूरस्थ क्षेत्रों में जरूरतमंदों को विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं**

# उत्तर प्रदेश में आयुष्मान योजना को और अधिक पारदर्शी बनाने महत्वपूर्ण पहल

सीएम योगी के निर्देश पर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जय) के तहत अस्पतालों और चिकित्सकों के डाटा को और अधिक सटीक बनाने के लिए विशेष सत्यापन एवं सैनेटाइजेशन अभियान चलाया गया...

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

योगी सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में लगातार बड़े कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत अस्पतालों और चिकित्सकों के डाटा को और अधिक सटीक बनाने के लिए विशेष सत्यापन एवं सैनेटाइजेशन अभियान चलाया गया। इसका उद्देश्य योजना के जरूरतमंद लाभार्थियों को सुरक्षित, पारदर्शी और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

**खास बातें**

- तकनीकी व प्रशासनिक स्तर पर सुधारात्मक कदम
- परीक्षण में पाया ,28 चिकित्सकों के नाम 15 से अधिक अस्पतालों से जुड़े थे



#### फर्जीवाड़ा, डाटा विसंगति या अनियमितताओं को रोकना योगी सरकार की प्राथमिकता

सीईओ ने बताया कि जांच के दौरान कई ऐसे मामले सामने आए, जहां चिकित्सक पूर्व में संबंधित अस्पतालों में कार्यरत थे। लेकिन समय पर डाटा अपडेट न होने के कारण उनके नाम अब भी रिकॉर्ड में दर्ज थे। वहीं, दूसरी ओर यह भी स्पष्ट हुआ कि कई विशेषज्ञ चिकित्सक वास्तव में विभिन्न अस्पतालों से जुड़े हुए हैं और अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इससे प्रदेश के दूरस्थ एवं जरूरतमंद क्षेत्रों में भी विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हो पा रही हैं, जो मरीजों के लिए बड़ी राहत है।

**अस्पतालों एवं चिकित्सकों से जुड़े डाटा का किया गया परीक्षण**

साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रयास है कि गरीब और जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंचे। साथ ही किसी भी प्रकार की अनियमितता की संभावना को समाप्त किया जा सके। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से तकनीकी और प्रशासनिक स्तर पर कई सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं। हाल ही में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान अस्पतालों एवं चिकित्सकों से जुड़े डाटा का गहन परीक्षण किया गया, जिसमें कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए।

**चिकित्सकों एवं अस्पतालों को नोटिस**

समीक्षा के दौरान पाया गया कि 28 चिकित्सकों के नाम 15 से अधिक अस्पतालों से जुड़े हुए थे, जबकि 274 चिकित्सकों के नाम सात से अधिक अस्पतालों में दर्ज पाए गए। इस पर संबंधित चिकित्सकों एवं अस्पतालों को नोटिस जारी किए गए और तीन दिवसीय सत्यापन प्रक्रिया संचालित की गई। इस दौरान सभी संबंधित पक्षों को अपना पक्ष रखने तथा आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करने का पूरा अवसर दिया गया।

---

### उपचुनाव में जीत से तेजस्वी का जोश हाई, बोले-

# बैलेट पेपर से वोटिंग में एनडीए-भाजपा कहीं नहीं टिकने वाला



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने गुरुवार को कहा कि भोजपुर बक्सर एमएलसी उपचुनाव में आरजेडी के सोनू राय की भारी मतों से जीत हुई है। एनडीए को करारी हार का सामना करना पड़ा। आरजेडी के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं और मतदाताओं को शुभकामनाएं और बधाई देता हूं। यह चुनाव बैलेट से हुआ। अगर बैलेट से चुनाव होगा तो भाजपा और एनडीए कहीं टिकने वाला नहीं है। आरजेडी के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि पिछले साल हुआ बिहार विधानसभा का चुनाव बैलेट पेपर से होता, तो आरजेडी और महागठबंधन को 150 से भी ज्यादा सीटें मिलतीं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार में बैठे लोगों ने मशीन के साथ छल-कपट करके हमें हराने का काम किया।

**सरकार के लोगों का मशीन के साथ छल कपट**

#### ईवीएम से आधी रात तक मतगणना, तो फिर बैलेट पेपर ही ठीक

तेजस्वी ने ईवीएम पर सवाल उठाते हुए कहा कि आज भी जब मशीन से वोटों की गिनती होती है, तो पूरा दिन लग जाता है। रात के एक-दो बजे तक मतगणना चलती रहती है। पहले भी वही होता था, तो कोई फर्क नहीं है। जब ईवीएम में भी मतगणना का समय उतना ही लग रहा है, तो बैलेट पर ही वोटिंग क्यों नहीं कराई जाती है। उन्होंने ने कहा कि बैलेट से वोटिंग होने पर परिणाम सभी जानते हैं, एनडीए और भाजपा कहीं टिकने वाली नहीं है।

#### आरजेडी ने जेडीयू से छीनी एमएलसी सीट

भोजपुर बक्सर स्थानीय प्राधिकार एमएलसी सीट पर हुए उपचुनाव के नतीजे गुरुवार को घोषित कर दिए गए। आरजेडी के प्रत्याशी सोनू राय ने जेडीयू के कन्हैया प्रसाद को 350 से अधिक वोटों से हरा दिया। आरजेडी ने जेडीयू से यह सीट छीन ली है।

---

## पेज एक का शेष

### बोले, अमेरिका की दादागिरी ...

प्रतिरोध कोई नई बात यानी अपरिचित लड़ाई नहीं है। हममें से कई लोग इसी प्रकार के घृणित दबाव के थोड़े या बहुत अधिक रूपों का सामना करते हैं। लेकिन अब वक्त आ गया है कि हम सब (ब्रिक्स) मिलकर आगे बढ़ें और इस दिशा में एकजुटता से कार्य करें। जिससे यह साफ हो जाएगा कि यह प्रथाएं इतिहास के कूड़ेदान में फेंके जाने के लायक हैं। ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की यह बैठक 14 से 15 मई तक होगी। शुक्रवार को अगर समूह के सभी सदस्य देशों के बीच सहमति बन जाती है। तो हो सकता है कि इसके अंत में कोई संयुक्त घोषणापत्र या साझा बयान जारी किया जा सकता है। ईरान, यूएई की ब्रिक्स की बैठक में बनी हुई मौजूदगी से फिलहाल इस संबंध में कोई टिप्पणी नहीं की जा सकती है।

### अस्थिरता उनके लिए ...

को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। जिससे हम सभी दो चार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इतिहास इस बात का साक्षी रहा है कि पतन की ओर बढ़ते साम्राज्य अपने अपरिहार्य भाग्य को रोकने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। वहीं, अब दुनियाभर के उपभोक्ता और सरकारें उनके इस खेल को भली-भांति समझ रही हैं।

### ब्रिक्स की बैठक में अराघची ...

हुई। हालांकि ब्रिक्स की बैठक के क्रम में भारत और ईरान के विदेश मंत्रियों के बीच एक द्विपक्षीय बैठक भी प्रस्तावित है। जिसमें भारत की तरफ से होर्मुज जलडमरूमध्य के मामले पर अपना पक्ष रखा जा सकता है।

### पीएम से हुई शिष्टाचार ...

पर एक पोस्ट में कहा था कि ब्रिक्स की बैठक के लिए भारत पहुंचने पर ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची का हार्दिक स्वागत है। पश्चिम-एशिया में बढ़ता संकट, वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला पर पड़ते इसके प्रभावों की बैठक में चर्चा हो सकती है। सितंबर-2026 में होने वाले ब्रिक्स के शिखर सम्मेलन से ठीक पहले भारत इस अहम बैठक की मेजबानी कर रहा है।

**ग्लोबल साउथ की आकांक्षाओं का बड़ा मंचः** समूह देशों के विदेश मंत्रियों के साथ मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि विदेश मंत्रियों और ब्रिक्स देशों के प्रतिनिधिमंडल के प्रमुखों के साथ मुलाकात कर प्रसन्नता हुई है। ये समूह उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग को बढ़ावा देने और वैश्विक दक्षिण की आकांक्षाओं को आवाज देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में उभरा है। 2026 में भारत की अध्यक्षता में हम एकजुटता से बहुपक्षीयता को मजबूत करने, सतत विकास को बढ़ावा देने, आर्थिक लचीलापन बढ़ाने और एक अधिक समावेशी व्यवस्था का निर्माण करने के लिए कार्य करेंगे।

**संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान के पक्ष में भारत :** पीएम ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से हुई मुलाकात को लेकर भी एक्स पर एक पोस्ट साझा की। जिसमें मुलाकात पर खुशी जताते हुए कहा कि हमने यूक्रेन, पश्चिम एशिया की स्थिति सहित विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान के उद्देश्य से जुड़े प्रयासों के लिए हमारी निरंतर सहायता को दोहराया। दोनों देशों की विशेष, विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी के तमाम पहलुओं पर प्रगति के बारे में अवगत कराने के लिए धन्यवाद दिया।

**सितंबर में होगा शिखर सम्मेलन :** भारत के पास वर्ष 2026 में ब्रिक्स की अध्यक्षता है। सितंबर महीने में समूह का शिखर सम्मेलन होगा। जिसके पूर्व में यह बैठक आयोजित की गई थी। शुक्रवार को औपचारिक रूप से इसका समापन होगा। ब्रिक्स की स्थापना वर्ष 2006 में हुई थी। जिसमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण-अफ्रीका सदस्य देश के रूप में शामिल हैं। 2024 में समूह का विस्तार हुआ था और उस दौरान ईरान, यूएई, इथोपिया और मिस्त्र जैसे देश इसमें बतौर सदस्य देश के रूप में शामिल हुए। इसके अगले साल यानी 2025 में इंडोनेशिया ब्रिक्स का सदस्य बना था। ब्रिक्स दुनिया की 11 उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं का समूह है। जिसमें वैश्विक आबादी 49.5%, वैश्विक जीडीपी का 40% और उसके अलावा अंतरराष्ट्रीय व्यापार का 26% भाग आता है।

**चीन के राजदूत की रही मौजूदगी :** बैठक में जहां ईरान, रूस व कुछ अन्य सहयोगी देशों के विदेश मंत्रियों की मौजूदगी रही। तो वहीं चीन के भारत में राजदूत शी फीहोंग ने अपने देश का नेतृत्व किया। जबकि यूएई के विदेश राज्य मंत्री खलीफा शाहीन अल मरार ब्रिक्स की बैठक में शामिल हुए।

### भाजपा किसान मोर्चा...

की अपील की अवहेलना है। भिंड के भाजपा नेता सज्जन सिंह यादव ने बुधवार को 100 से अधिक लग्जरी वाहनों के साथ शहर में प्रवेश किया था। इस दौरान शहर का ट्रैफिक बाधित हुआ तो हॉर्न बजाते और नारेबाजी के कारण शोर भी हुआ। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देश पर मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने यह कार्रवाई की है। इस मामले में देश में यह पहली कार्रवाई है। नियुक्ति के 18 दिन में ही भाजपा ने उन्हें भिंड जिला भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष पद से हटा दिया है। बता दें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छह दिन में दो बार ईंधन बचाने की अपील कर चुके हैं। इसके बाद उन्होंने अपने काफिले से वाहन कम कर दिए। देश के गृह मंत्री अमित शाह, अन्य विभागों के मंत्रियों, मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं मंत्रियों ने भी काफिले से वाहन कम कर दिए। इसके बाद भी सज्जन सिंह यादव अध्यक्ष बनने के बाद शक्ति प्रदर्शन कर रहे थे।

**अनुशासनहीनता पर कार्रवाई की जाएगीः** जयपाल सिंह चावड़ा ने बताया कि मंगलवार के बाद जहां-जहां से ऐसे मामले सामने आए हैं, वहां की जानकारी लेकर जिम्मेदारों से चर्चा की जा रही है। अभी भिंड का मामला प्रकाश में आया था। इस मामले में भिंड के जिला अध्यक्ष को दायित्व मुक्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जहां भी इस तरह की अनुशासनहीनता सामने आएगी, उनके खिलाफ सख्त निर्णय लिए जाएंगे।

### केरल में कांग्रेस का बड़ा ...

लगभग स्पष्ट हो गया था कि मुख्यमंत्री उसी नेता को बनाया जाएगा जो विधायक बनकर आया हो। चूंकि केसी वेणुगोपाल राज्यसभा सदस्य हैं, इसलिए यदि उन्हें मुख्यमंत्री बनाया जाता तो उन्हें राज्यसभा से इस्तीफा देकर छह महीने के भीतर विधानसभा चुनाव लड़ना पड़ता। पार्टी नेतृत्व इस स्थिति से बचना चाहता था।

**विधायक दल के नेता होने का मिला फायदा :** राजनीतिक और संगठनात्मक दोनों स्तरों पर वीडी सतीशन की स्थिति मजबूत मानी जा रही थी। वे चुनाव से पहले विपक्ष के नेता रहे और कांग्रेस विधायक दल का नेतृत्व भी कर रहे थे। पार्टी के सहयोगी दलों का समर्थन भी उनके पक्ष में बताया गया। यही वजह रही कि अंतिम दौर में सतीशन और रमेश चेन्निथला के बीच चर्चा होने के बावजूद नेतृत्व ने सतीशन को जिम्मेदारी सौंपने का फैसला किया। सूत्रों के मुताबिक पार्टी अब संगठन और सरकार के बीच संतुलन बनाने की रणनीति पर काम कर रही है। इसी क्रम में रमेश चेन्निथला को विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी दिए जाने की चर्चा तेज है। माना जा रहा है कि इससे पार्टी के भीतर सभी गुटों को साधने में मदद मिलेगी।

**विधायकों ने हाईकमान को दिया था 'फ्री हैंड' :** मुख्यमंत्री के नाम की औपचारिक घोषणा दीपा दासमुंशी ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में की। उन्होंने कहा कि नव निर्वाचित विधायकों ने मुख्यमंत्री चुनने के लिए पार्टी हाईकमान को "फ्री हैंड" दिया था। शीर्ष नेतृत्व ने सभी पक्षों से विमर्श और राजनीतिक समीकरणों पर विचार करने के बाद वीडी सतीशन के नाम पर सहमति बनाई। घोषणा के तुरंत बाद केसी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया पर सतीशन को बधाई देते हुए उनके नेतृत्व में राज्य सरकार को सफल होने की शुभकामनाएं दीं। पार्टी नेतृत्व इसे कांग्रेस की एकजुटता का संकेत मान रहा है।

**कांग्रेस ने दिया पीढ़ी परिवर्तन का संकेत :** राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि वीडी सतीशन को मुख्यमंत्री बनाकर कांग्रेस ने केरल में नई पीढ़ी के नेतृत्व को आगे बढ़ाने का स्पष्ट संदेश दिया है। पार्टी नेतृत्व राज्य में लंबे समय बाद मिली सत्ता को स्थिर और संतुलित तरीके से चलाना चाहता है। ऐसे में संगठनात्मक पकड़, विधानसभा अनुभव और सहयोगी दलों से तालमेल को प्राथमिकता दी गई। कांग्रेस के भीतर यह भी माना जा रहा है कि सतीशन का अपेक्षाकृत आक्रामक विपक्षी चेहरा उन्हें सरकार चलाने में राजनीतिक बढ़त दिला सकता है। वहीं वेणुगोपाल को संगठन में राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी जिम्मेदारी मिलने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा रहा है।

### नीट पेपर लीक : 24 घंटे में ...

वाघमारे निवासी पुणे के रूप में हुई है। दोनों की गिरफ्तारी पिछले 24 घंटों के दौरान की गई। जयपुर, गुरुग्राम और नासिक से पहले ही पकड़े जा चुके हैं पांच आरोपीः इससे पहले बुधवार को 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इनमें तीन आरोपी जयपुर, एक गुरुग्राम और एक नासिक से पकड़ा गया था। सभी पांचों आरोपियों को गुरुवार को दिल्ली की सक्षम अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 7 दिन की हिरासत में भेज दिया गया। रिमांड के दौरान आरोपियों से पेपर लीक नेटवर्क, आर्थिक लेनदेन, सॉल्वर गैंग और अन्य संभावित आरोपियों के संबंध में गहन पूछताछ की जाएगी।

### कई संदिग्ध एजेंसी ...

सीबीआई ने कहा है कि मामले से जुड़े हर पहलू की गंभीरता से जांच की जा रही है और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। एजेंसी सभी सुरागों पर काम कर रही है ताकि पेपर लीक के पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सके।

### सेनाओं की संयुक्तता ...

अलावा राष्ट्रीय सुरक्षा के नजरिए से देखें तो इस मामले में बढ़त प्रयोगशालाओं, उद्योग, स्टार्टअप, नीति-निर्माता और सैन्य संस्थानों के निकटता और समन्वय के साथ कार्य करने के आधार पर मिलेगी।

### दूसरों पर निर्भरता से ...

लिए दूरदर्शी तैयारी आवश्यक है। राजनाथ के मुताबिक, मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव, जारी संघर्षों, साइबर खतरों, आपूर्ति श्रृंखला की कमजोरियों और हाइब्रिड युद्ध के उभरते हुए स्वरूपों के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा अब पुराने अनुमानों पर आधारित नहीं रह सकती है। इसके लिए हमारी तैयारी, लचीलापन, नवाचार और रणनीतिक आत्मविश्वास बेहद जरूरी हैं। उन्होंने आत्मनिर्भरता को महज एक आर्थिक लक्ष्य नहीं बल्कि रणनीतिक आवश्यकता बताया है। जो राष्ट्र जरूरी रक्षा क्षमताओं के लिए दूसरों पर निर्भर रहता है। वह संकट के समय असुरक्षित हो जाता है। हमें अपने राष्ट्रीय तंत्र के अंदर ही प्रमुख रक्षा प्रणालियों का डिजाइन, विकास, उत्पादन, रखरखाव और उन्नयन करना होगा। इसी के जरिए हम अपनी रणनीतिक स्वायत्तता सुनिश्चित कर सकेंगे।

### राहुल के विदेश दौरे ...

शामिल नहीं किया गया है। उधर, कांग्रेस ने भी प्रधानमंत्री मोदी के पिछले 12 साल में 76 देशों के 96 दौरों की लिस्ट जारी की है। कांग्रेस ने एक्स पोस्ट में लिखा- जनता की गाढ़ी कमाई, मौज-मस्ती पर उड़ाई।

---

### पतंजलि का बड़ा शोधः अमेरिकी जर्नल ने स्वीकारा

# दालचीनी में छिपा है मधुमेह नियंत्रण का प्राकृतिक सूत्र



**हरिद्वार।** पतंजलि के वैज्ञानिकों की कई दिनों और रातों की मेहनत रंग लाई जो एक बार फिर वैश्विक स्तर पर चमक बिखेर रही है। पतंजलि के वैज्ञानिकों की ओर से दालचीनी को लेकर किए जा रहे अनुसंधान को अमेरिका के प्रसिद्ध जर्नल एल्सवियर के फूड रिसर्च इंटरनेशनल ने न केवल स्वीकार किया है अपितु इस बात पर भी मुहर लगा दी है कि दालचीनी में मिलने वाले जैव सक्रिय तत्व से मधुमेह जैसी गंभीर बीमारी को भी नियंत्रित किया जा सकता है। यह शोध वैश्विक स्तर पर आयुर्वेद को जहां बड़ा बल देती है, वहीं, मधुमेह के इलाज में दालचीनी की भूमिका को लेकर इलाज के नये आयाम खोल देती है।यानि दालचीनी वायु व पित्त का हरण करके शुक्र और बल के रूप को बढ़ाने वाला होता है वैसे भी हम दालचीनी के गुणों को वर्षों से जानते और समझते आ रहे हैं लेकिन जो पतंजलि के वैज्ञानिकों के पुरुषार्थ से वैश्विक स्तर पर निकलकर सामने आया है और जिसे विज्ञान ने अब मान्यता दे दी है, वह आयुर्वेद में मील का पत्थर साबित होगा।दरअसल, दालचीनी को लेकर पतंजलि के वैज्ञानिक लंबे समय से अनुसंधान कर रहे थे।

अनुसंधान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी प्रमाणिक तथ्यों को अमेरिका के प्रसिद्ध जर्नल 'एल्सवियर' के फूड रिसर्च इंटरनेशनल को भेजा गया। जहां उन्होंने न केवल पतंजलि के रिसर्च को स्वीकार किया बल्कि उस तथ्य को भी माना, जिसमें पतंजलि के वैज्ञानिकों ने अपने रिसर्च में दालचीनी से मधुमेह नियंत्रण की बात कही। अंतर्राष्ट्रीय जर्नल ने दालचीनी के जैव सक्रिय तत्वों (बायो एवैलेबिलिटी) व मधुमेह के नियंत्रण में उसकी भूमिका (हाइपोग्लाइसेमिक) व विभिन्न खाद्य पदार्थों के साथ प्रयोग करने पर उसकी प्रभावशीलता के संदर्भ में पतंजलि की ओर से किए गए अनुसंधान को स्वीकार किया है।

---

### युवाओं को ऐसा हुनर सिखाना मुख्य उद्देश्य

# एनआईआईटी फाउंडेशन ने साल 2026-27 के लिए तैयार किया नया स्किलिंग प्लान



**नई दिल्ली।** एनआईआईटी फाउंडेशन ने साल 2026-27 के लिए अपनी नई स्किलिंग रणनीति पेश की है। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को ऐसा हुनर सिखाना है जिससे उन्हें सीधे रोज़गार मिल सके। साल 2025-26 के दौरान एनआईआईटी फाउंडेशन ने भारत के 84% जिलों तक विस्तार किया और 32 लाख से अधिक छात्रों को स्किल सर्टिफिकेट प्रदान किए।फाउंडेशन का कहना है कि अब उनका मुख्य लक्ष्य इस विस्तार को रोज़गार, बेहतर आय और स्वरोज़गार के अवसरों में बदलना है। इसके साथ ही, भविष्य की ज़रूरतों को देखते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), साइबर सुरक्षा और डिजिटल साक्षरता जैसे आधुनिक विषयों में ट्रेनिंग को और भी एडवांस बनाया जाएगा।देश के 28 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में अपनी सक्रिय मौजूदगी दर्ज कराते हुए, एनआईआईटी फाउंडेशन अब तक 1.33 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। इस संस्था ने अपने देशव्यापी नेटवर्क, जिसमें 45 करियर डेवलपमेंट सेंटर, 45 स्किल डेवलपमेंट सेंटर, 19 डिजिटल बसें और 56 'हाईडब्ल्यूईएल' लर्निंग स्टेशन शामिल हैं, के जरिए बड़े स्तर पर युवाओं को कुशल और आत्मनिर्भर बनाने का काम किया है।वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, फाउंडेशन ने देश के 84 प्रतिशत जिलों तक विस्तार किया, जिनमें 90 से अधिक प्रगतिशील जिले भी शामिल हैं।

## चिंतन

# मतदाता सूची शुद्ध है ये दिखना भी जरूरी

लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत निष्पक्ष और भरोसेमंद चुनाव होते हैं। चुनाव तभी विश्वसनीय माने जाते हैं, जब मतदाता सूची पूरी तरह पारदर्शी, सटीक और संदेह से परे हो। यही वजह है कि चुनाव आयोग द्वारा शुरू किया गया मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक विश्वास को मजबूत करने का अभियान है। अब जब आयोग ने 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में तीसरे चरण की घोषणा कर दी है, तो यह जरूरी हो जाता है कि मतदाता सूची न केवल शुद्ध हो, बल्कि जनता को यह स्पष्ट रूप से दिखे भी कि प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी है। एसआईआर का तीसरा चरण 1 जुलाई से शुरू होगा। पिछले एसआईआर में मतदाता सूची को लेकर कई विवाद सामने आए। कर्नाटक में हजारों वोटर आईडी में मकान नंबर "0", "00", "77777" या "9999" दर्ज पाए गए। बिहार में भी करीब 2.92 लाख मतदाताओं के पते इसी तरह दर्ज होने का मामला सामने आया। विपक्ष ने इसे फर्जी मतदाताओं और चुनावी धांधली से जोड़कर सवाल उठाए। चुनाव आयोग ने सफाई दी कि बेघर, अनधिकृत कॉलोनियों या बिना नंबर वाले मकानों में रहने वाले लोगों को मतदाता सूची से बाहर न करने के लिए ऐसे "नोशनल नंबर" दिए जाते हैं। यह तर्क मानवीय और समावेशी जरूर है, लेकिन सवाल यह है कि यदि सत्यापन की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता से नहीं होगी तो संदेह की गुंजाइश बनी रहेगी। यदि मतदाता सूची में एक ही पते पर दर्जनों नाम दिखाई दें या हजारों घरों का नंबर "0" हो, तो आम मतदाता के मन में शंका पैदा होना स्वाभाविक है। यही कारण है कि चुनाव आयोग को अब तकनीकी और प्रशासनिक दोनों स्तरों पर सुधार की जरूरत है। आयोग द्वारा मकान नंबर की अनिवार्यता खत्म करने या नए फॉर्मेट पर विचार करना एक सकारात्मक कदम हो सकता है, लेकिन इसके साथ मजबूत ग्राउंड वेरिफिकेशन और जवाबदेही भी जरूरी होगी। तीसरे चरण में 3.94 लाख बीएलओ और 3.42 लाख बीएलए को लगाया गया है, जो घर-घर जाकर लगभग 36.73 करोड़ मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। बीएलओ द्वारा की गई एंट्री का डिजिटल ऑडिट, जीपीएस आधारित सत्यापन और राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी भी उतनी ही जरूरी है। एसआईआर में पिछली जो गलतियां सामने आई, उन्हें भी इस बार ठीक करना होगा। वहीं, सुप्रीम कोर्ट द्वारा उठाए गए सवालों को भी प्रक्रिया में शामिल किया जाए। बीएलओ और अन्य कर्मचारियों को भी सुरक्षा देना प्राथमिकता होना चाहिए ताकि वे निष्पक्षता से काम कर सकें। इसके अलावा गर्मी का मौसम भी चुनौती बढ़ा सकता है। विपक्ष के आरोपों, सुप्रीम कोर्ट के सवालों और चुनाव आयोग के जवाबों के बीच राजनीतिक टकराव भी तेज हुआ है। इस मुद्दे को केवल राजनीतिक लाभ-हानि के नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए। मतदाता सूची किसी एक दल की नहीं, पूरे लोकतंत्र की नींव है। हालांकि पिछली बार पश्चिम बंगाल को छोड़ दें तो बाकी राज्यों में कोई ज्यादा दिक्कत नहीं है। अगले साल मणिपुर, उत्तराखंड, पंजाब, यूपी और गुजरात में विधानसभा चुनाव भी होने हैं। अंततः, एसआईआर केवल मतदाता सूची सुधारने की कवायद नहीं, बल्कि लोकतंत्र में जनता के विश्वास की परीक्षा भी है। चुनाव आयोग को यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी पात्र मतदाता वंचित न रहे और कोई भी फर्जी नाम सूची में न बचे। मतदाता सूची शुद्ध होना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी यह दिखना भी है कि प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और भरोसेमंद है। यही लोकतंत्र की असली मजबूती होगी।

## सारा संसार



जम्मू कश्मीर राज्य में त्रिकुटा पहाड़ियों में समुद्रतल से 15 किमी की ऊंचाई पर स्थित माता वैष्णोदेवी मंदिर भारत के प्रसिद्ध चमत्कारी मंदिर में से एक है, जो हिंदू धर्म के लोगों के लिए आध्यात्मिकता और श्रद्धा से भरपूर है। इतनी कठिनाई पर स्थित होने के बावजूद भी यहां हर साल लाखो की संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन और फरियादे लेकर आते है। वैष्णो देवी एक धार्मिक ट्रेकिंग डेस्टिनेशन है।

## संदेश

डॉ. कविता सिंधु खरीटा



# पीएम का आह्वान आत्मनिर्भर भारत की ओर जागरूक कदम

आज का समय केवल विकास की दौड़ का नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रहित को समझने का समय है। वैश्विक परिस्थितियों, आर्थिक प्रतिस्पर्धा और बदलते अंतरराष्ट्रीय समीकरणों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया "राष्ट्रहित का आह्वान" केवल एक राजनीतिक संदेश नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के लिए जिम्मेदारी का संदेश है। यह आह्वान हमें याद दिलाता है कि राष्ट्र निर्माण केवल सरकारों से नहीं होता, बल्कि आम नागरिकों की छोटी-छोटी आदतों और निर्णयों से भी होता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कई बार "वोकल फॉर लोकल", "मेक इन इंडिया" और "आत्मनिर्भर भारत" जैसे अभियानों के माध्यम से देशवासियों को स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और विदेशी निर्भरता कम करने का संदेश दिया है। उनका मानना है कि जब भारत का नागरिक अपने ही देश में बने उत्पादों पर विश्वास करेगा, तभी भारत आर्थिक रूप से मजबूत बन सकेगा। यह केवल व्यापार का विषय नहीं, बल्कि देश के करोड़ों किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों और युवाओं के भविष्य से जुड़ा हुआ प्रश्न है। भारत जैसे विशाल देश में यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने दैनिक जीवन में थोड़ी जागरूकता दिखाए, तो इसका प्रभाव पूरे राष्ट्र की अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। उदाहरण के लिए, यदि हम स्थानीय उत्पाद खरीदते हैं, तो उससे छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन मिलता है, रोजगार के अवसर बढ़ते हैं और देश का पैसा देश में ही रहता है। इसके विपरीत विदेशी वस्तुओं पर अत्यधिक निर्भरता देश की आर्थिक शक्ति को कमजोर करती है। प्रधानमंत्री का यह आह्वान केवल आर्थिक दृष्टि से ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टि से भी अत्यंत आवश्यक है। भारतीय संस्कृति सदैव आत्मसम्मान, श्रम और स्वदेशी भावना को महत्व देती रही है। महात्मा गांधी ने भी स्वदेशी आंदोलन के माध्यम से यही संदेश दिया था कि आत्मनिर्भरता ही सच्ची स्वतंत्रता का आधार है। आज वही भावना आधुनिक रूप में फिर से देश के सामने प्रस्तुत की जा रही है। हालांकि केवल सरकार के प्रयास पर्याप्त नहीं होते। नागरिकों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। हमें यह विचार करना होगा कि क्या हम अपने निर्णयों से देशहित को प्राथमिकता दे रहे हैं? क्या हम पर्यावरण, स्थानीय रोजगार और भारतीय उद्योगों के प्रति संवेदनशील हैं? यदि प्रत्येक नागरिक इन प्रश्नों पर गंभीरता से विचार करे, तो भारत को विश्व शक्ति बनने से कोई नहीं रोक सकता। आज आवश्यकता केवल नारों की नहीं, बल्कि व्यवहारिक परिवर्तन की है। राष्ट्रहित का अर्थ केवल सीमा पर देश की रक्षा करना नहीं, बल्कि अपने दैनिक जीवन में ऐसे निर्णय लेना भी है जो देश को मजबूत बनाएं। स्वदेशी अपनाना, स्थानीय व्यवसायों को बढ़ावा देना, संसाधनों का संयमित उपयोग करना और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करना ,यही सच्चा राष्ट्रधर्म है। अंततः प्रधानमंत्री मोदी का राष्ट्रहित आह्वान हमें यह सिखाता है कि देश का भविष्य केवल नीतियों से नहीं, बल्कि नागरिकों की सोच और सहभागिता से तय होता है। यदि भारत का हर नागरिक राष्ट्रहित को अपने व्यक्तिगत हित से ऊपर रखना सीख जाए, तो आत्मनिर्भर, समृद्ध और शक्तिशाली भारत का सपना अवश्य साकार होगा।

( लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



मुद्दा
प्रमोद भार्गव

# ईरान-अमेरिका युद्ध में तेल की बर्बादी

**अमेरिका-ईरान के बीच जंग के मैदान बने समुद्र में तेल खेल का औजार बन गया है। अमेरिकी नाकाबंदी के चलते एक महीने के भीतर ईरान के 58 तेल टैंकर होर्मुज जलडमरूमध्य पार नहीं कर पाए। इस कारण प्रतिदिन 30 लाख बैरल से ज्यादा कच्चा तेल समुद्र में बहा रहा है। हर दिन नष्ट किए जा रहे इस तेल की कीमत 2800 करोड़ रुपये है। ईरान को ऐसा इसलिए करना पड़ रहा है, क्योंकि उसकी तीन करोड़ बैरल तेल भंडारण की क्षमता पूरी हो चुकी है। मध्य एशिया में जल रहा यह तेल हिंद महासागर के तापमान को अप्रत्याशित रूप में बढ़ाएगा। इसका सीधा प्रभाव मौसम चक्र पर पड़ेगा। परिणाम स्वरूप अतिवृष्टि, अनावृष्टि, बाढ़, धूल भरे अंधड़ की घटनाएं कालांतर में देखने को मिल सकती हैं।**

अमेरिका-ईरान के बीच जंग के मैदान बने समुद्र में तेल खेल का औजार बन गया है। अमेरिकी नाकाबंदी के चलते एक महीने के भीतर ईरान के 58 तेल टैंकर होर्मुज जलडमरूमध्य पार नहीं कर पाए। इस कारण प्रतिदिन 30 लाख बैरल से ज्यादा कच्चा तेल समुद्र में बहा रहा है। हर दिन नष्ट किए जा रहे इस तेल की कीमत 2800 करोड़ रुपये है। ईरान को ऐसा इसलिए करना पड़ रहा है, क्योंकि उसकी तीन करोड़ बैरल तेल भंडारण की क्षमता पूरी हो चुकी है। ईरान के पास 3500 ऐसे तेल के कुएं हैं, जिनसे निरंतर तेल का उत्पादन जरूरी है। यदि तेल निकालना बंद कर दिया गया तो इन कुओं से तेल का उत्पादन हमेशा के लिए बंद हो जाएगा। ऐसा इसलिए हो जाता है, क्योंकि ड्रिलिंग बंद कर देने से कुएं के भीतर डाली गई पाइपलाइनों में पानी-गैस भर जाती है।

इन्हीं पाइपों से कच्चा तेल रिस-रिसकर आता है। तेल की चट्टानों के छेदों में वैक्स की परत जम जाने से तेल रिसना बंद हो जाता है। यह मोम जैसा प्राकृतिक या रासायनिक ठोस पदार्थ होता है। ईरान कच्चे तेल का 90 प्रतिशत निर्यात खार्ग द्वीप से करता है। यहीं ईरान के तेलों के भंडार गृह हैं। तेल की यह बर्बादी पश्चिम एशिया के देशों के लिए ऊर्जा का संकट तो बन ही रही है, समुद्री पर्यावरण भी तेजी से बिगड़ रहा है। इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जनता से अपील करनी पड़ी है कि इस संकट के दौरान पेट्रोल, डीजल, गैस और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों का उपयोग कम से कम करें। यूरोपियन स्पेस एजेंसी के सेंटीनल सैटेलाइट डेटा और अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार खरास की खाड़ी एवं होर्मुज स्ट्रेट के आसपास समुद्री पानी की सतह पर तेल की परतें देखी गई हैं। ये परतें कुवैत के लावन द्वीप, केशम द्वीप और खार्ग द्वीप के समुद्र में बड़े-बड़े धब्बों के आकार में देखी गई हैं। इनमें से एक धब्बा करीब 120 वर्ग किमी क्षेत्र में फैला हुआ है। विशेषज्ञों ने रडार डेटा की मदद से इसका विश्लेषण करते हुए कहा है कि सतह पर तैरता तेल लहरों को शांत कर देता है, जिससे रडार से ली गई तस्वीरों में काले और चिकने धब्बे दिखाई देते हैं। इस कारण यह आशंका बनी है कि ईरान समुद्र में तेल बर्बाद कर रहा है। यदि यह तेल लगातार छोड़ा जाता रहा तो इससे समुद्री जीवन और पर्यावरण को भारी नुकसान हो सकता है। फारस की खाड़ी के समुद्री क्षेत्रों में बड़ी संख्या में मछुआरे, कोरल रीफ और अन्य समुद्री जीव रहते हैं, जिन पर लाखों लोगों की आजीविका निर्भर है। यह तेल मछलियों के लिए जहर का काम कर सकता है। समुद्री पक्षियों को नुकसान पहुंचाता है और संवेदनशील समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को तबाह कर देता है। ऐसे में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है और अनेक समुद्री जीव बेमौत मर जाते हैं। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच छिड़ी जंग समुद्री पर्यावरण के लिए भारी संकट के रूप में पेश आ रही है। यह संकट धरती से लेकर आसमान तक कहर ढा रहा है। होर्मुज के संकरे मार्ग पर तेल की इस बर्बादी से पहले पेट्रोलियम पदार्थों से भरे करीब 20 जहाज नष्ट कर दिए गए गए थे। एक अनुमान के अनुसार इन टैंकरों में तीन लाख मीट्रिक टन तरल एलपीजी भरी हुई थी। एक बड़े गैस टैंकर में लगभग 45 हजार मीट्रिक टन एलपीजी होती है और एक बड़े गैस टैंकर से करीब 31 से 32 लाख घरेलू गैस सिलेंडर भरे



जा सकते हैं। पेट्रोलियम पदार्थ एक साथ मिट्टी, पानी और हवा को दूषित करते हुए मानव जीवन के लिए वरदान की बजाय अभिशाप साबित होने लग जाते हैं। तेल के रिसाव, तेल टैंकों के टूटने व धोने से भी समुद्र का पर्यावरणीय पारिस्थितिकी-तंत्र (इकोसिस्टम) प्रभावित हो रहा है। कुछ साल पहले जापान में टोकियों के तट पर 317 किमी की पट्टी पर तेल के फैलाव से जापान के तटवर्ती शहरों में हाहाकार मच गया था। रूस में बेलाय नदी के किनारे बिछी तेल पाइप लाइन से 150 मीट्रिक टन के रिसाव ने यूराल पर्वत पर बसे ग्रामवासियों को पेय जल का संकट खड़ा कर दिया था। सैनजुआन जहाज के कोरल चट्टानों से टकरा जाने के कारण अटलांटिक तट पर करीब तीस लाख लीटर तेल का रिसाव होने से समुद्री जीव प्रभावित हुए थे। मुंबई हाई से लगभग 1600 मीट्रिक टन तेल का रिसाव हुआ। इसी तरह बंगाल की खाड़ी में क्षतिग्रस्त तेल से फैले टैंकर ने निकोबार द्वीप समूह में तबाही मचा दी थी। जिससे यहां रहने वाली जनजातियों और समुद्री जीवों को भारी हानि हुई थी। लाइबेरिया के एक टैंकर से 85000 मीट्रिक टन रिसे तेल ने स्कॉटलैण्ड में पक्षी-समूहों को बड़ी तादात में हानि पहुंचाई दी थी। सबसे भयंकर तेल का फैलाव यूएसए के अलास्का में हुआ था। यह रिसाव प्रिंस विलियम साउण्ड टैंकर से हुआ था। इस तेल के फैलाव का असर छह माह तक रहा। इस अवधि के दौरान इस क्षेत्र में 35000 पक्षी, 10000 ओस्टर शेलफिस और 15 व्हेल मछली मर गईं थीं। बावजूद इस घटना का असर इराक युद्ध में सद्दाम हुसैन द्वारा समुद्र में छोड़े तेल से कम था। यह तेल इसलिए छोड़ा गया था कि कहीं यह अमेरिका के हाथ न लग जाए। अमेरिका द्वारा इराक के तेल टैंकरों पर की गई बमबारी से भी लाखों टन तेल समुद्री सतह पर फैला था। एक अनुमान के मुताबिक इस कच्चे तेल की मात्रा 110 लाख बैरल थी। इस तेल के बहाव ने फारस की खाड़ी में घुसकर जीव जगत के लिए भारी हानि पहुंचाई थी। इस प्रदूषण का असर मिट्टी, पानी और हवा तीनों पर पड़ा था। जानकारों का मानना है कि इराक युद्ध का पर्यावरण पर पड़ा दुष्प्रभाव हिरोशिमा-नागासाकी पर हुए परमाणु हमले, भोपाल गैस त्रासदी और चेरनोबिल दुर्घटना से भी ज्यादा था। इस कारण इराक का एक क्षेत्र जहरीले रेगिस्तान में तब्दील हो गया और वहां महामारी का प्रकोप भी अर्से तक रहा। समुद्री सतह पर ये तरल द्रव्य बड़ी मात्रा में फैलते हैं तो इससे जल की सतह पर एक मोटी परत बन जाती है,सूर्य की रोशनी और ऑक्सीजन को नीचे जाने में बाधा बन जाती है। इससे जल के भीतर स्वाभाविक रूप में जीवन व्यतीत कर रहे जीव दम घुटने से मर जाते हैं। जो जीव किसी कारण से बचे भी रहते हैं,उनकी प्रजनन क्षमता बुरी तरह प्रभावित हो जाती है। तेल के कुओं और भंडार गृहों में आग लगने से तीव्र एवं जहरीली रोशनी निकलती है। यह रोशनी मधुमक्खियों जैसे परा-गणकों को प्रभावित कर उनके जीवन चक्र को बाधित कर देती है। समुद्र में जल रहा तेल पृथ्वी का ऊर्जा संतुलन तेजी से बिगाड़ने का काम कर रहा है। इससे भविष्य में वैश्विक जलवायु आपातकाल की स्थिति निर्मित हो रही है। ऊर्जा असंतुलन बढ़ता रहा तो वायुमंडल का तापमान गरम होगा, जो एक साथ पृथ्वी,वायु और पानी की नमी को सोखने का काम करेगा। यह हिमनदों के बड़ी मात्रा में पिघलने का कारण बनने के साथ भारी बारिश का सबब बनेगा। जंगलों में आग लगने की घटनाएं बड़ी संख्या में देखने में आएंगी। मध्य एशिया में जल रहा यह तेल हिंद महासागर के तापमान को अप्रत्याशित रूप में बढ़ाएगा। इसका सीधा प्रभाव मौसम चक्र पर पड़ेगा। परिणाम स्वरूप अतिवृष्टि, अनावृष्टि, बाढ़, धूल भरे अंधड़ की घटनाएं कालांतर में देखने को मिल सकती हैं।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## ज्ञान का अभिषेक



संकलित
**दर्शन**

अखिल ब्रह्मांड ईश्वर का स्वरूप है। श्रावण मास में बरस रही जलधारा ही ऐसी प्रतीत होती है मानो प्रकृति इस धरा का अभिषेक कर रही है। प्रकृति के इसी कृत्य का अनुकरण हम मानव भी करते हैं। श्रावण मास में हम भी शिवलिंग पर जल चढ़ा कर अपने आपको ईश्वर के उसी कृत्य के साथ जोड़ लेते हैं। ईश्वर अथवा प्रकृति के गुणों को अपनाना सदाचार है। श्रावण मास हमें यह अवसर देता है। जल जीवन है और यह धरती को पुनर्जीवित करता है। वर्षा से प्रकृति पनपती है। तपती हुई धरती पर जब वर्षा होती है तो उसे शीतलता का आभास होता है। वनस्पतियां उगने लगती हैं। पेड़ों पर नए पत्ते लगने लगते हैं। जैसे श्रावण में लोगों को गर्मी से राहत मिलती है, वैसे ही ज्ञान के श्रवण से मन को पीड़ा और बेचैनी से राहत मिलती है। श्रावण में लोग एकत्रित होकर ज्ञान-श्रवण करते हैं। दिव्य कथाएं सुनते हैं। ईश्वर का गुणगान करते हैं, जिससे उन्हें संतोष प्राप्त होता है। जब मन पर ज्ञान का अभिषेक होता है, तो मन शांत और शीतल हो जाता है। श्रावण को सबसे पवित्र महीना माना जाता है, क्योंकि यह अनेक धार्मिक उत्सवों और पर्वों को अपने साथ लाता है। हिंदू कैलेंडर में श्रावण मास भगवान शिव को समर्पित है। शिव परिवर्तन के लिए उत्तरदायी ऊर्जा हैं। शिव जीवन के मार्ग की बाधाओं को दूर करने वाले हैं। वह पुरातन को विनष्ट कर नूतन के लिए मार्ग प्रशस्त करते हैं। शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं।

## आइसक्रीम की एक डिश



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार एक छोटा सा लड़का एक होटल में गया। कुछ ही देर में वहां वेटर आया और उसने पूछा आपको क्या चाहिए सर? छोटे बच्चे ने उल्टा पुछा! वैनिला आइसक्रीम कितने रुपए का है ? उस वेटर वाले ने जवाब दिया 50 रुपए का । यह सुन कर उस छोटे लड़के ने अपने जेब में हाँथ डाल कर कुछ निकाला और हिसाब किया । उसने दूबारा पूछा कि संतरा फ्लेवर आइसक्रीम कितने का है। वेटर ने दूबारा जवाब दिया और कहा 35 रुपए का सर। यह सुनने के बाद उस लड़के ने कहा! मेरे लिए एक संतरा फ्लेवर आइसक्रीम ले आईये। कुछ ही देर में वेटर आइसक्रीम की प्लेट और साथ में बिल लेकर आया और उस बच्चे के टेबल पर रखकर चले गया। उस लड़के ने उस आइसक्रीम को खाने के बाद पैसे दिए और वह चले गया। जब वह वेटर वापस आया तो वह दंग रहे गया यह देखकर कि उस लड़के नें खाए हुए आइसक्रीम प्लेट के बगल में आइस-क्रीम के 35 रुपए के साथ उसके लिए 15 रुपए का टिप छोड़ गया था। उस लड़के पास 50 रुपए होने पर भी उसने उस वेटर के टिप के बारे में पहले सोचा न की अपने आइसक्रीम के बारे में । उसी प्रकार हमें अपने फायदे के बारे में सोचने से पहले दूसरों के बारे में भी सोचना चाहिए। हमारा ध्यान कभी दूसरो के भलाई की और नहीं जाता। हम पहले अपनी भलाई में ही लगे रहते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### बच्चों की पहली शिक्षक होती है मां

मां केवल एक शब्द नहीं, बल्कि जीवन की सबसे गहरी अनुभूति है। संसार में बच्चे की पहली पहचान, पहला स्पर्श, पहला भरोसा और पहली शिक्षा मां से ही शुरू होती है। किसी भी समाज की सभ्यता और संवेदनशीलता इस बात से आंकी जा सकती है कि वहां मातृत्व को कितना सम्मान और महत्व दिया जाता है। आधुनिक समय में भले ही शिक्षा के बड़े-बड़े संस्थान, डिजिटल तकनीक और करियर की दौड़ ने जीवन की दिशा बदल दी हो, लेकिन आज भी यह सत्य उतना ही मजबूत है कि बच्चे की पहली शिक्षक उसकी मां ही होती है। बच्चा जब जन्म लेता है, तब वह इस दुनिया की भाषा नहीं जानता।

**-मनोज शुक्ला**, जगदलपुर

## X ट्रेंड

### राहुल की विदेश यात्रा



2004 से 2026 के बीच राहुल गांधी की 54 विदेश यात्राओं पर लगभग 60 करोड़ रुपये खर्च हुए, जबकि घोषित आय 11 करोड़ रुपये है। यदि यह खर्च विदेशी स्रोतों से हुआ है, तो एफसीआरए की अनुमति कहां है? यदि यह निजी स्रोतों से हुआ है, तो इसका उल्लेख कर रिटर्न में क्यों नहीं है?
**-अन्नपूर्णा देवी**, केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### आरक्षित वन घोषित



दिल्ली के सेंट्रल रिज के 673.32 हेक्टेयर क्षेत्र को आरक्षित वन घोषित कर दिया है। यह निर्णय जैव विविधता के संरक्षण, पर्यावरणीय लचीलेपन में सुधार और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा और स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करने में सहायक होगा।
**- रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली

### अनावश्यक खर्चों से परहेज



मैं पिछले तीन वर्षों से इलेक्ट्रिक वाहन का उपयोग कर रहा हूं, जिसमें डीजल या पेट्रोल का उपयोग नहीं होता है। हमने हमेशा अनावश्यक खर्चों से परहेज किया है, और यही कारण है कि हमारा राज्य आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है।
**-सुखविंदर सिंह सुखु, सीएम, हिमाचल प्रदेश**

### जनता के पास अवसर



हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी ने तीन साल पहले जनता को झूठे वादे देकर सरकार बनाई थी, लेकिन आज तक वे वादे पूरे नहीं हुए हैं। इन चुनावों में जनता के पास सबक सिखाने का सुनहरा अवसर है।
**-अनुराग ठाकुर**, सांसद, भाजपा

## करंट अफेयर

# भारत ने आतंकी शेरा के प्रत्यर्पण पर पुर्तगाल का जताया आभार



**लिस्बन।** भारत ने मादक पदार्थ से संबद्ध वांछित आतंकवादी इकबाल सिंह उर्फ शेरा के पुर्तगाल से प्रत्यर्पण में समर्थन और सहयोग के लिए वहां की सरकार और उसकी एजेंसियों का आभार व्यक्त किया है। बुधवार को, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पुर्तगाल से सफलतापूर्वक प्रत्यर्पण के बाद सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुर्तगाल से दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचते ही एनआईए के एक दल ने उसे हिरासत में ले लिया। वह 2020 में फरार हो गया था और पुर्तगाल चला गया था। लिस्बन स्थित भारतीय दूतावास ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, /"लिस्बन में भारत का दूतावास इकबाल सिंह के भारत प्रत्यर्पण में समर्थन और सहयोग के लिए पुर्तगाली अधिकारियों को धन्यवाद देता है।/" दूतावास द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि पुर्तगाल से इकबाल सिंह उर्फ शेरा को सफलतापूर्वक प्रत्यर्पण के बाद भारत लाया गया है। सिंह पर मादक पदार्थ तस्करी और आतंकवाद के लिए वित्तपोषण करने सहित कई गंभीर अपराधों के आरोप हैं। अब भारत में उस पर मुकदमा चलाया जाएगा। बयान में कहा गया, /"भारत सरकार इकबाल सिंह के सफल प्रत्यर्पण में सहयोग और समर्थन के लिए पुर्तगाल सरकार और उसकी एजेंसियों को धन्यवाद देती है।

## ऑफ बीट

# क्या कॉफी वाकई कैफीन मुक्त होती है

डिकैफ़िनेटेड या 'कैफीन मुक्त' कॉफ़ी व्यापक रूप से उपलब्ध है, और इसकी खपत में वृद्धि होने की सूचना है। यहां आपको कैफीन मुक्त कॉफ़ी के बारे में जानने की आवश्यकता है: यह कैसे बनाई जाती है, स्वाद, लाभ – और क्या यह वास्तव में कैफीन मुक्त है। डिकैफ़ कैसे बनता है? कॉफ़ी बीन की सुगंध और स्वाद को बरकरार रखते हुए कैफीन को हटाना कोई आसान काम नहीं है। डिकैफ़ कॉफ़ी हरे, बिना भुने कॉफ़ी बीन्स से उनकी कैफीन सामग्री को हटाकर बनाई जाती है और इस तथ्य पर निर्भर करती है कि कैफीन पानी में घुल जाता है। कैफीन को हटाने के लिए तीन मुख्य तरीकों का उपयोग किया जाता है: रासायनिक सॉल्वैंट्स, तरल कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2), या विशेष फिल्टर वाला सादा पानी। इन सभी प्रसंस्करण विधियों में आवश्यक अतिरिक्त कदमों के कारण डिकैफ़ कॉफ़ी अक्सर अधिक महंगी होती है। अधिकांश डिकैफ़ कॉफी विलायक-आधारित तरीकों का उपयोग करके बनाई जाती है क्योंकि यह सबसे सस्ती प्रक्रिया है। यह विधि दो और प्रकारों में विभाजित है: प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष। प्रत्यक्ष विधि में कॉफ़ी बीन्स को भाप में पकाना और फिर उन्हें बार-बार एक रासायनिक विलायक (आमतौर पर मेथिलीन क्लोराइड या एथिल एसीटेट) में भिगोना शामिल है जो कैफीन से बंध जाता है और इसे बीन्स से निकालता है।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# बस्तर विकास मॉडल पर मंथन... गृहमंत्री अमित शाह से मिले छग के सीएम, डिप्टी सीएम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर बस्तर में तेजी से बदल रहे हालात और विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी मौजूद रहे। बैठक में विशेष रूप से बस्तर में चल रहे 'मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान' और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पहुंच रही स्वास्थ्य सेवाओं पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गृह मंत्री अमित शाह को बताया कि जिन इलाकों में कभी एम्बुलेंस पहुंचना भी मुश्किल माना जाता था, वहां अब डॉक्टर, दवाइयां और स्वास्थ्य टीमें नियमित रूप से पहुंच रही हैं। दूरस्थ गांवों में पैदल जाकर लोगों की जांच की जा रही है और गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान कर निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। मात्र एक महीने में 21.86 लाख से ज्यादा लोगों की स्वास्थ्य जांच हो चुकी है और उनके डिजिटल स्वास्थ्य प्रोफाइल तैयार कर लिए गए हैं। हजारों मरीजों को समय पर उपचार और उच्च अस्पतालों में रेफर किया गया है। बस्तर में अब पुराने सुरक्षा शिविर केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं रह गए हैं। इन्हें धीरे-धीरे 'जन सुविधा केंद्र' के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां गांव के लोगों को स्वास्थ्य, शिक्षा, बैंकिंग और सरकारी योजनाओं से जुड़ी जरूरी सुविधाएं एक ही स्थान पर मिल रही



हैं। इन केंद्रों के जरिए दूरस्थ और नक्सल प्रभावित इलाकों में रहने वाले लोगों को पहली बार कई बुनियादी सेवाएं आसानी से उपलब्ध हो रही हैं। ग्रामीण अब इलाज, बैंक खाते, दस्तावेज और सरकारी योजनाओं की जानकारी के लिए दूर-दूर तक भटकने को मजबूर नहीं हैं। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बस्तर अभियान जो गत 13 अप्रैल को सुकमा से शुरू हुआ, इस अभियान में 36 लाख लोगों को लक्षित किया गया है। इसके अलावा बस्तर मुन्ने ( अग्रणी बस्तर) अभियान के जरिए 31 महत्वपूर्ण योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम तेजी से चल रहा है। जगदलपुर में नया सुपर स्पेशलिटी अस्पताल शुरू हो गया है, जहां अब बस्तर के लोग महंगे इलाज के लिए रायपुर या बिलासपुर नहीं जाना पड़ेगा। डायल-112 की नेक्स्ट जेन सेवा का विस्तार और पुराने सुरक्षा शिविरों को 'जन सुविधा केंद्र' में बदलने की योजना भी बस्तर के स्थायी विकास की दिशा में अहम कदम हैं। उन्होंने बताया कि जो इलाके कभी नक्सल प्रभाव के कारण मुख्यधारा से कटे हुए थे, वहां आज सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंच रहा है। हाल ही में सुकमा के एक अत्यंत दुर्गम गांव से गंभीर मरीज को सैकड़ों किलोमीटर दूर अस्पताल पहुंचाकर उपचार दिलाना इस बदलाव का बड़ा उदाहरण बना है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गृह मंत्री अमित शाह को बस्तर के लिए तैयार विकास रोडमैप की भी जानकारी दी। इसमें सड़क, शिक्षा, रोजगार, कौशल विकास और निवेश को बढ़ावा देने पर विशेष फोकस रखा गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन से बस्तर में तेजी से सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने बस्तर में हो रहे विकास कार्यों और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की सराहना की। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर यह सुनिश्चित कर रही हैं कि विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उल्लेखनीय है कि, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का 18 और 19 मई को बस्तर प्रवास भी संभावित है।

## निकाय चुनावों में भाजपा की जीत विकास और सुशासन पर जनता की मुहर : नायब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक और एकतरफा जीत इस बात का स्पष्ट संकेत है कि हरियाणा की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास, सुशासन, पारदर्शिता और राष्ट्रवाद की राजनीति को खुले दिल से स्वीकार किया है। उन्होंने इस ऐतिहासिक विजय के लिए प्रदेशवासियों का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री गुरुवार को पंचकूला में आयोजित नगर निकायों के नव-निर्वाचित मेयर, चेयरमैन एवं पार्षदों के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

- चुनावों में कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति को जनता ने नकारा

उन्होंने भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं का भी धन्यवाद किया, जिन्होंने भीषण गर्मी के बावजूद सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की जनता ने निकाय चुनावों में कांग्रेस की परिवारवाद, झूठ, भ्रम और नकारात्मक राजनीति को पूरी तरह नकारते हुए भाजपा के विकास मॉडल पर अपनी मुहर लगाई है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार कर हुए कहा कि निकाय चुनावों में जनता ने स्पष्ट संदेश दिया है कि उन्हें केवल बयानबाजी नहीं, बल्कि परिणाम चाहिए; केवल वादे नहीं, बल्कि काम चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों ने विकास को ध्यान में रखते हुए नगर निकायों में 'ट्रिपल इंजन सरकार' बनाने का कार्य किया है। सैनी ने कहा कि आज देश का गरीब, किसान, युवा, महिला, व्यापारी और कर्मचारी वर्ग प्रधानमंत्री के नेतृत्व में स्वयं को सुरक्षित महसूस कर रहा है। यही कारण है कि देशभर में भाजपा लगातार जीत का परचम लहरा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिसार, गुरुग्राम, यमुनानगर और फरीदाबाद नगर निगम चुनावों के साथ-साथ अब पंचकूला, अंबाला और सोनीपत निगम चुनावों में भी जनता ने भाजपा को एकतरफा समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि निगम, परिषद और पालिका चुनावों में लोगों का विश्वास लगातार भाजपा की विकासात्मक नीतियों में बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला है। भारत ने विश्व पटल पर नई ऊंचाइयों को छुआ है, वहीं हरियाणा ने भी विभिन्न क्षेत्रों में नए आयाम स्थापित किए हैं।


## राज्यों-केन्द्र शासित प्रदेशों में चुनाव आयोग का महाभियान

# शुरू होगा 'स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन', 36 करोड़ 73 लाख वोटरों तक पहुंचेगी टीम, हर घर होगा सत्यापन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत निर्वाचन आयोग ने देशभर में मतदाता सूचियों को अद्यतन और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए 'स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर)' के तीसरे चरण की घोषणा कर दी है। आयोग के मुताबिक यह अभियान 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में चरणबद्ध तरीके से चलाया जाएगा, जिसके तहत करीब 36.73 करोड़ मतदाताओं का घर-घर जाकर सत्यापन किया जाएगा।

चुनाव आयोग ने बताया कि इस व्यापक अभियान के लिए 3.94 लाख से अधिक बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को मैदान में उतारा जाएगा। इनके साथ राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त 3.42 लाख बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) भी सहयोग करेंगे। आयोग ने इसे 'सहभागी और पारदर्शी प्रक्रिया' बताते हुए सभी राजनीतिक दलों से हर बूथ पर अपने बीएलए नियुक्त करने की अपील की है।



### देश के अधिकांश हिस्से को किया गया कवर

आयोग के अनुसार इस चरण में हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख को छोड़कर लगभग पूरे देश को कवर किया जाएगा। इन क्षेत्रों में जनगणना के अगले चरण और बर्फीले इलाकों में मौसम की स्थिति को देखते हुए बाद में अलग कार्यक्रम घोषित किया जाएगा।

### कई बड़े राज्यों में चलेगा विशेष अभियान

तीसरे चरण के तहत महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, पंजाब, हरियाणा, झारखंड, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, आंध्र प्रदेश समेत कई राज्यों और दिल्ली, चंडीगढ़ तथा दादरा एवं नगर हवेली-दमन दीव में यह प्रक्रिया चलेगी। आयोग ने चरणबद्ध कैलेंडर भी जारी किया है। राज्यों में मई से सितंबर और कुछ क्षेत्रों में दिसंबर 2026 तक यह प्रक्रिया पूरी होगी। मसौदा मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद दावे और आपत्तियां की भी व्यवस्था रहेगी, फिर अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी।

### महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा मतदाता दिल्ली में भी बड़ा अभियान

आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस चरण में सबसे अधिक 9.86 करोड़ मतदाता महाराष्ट्र में हैं, जहां लगभग 97,924 बीएलओ तैनात किए जाएंगे। वहीं दिल्ली में 1.48 करोड़ से अधिक मतदाता इस प्रक्रिया के दायरे में आएंगे। आंकड़ों के मुताबिक कुल 3 लाख 94 हजार 541 बीएलओ और 3 लाख 42 हजार 409 बीएलए इस अभियान में हिस्सा लेंगे। आयोग का कहना है कि पहले दो चरणों में ही करीब 59 करोड़ मतदाताओं को कवर किया जा चुका है और अब तीसरे चरण के बाद देश की मतदाता सूची को और अधिक सटीक और अद्यतन बनाने में मदद मिलेगी।

### क्या है एसआईआर अभियान

स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन चुनाव आयोग की वह प्रक्रिया है, जिसके तहत मतदाता सूची में नामों का सत्यापन, मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाना, नए मतदाताओं को जोड़ना और रिकॉर्ड को अद्यतन करना शामिल होता है। इस बार अभियान को जनगणना की घर-घर सूचीकरण प्रक्रिया के साथ जोड़कर चलाया जा रहा है ताकि फील्ड मशीनरी का बेहतर उपयोग हो सके।

## मणिपुर में तीन चर्च नेताओं की हत्या पर कांग्रेस का तीखा हमला

# मोदी सरकार की उदासीनता के कारण सुलग रहा राज्य

सांसद अकोइजाम बोले- मणिपुर हिंसा को तत्काल समाप्त किया जाए, हिंसा की जांच के लिए गठित आयोग की रिपोर्ट सार्वजनिक हो



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मणिपुर में तीन वर्षों से जारी हिंसा के बीच कांग्रेस पार्टी ने कांगपोकपी जिले में बुधवार को आदिवासी समुदाय से संबंध रखने वाले चर्च के तीन नेताओं की हत्या की कड़ी निंदा की है।

नई दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए मणिपुर से कांग्रेस सांसद प्रो. ए. बिमोल अकोइजाम ने राज्य और केंद्र की सरकार पर अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ने एवं लोगों के जान-माल की रक्षा करने में असफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते कार्रवाई की गई होती, तो इस हिंसा को बहुत पहले ही रोका जा सकता था।

ज्ञात रहे कि कांगपोकपी जिले में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने घात लगाकर हमला किया था, जिसमें चर्च के तीन नेताओं की मौत हो गई और पांच अन्य लोग घायल हो गए। इसके बाद शाम को नोनी जिले में हुई गोलीबारी में एक और व्यक्ति की जान चली गई।

प्रो. अकोइजाम ने मांग की कि मणिपुर में जारी हिंसा को तत्काल समाप्त करने के लिए केंद्र सरकार सशस्त्र समूहों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। उन्होंने मणिपुर हिंसा की जांच के लिए गठित जांच आयोग की रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की भी मांग की। इसके अलावा, उन्होंने केंद्र सरकार से मणिपुर के लोगों के जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि इन घटनाओं के जिम्मेदार लोगों को सख्त सजा दी जाए।

प्रो. अकोइजाम ने कहा कि राज्य में हालात सामान्य होने के बजाय हिंसा का दायरा और बढ़ गया है। उन्होंने हाल ही में म्यांमार सीमा पर स्थित तांगखुल समुदाय के गांवों पर म्यांमार के हथियारबंद लोगों के हमले का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी सरकार नागरिकों की रक्षा करने में पूरी तरह विफल रही है।

कांग्रेस सांसद ने कहा कि जनता के बीच यह धारणा बन रही है कि सरकार में बैठे कुछ तत्व खुद इस हिंसा में शामिल हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अराजकता फैलाने और मणिपुर को तबाह करने की सुनियोजित कोशिश की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा अपनी सामाजिक ध्रुवीकरण की राजनीति के जरिए राज्य के लोगों को बांटने का प्रयास कर रही है।

## नीट मामलाः बिना डिग्री 'डॉक्टर' बन चला रहा था काउंसलिंग सेंटर, नासिक का शुभम खैरनार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नीट-यूजी पेपर लीक मामले में महाराष्ट्र के नासिक जिले के 27 वर्षीय शुभम खैरनार को सीबीआई ने बुधवार को गिरफ्तार किया वह खुद को 'डॉ. शुभम खैरनार' बताकर छात्रों को मेडिकल एडमिशन की काउंसलिंग देता था, जबकि उसके पास कोई मेडिकल डिग्री नहीं थी। उसके झांसे में ढेरों युवा थे।

जांच में सामने आया है कि शुभम ने 2021 में मध्य प्रदेश के सीहोर स्थित एक विश्वविद्यालय में बीएएमएस (बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी) कोर्स में दाखिला लिया था, लेकिन प्रवेश के बाद वह न तो कक्षाओं में गया और न ही परीक्षा दी। इसके बावजूद उसने नासिक में 'एसआर एजुकेशन कंसल्टेंसी' नाम से सेंटर खोल लिया था, जहां मेडिकल कोर्स में प्रवेश के लिए छात्रों को सलाह दी जाती थी।

अधिकारियों के मुताबिक शुभम पर आरोप है कि उसने नीट-यूजी का लीक प्रश्नपत्र छात्रों तक पहुंचाने में भूमिका निभाई। सीबीआई का दावा है कि उसने करीब 10 लाख रुपए में पेपर खरीदा और उसे 15 लाख रुपये तक में छात्रों को उपलब्ध कराया। यह नेटवर्क नासिक से राजस्थान तक फैले कथित कुरियर चैन के जरिए संचालित हो रहा था।

जांच के दौरान पता चला कि एजेंसियों से बचने के लिए शुभम ने अपना हुलिया भी बदल लिया था और गिरफ्तारी के समय अपनी पहचान से इनकार कर रहा था। हालांकि पुरानी तस्वीरों, तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय जानकारी के आधार पर उसकी पहचान की पुष्टि की गई।

शुभम के पिता मधुकर खैरनार गांव में आयुर्वेदिक उपचार करते हैं। उन्होंने खुद को किसान बताया और कहा कि उन्हें बेटे की कथित गतिविधियों की जानकारी नहीं थी। वहीं विश्वविद्यालय प्रशासन ने पुष्टि की है कि शुभम ने दाखिला तो लिया था, लेकिन कभी पढ़ाई के लिए वापस नहीं आया।

जांच एजेंसियां अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और छात्रों की भूमिका की भी पड़ताल कर रही है।

## चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी, कहा- क्या लोकतंत्र की चिंता नहीं?

**तीन सदस्यीय पैनल में पहले सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, पीएम और लोकसभा में विपक्ष के नेता शामिल थे, जिसे संशोधित कर केंद्रीय कैबिनेट से एक मंत्री के नामांकन की व्यवस्था की गई उसके बाद से मामला विवादों में है**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को केंद्र सरकार से तीखे सवाल पूछे। अदालत ने कहा कि यदि सीबीआई निदेशक की नियुक्ति समिति में भारत के मुख्य न्यायाधीश को शामिल किया जा सकता है, तो निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने वाली संस्था की नियुक्ति प्रक्रिया में स्वतंत्र सदस्य क्यों नहीं होना चाहिए।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की अगुवाई वाली पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि लोकतंत्र को बनाए रखने और शुद्ध चुनाव सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी चुनाव आयोग की है, ऐसे में उसकी नियुक्ति प्रक्रिया पूरी तरह कार्यपालिका के नियंत्रण में क्यों दिखाई देती है?

जस्टिस दत्ता ने टिप्पणी करते हुए कहा, 'सीबीआई निदेशक की नियुक्ति में मुख्य न्यायाधीश मौजूद




रहते हैं। इसे कानून व्यवस्था या विधि के शासन से जोड़ सकते हैं। लेकिन लोकतंत्र को बनाए रखने और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए स्वतंत्र सदस्य क्यों नहीं?' अदालत ने मौजूदा चयन समिति की संरचना पर भी सवाल उठाए। वर्तमान व्यवस्था में प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और एक केंद्रीय मंत्री चयन समिति का हिस्सा होते हैं। कोर्ट ने कहा कि यदि प्रधानमंत्री और विपक्ष के नेता के बीच मतभेद हो, तो तीसरा सदस्य यानी केंद्रीय मंत्री स्वाभाविक रूप से सरकार के पक्ष में जाएगा। जस्टिस दत्ता ने कहा, 'ऐसी स्थिति में निर्णय 2:1 के बहुमत से होगा और कार्यपालिका हर चीज नियंत्रित करती दिखेगी। पहली नजर में हमें यही चिंता परेशान कर रही है कि कार्यपालिका के पास वीटो जैसी स्थिति क्यों है?' अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने अदालत से कहा कि वह इस पर अनुमान नहीं लगाना चाहते कि केंद्रीय मंत्री हमेशा प्रधानमंत्री के पक्ष में ही मतदान करेंगे। इस पर अदालत ने कहा कि व्यवहारिक रूप से यही स्थिति नजर आती है।

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि संसद को कानून बनाने का अधिकार जरूर है, लेकिन उसकी संवैधानिक वैधता की व्याख्या और परीक्षण का अंतिम अधिकार सुप्रीम कोर्ट के पास ही रहेगा। मामले की अगली सुनवाई में केंद्र सरकार से नियुक्ति प्रक्रिया की निष्पक्षता और स्वतंत्रता को लेकर विस्तृत जवाब मांगा जा सकता है।

## पूर्व सीईओ-सीएफओ समेत कई निदेशक जांच के घेरे में

# आरकॉम धोखाधड़ी मामले में सीबीआई की बड़ी कार्रवाई मुंबई, गुरुग्राम और बेंगलुरु में सात ठिकानों पर छापे




हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अनिल अंबानी समूह की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) से जुड़े कथित बैंक धोखाधड़ी मामले में बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए मुंबई, गुरुग्राम और बेंगलुरु स्थित सात परिसरों पर छापेमारी की। सीबीआई अधिकारियों के अनुसार, तलाशी की कार्रवाई वर्ष 2015 से 2017 के दौरान कंपनी में कार्यरत रहे तत्कालीन मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) और निदेशकों के आवासीय परिसरों पर की गई। यह कार्रवाई मुंबई स्थित विशेष सीबीआई अदालत द्वारा जारी सर्च वारंट के आधार पर की गई। सीबीआई के आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि तलाशी के दौरान कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य जब्त किए गए हैं। मामले में आगे की जांच जारी है।

सीबीआई ने पिछले कुछ महीनों में सार्वजनिक क्षेत्र के विभिन्न बैंकों और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की शिकायतों पर अनिल अंबानी समूह के खिलाफ सात मामले दर्ज किए हैं। इन मामलों में हजारों करोड़ रुपये की कथित वित्तीय अनियमितताओं और धोखाधड़ी के आरोप लगाए गए हैं। एजेंसी के अनुसार, इन मामलों में बैंकों और वित्तीय संस्थानों को कुल 27,337 करोड़ रुपए का कथित नुकसान हुआ है। जांच एजेंसी इससे पहले भी रिलायंस समूह से जुड़े मामलों में 31 स्थानों पर छापेमारी कर चुकी है। सीबीआई ने 20 अप्रैल को आरकॉम के संयुक्त अध्यक्ष डी. विश्वनाथ और उपाध्यक्ष अनिल काल्या को गिरफ्तार किया था। एजेंसी का आरोप है कि दोनों अधिकारी समूह के बैंकिंग संचालन, भुगतान और धन के उपयोग से जुड़े मामलों में सक्रिय रूप से शामिल थे। दोनों आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। उल्लेखनीय है अनिल अंबानी समूह से जुड़े मामलों की जांच उच्चतम न्यायालय की निगरानी में चल रही है।

## प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपने 35 वर्षों के अनुभवों पर केंद्रीय मंत्री शिवराज ने लिखी पुस्तक 'अपनापन'

# संगठन, सुशासन, संवेदनशीलता और संकल्प का दस्तावेज है 'अपनापन': चौहान

**पूर्व उपराष्ट्रपति नायडू और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा 26 मई को करेंगे 'अपनापन' का लोकार्पण**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपने 35 वर्षों के अनुभवों पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पुस्तक 'अपनापन' लिखी हैं। शिवराज सिंह ने गुरुवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी इस पुस्तक 'अपनापन' की घोषणा करते हुए कहा कि यह कृति प्रधानमंत्री मोदी के साथ तीन दशक से अधिक के निकट सहयोग, संगठनात्मक जीवन, जनसेवा, सुशासन और राष्ट्रसमर्पण के उन जीवंत अनुभवों का सार है, जिन्हें उन्होंने बहुत करीब से जिया है। पुस्तक का लोकार्पण 26 मई को प्रातः




10:30 बजे नई दिल्ली स्थित एनएएससी कॉम्प्लेक्स, पूसा में पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा द्वारा किया जाएगा। चौहान ने कहा कि यह पुस्तक पाठकों को प्रधानमंत्री मोदी जी के व्यक्तित्व, नेतृत्व, संवेदनशीलता और कार्यशैली को अधिक आत्मीयता से समझने का अवसर देगी।

केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि यह पुस्तक 'अपनापन' मेरे उन अनुभवों, भावनाओं, प्रेरणाओं और जीवन-मूल्यों को शब्द देती है, जिन्हें सार्वजनिक जीवन के लंबे सफर में नरेंद्र मोदी के साथ रहते हुए महसूस किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनका साथ 35 वर्षों से भी अधिक पुराना है। 1991 की एकता यात्रा से शुरू हुआ यह संबंध संगठनात्मक कार्यकर्ता के रूप में प्रारंभ हुआ और आगे चलकर मुख्यमंत्री, फिर केंद्रीय मंत्री के रूप में भी विभिन्न जिम्मेदारियों में उनके साथ काम करने का अवसर मिला।

एकता यात्रा का उल्लेख करते हुए शिवराज सिंह ने कहा कि उस समय कुछ लोग उसे केवल राजनीतिक यात्रा मानते थे, लेकिन नरेंद्र मोदी ने उसे राष्ट्रीय चेतना के अभियान में बदल दिया। उनकी दृष्टि केवल श्रीनगर के लाल चौक तक तिरंगा पहुंचाने की नहीं थी, बल्कि देश के युवाओं के मन में राष्ट्रगौरव और समर्पण का भाव जगाने की थी। शिवराज सिंह ने कहा कि उसी दौर में उन्होंने महसूस किया कि नेतृत्व केवल भाषणों से नहीं आता, बल्कि तपस्या, अनुशासन, समर्पण और अपनेपन से बनता है। यही अनुभूति आगे चलकर इस पुस्तक की प्रेरणा बनी।

उन्होंने कहा कि संगठन के विस्तार, चुनावी रणनीति, विचार को जन-जन तक पहुंचाने और कार्यकर्ताओं को जोड़ने की क्षमता प्रधानमंत्री मोदी जी की विशिष्ट पहचान रही है। मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने यह भी देखा कि किस प्रकार जटिल और वर्षों से लंबित मुद्दों का समाधान संवाद, स्पष्टता और दृढ़ निश्चय से निकाला जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### जेएसडब्ल्यू स्टील का लाभ 19,243 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** इस्पात कंपनी जेएसडब्ल्यू स्टील का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 19,243 करोड़ रहा है जबकि एक साल पहले की समान तिमाही में यह 1,501 करोड़ था। कंपनी के मुनाफे में यह बढ़ोतरी 17,888 करोड़ रुपये के असाधारण लाभ का नतीजा है। कंपनी ने विजयनगर संयंत्र के क्षमता विस्तार पर 26,000 करोड़ निवेश करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

### अपोलो टायर्स का मुनाफा तीन गुना होकर 631 करोड़

**नई दिल्ली।** अपोलो टायर्स लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ तीन गुना से अधिक होकर 630.97 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष-2024-25 की समान तिमाही में 184.62 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ अर्जित किया था। अपोलो टायर्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में कंपनी की एकीकृत परिचालन आय बढ़कर 7,335.67 करोड़ रुपये हो गई।

### रुपया सात पैसे टूटकर 95.73 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले और कमजोर होकर रिकॉर्ड निचले स्तर 95.73 (अस्थायी) पर रहा। मजबूत अमेरिकी डॉलर और ऊंची ऊर्जा कीमतों के कारण बढ़ती मुद्रास्फीति की चिंताओं के बीच घरेलू मुद्रा में यह गिरावट आई। मुद्रास्फीति की चिंताओं और वैश्विक बाजार में डॉलर की मजबूती के कारण रुपये में कमजोर रुख बना रह सकता है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया संकट और होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी से भारत के कच्चे तेल आयात पर असर पड़ा है।

# मित्तल एयरटेल की बागडोर नई पीढ़ी को सौंपने की तैयारी में

**नई दिल्ली।** दूरसंचार क्षेत्र के दिग्गज सुनील भारती मित्तल ने कहा है कि वह अगले दशक में भारती एयरटेल लिमिटेड की कमान नई पीढ़ी को सौंपने की योजना बना रहे हैं। साथ ही उनकी इच्छा प्रवर्तक कंपनी भारती टेलीकॉम में फिर से 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी हासिल करने की भी है। मित्तल और सिंगटेल समूह के स्वामित्व वाली भारती टेलीकॉम के पास वर्तमान में एयरटेल में 40.47 प्रतिशत हिस्सेदारी है। प्रवर्तक कंपनियां भारती टेलीकॉम, मित्तल परिवार की होल्डिंग कंपनी इंडियन कॉन्टिनेंट इन्वेस्टमेंट, सिंगटेल ग्रुप की कंपनी पास्टेल और अन्य मिलकर एयरटेल में 48.87 प्रतिशत हिस्सेदारी रखती हैं।

## मित्तल की इच्छा भारती टेलीकॉम में 50 फीसदी हिस्सेदारी हासिल करने की

### भारती एयरटेल को नियंत्रक शेयरधारिता हासिल करनी चाहिए

भारती एयरटेल की जनवरी-मार्च तिमाही के नतीजों की घोषणा के दौरान मित्तल ने कहा, '' मुझे पता है कि एकदम सटीक भविष्यवाणी करना मुश्किल है लेकिन मेरी इच्छा है कि अगले दशक में जब मैं शेयरधारकों के रूप में अगली पीढ़ी को बागडोर सौंपने के मुकाम तक जाऊं तब तक भारती टेलीकॉम को 51 प्रतिशत या 50 प्रतिशत से थोड़ा अधिक की नियंत्रक शेयरधारिता हासिल कर लेनी चाहिए।''




### एयरटेल में हिस्सेदारी बढ़ाने बड़ी पूंजी की जरूरत

मित्तल ने कहा कि एयरटेल में भारती टेलीकॉम की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत बढ़ाने के लिए बड़ी पूंजी की आवश्यकता होगी, जो मौजूदा शेयर मूल्य एवं बाजार पूंजीकरण के आधार पर लगभग एक लाख करोड़ रुपये के निवेश के बराबर है। मित्तल ने कहा कि मूल विचार यह है कि नियंत्रण एवं प्रवर्तक शेयरधारिता एक ही कंपनी के माध्यम से होनी चाहिए।

### सिंगटेल की हिस्सेदारी घटाने की प्रक्रिया जारी

मित्तल ने कहा कि सिंगटेल की हिस्सेदारी घटाने की प्रक्रिया जारी है और नई संरचना के बाद हिस्सेदारी अंतर कम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले तीन से चार वर्ष में 3.6 प्रतिशत की शेष हिस्सेदारी हासिल करने की योजना एयरटेल के प्रदर्शन, शेयर की पुनर्खरीद और लाभांश जैसे कारकों पर निर्भर करेगी।

### मित्तल का कार्यकाल पांच साल के लिए और बढ़ा

मित्तल का वर्तमान कार्यकाल 30 सितंबर को समाप्त होना था लेकिन इसे 30 सितंबर, 2031 तक पांच वर्ष के लिए फिर से बढ़ा गया है। एयरटेल ने जनवरी-मार्च तिमाही में 33.5 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7,325 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जबकि वार्षिक राजस्व पहली बार दो लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया।

## ईंधन, बिजली एवं कच्चे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि

# थोक मुद्रास्फीति में जबर्दस्त उछाल, अप्रैल में 42 माह के उच्चस्तर 8.3 प्रतिशत पर पहुंची

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संकट से ईंधन, बिजली एवं कच्चे पेट्रोलियम की कीमतों में तेज वृद्धि के कारण अप्रैल में थोक मुद्रास्फीति सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 42 महीने के उच्चतम स्तर 8.3 प्रतिशत पर पहुंच गई। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति मार्च में 3.88 प्रतिशत थी।

**थोक मूल्य सूचकांक मार्च में 3.88 प्रतिशत थी**

वैश्विक ब्रोकरेज फर्म बार्कलेज के अनुसार, थोक मुद्रास्फीति में क्रमिक वृद्धि इस श्रृंखला में अब तक की सबसे अधिक रही है। वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तीव्र वृद्धि ने मुख्य मुद्रास्फीति दर में उछाल आया। धातुओं, रसायनों और वस्त्रों की विनिर्माण लागत में वृद्धि के कारण मुख्य थोक मुद्रास्फीति सालाना आधार पर पांच प्रतिशत तक बढ़ गई।

## क्रमिक वृद्धि इस श्रृंखला में अब तक की सबसे अधिक रही

### कच्चे तेल की कीमतों ने ईंधन आयात को महंगा बना दिया

पश्चिम एशिया युद्ध और होर्मुज जलडमरूमध्य में अवरोध ने भारत में कच्चे पेट्रोलियम के आयात को बाधित कर दिया है। साथ ही, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में भारी वृद्धि ने ईंधन आयात को महंगा बना दिया है। मंत्रालय ने बयान में कहा, '' अप्रैल, 2026 में मुद्रास्फीति खनिज तेल, कच्चे पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, मूल धातु, अन्य विनिर्माण और गैर-खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण अधिक रही।''



### खाद्य पदार्थों में मुद्रास्फीति दर 1.98 प्रतिशत रही

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, खाद्य पदार्थों में मुद्रास्फीति दर अप्रैल में 1.98 प्रतिशत रही जबकि मार्च में यह 1.90 प्रतिशत थी। गैर-खाद्य पदार्थों में मुद्रास्फीति अप्रैल में बढ़कर 12.18 प्रतिशत हो गई जो पिछले महीने 11.5 प्रतिशत थी।

**पेट्रोल में महंगाई पर 32.40 प्रतिशत रही**

ईंधन और बिजली श्रेणी में, एलपीजी में मुद्रास्फीति दर अप्रैल में 10.92 प्रतिशत रही। पेट्रोल में महंगाई दर 32.40 प्रतिशत रही, जो पिछले महीने 2.50 प्रतिशत थी। डीजल में महंगाई दर अप्रैल में 25.19 प्रतिशत रही जबकि मार्च में यह 3.26 प्रतिशत थी। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में 50 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद सरकार ने अब तक पेट्रोल और घरेलू एलपीजी की कीमतों को स्थिर रखा है ताकि उपभोक्ताओं को कीमतों में बढ़ोतरी के असर से बचाया जा सके।

### लॉजिस्टिक लागत का असर अब महंगाई में दिखने लगा

बजाज ब्रोकिंग के बुनियादी विश्लेषक शाश्वत सिंह ने कहा कि बढ़ती लॉजिस्टिक लागत, माल ढुलाई और जिंस कीमतों का असर अब धीरे-धीरे थोक महंगाई में दिखाई देने लगा है। इसका असर आगे उपभोक्ता मुद्रास्फीति पर भी पड़ सकता है।

### पेट्रोल, डीजल दोनों हो सकते हैं पांच रुपए लीटर महंगे

बार्कलेज के अनुसार, मई में पेट्रोल और डीजल दोनों की कीमतों में जल्द पांच रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की जा सकती है, क्योंकि कच्चे तेल की कीमतें अब भी ऊंची बनी हुई हैं। साथ ही ऐसा लगता है कि मौद्रिक नीति समिति आपूर्ति झटके से बढ़ी महंगाई को नजरअंदाज करेगी और 2026 के बाकी समय में नीतिगत दर रेपो में कोई बदलाव नहीं करेगी।

# सोना 650 रुपए मजबूत और चांदी में गिरावट

**सोना बढ़कर 1.66 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी 900 रुपए टूटकर 2,96,600 रुपए प्रति किलोग्राम**

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 650 रुपये बढ़कर 1.66 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। यह बढ़ोतरी लगातार जारी भू-राजनीतिक तनाव के बीच डॉलर के मुकाबले रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आने के बाद हुई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 650 रुपये बढ़कर 1,66,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई, जो बुधवार को 1,65,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। कीमती धातु की कीमतों में यह लगातार तीसरे दिन की गिरावट है।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''घरेलू बाजार में सोने में मामूली बढ़त देखी गई, जिसे अंतरराष्ट्रीय बाजार से मिले सकारात्मक संकेतों और भारतीय रुपये में लगातार कमजोरी का समर्थन मिला। हालांकि, बढ़त सीमित रही क्योंकि ऊंची कीमतों के कारण भौतिक मांग पर दबाव पड़ा और कुल मिलाकर खरीदारी में दिलचस्पी कम रही।''बृहस्पतिवार को, रुपया और कमजोर हुआ और डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर 95.73 (अस्थायी) पर गिर गया। यह गिरावट मजबूत डॉलर और ऊर्जा की ऊंची कीमतों के बीच मुद्रास्फीति की चिंताओं के कारण हुई।

उन्होंने आगे कहा कि हाल ही में आयात शुल्क में बढ़ोतरी के बाद, घरेलू कीमतों में आए भारी उछाल के कारण निवेशकों ने बिकवाली शुरू कर दी।

### चांदी में तीन दिनों की जारी बढ़त थमी

सराफा संघ के अनुसार, हालांकि, चांदी की कीमतों में गिरावट आई। इसमें लगातार तीन दिन से जारी बढ़त का सिलसिला थम गया। चांदी 900 रुपये टूटकर 2,96,600 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। पिछले सत्र में चांदी की कीमत 2,97,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### गर्मियों की छुट्टियों में यात्रियों की भारी भीड़ के मद्देनजरः जम्मू तवी-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस

**जम्मू।** गर्मियों की छुट्टियों के दौरान रेल यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने और लंबी प्रतीक्षा सूची को कम करने के उद्देश्य से उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल ने एक महत्वपूर्ण जनहितैषी निर्णय लिया है। रेलवे द्वारा ट्रेन संख्या 12425 / 12426 नई दिल्ली-जम्मू तवी-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस में अस्थाई रूप से जोड़े गए अतिरिक्त थर्ड एसी कोच की परिचालन अवधि को बढ़ाया गया है। इस विस्तार का मुख्य उद्देश्य माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं, जम्मू-कश्मीर घूमने आ रहे पर्यटकों और अपने घरों को लौट रहे यात्रियों को आरामदायक एवं सुगम यात्रा का अनुभव प्रदान करना है। अतिरिक्त कोच विस्तार से संबंधित मुख्य विवरण इस प्रकार हैं। यह अतिरिक्त थर्ड एसी कोच ट्रेन संख्या 12426 जम्मू तवी से नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस में 16 मई 2026 से 29 मई 2026 तक प्रभावी रूप से लगाया जाएगा। इस कोच के जुड़ने से ट्रेन की वहन क्षमता में उल्लेखनीय सुधार होगा। प्रत्येक फेरे में यात्रियों के लिए 72 अतिरिक्त सीटें/बर्थ उपलब्ध होंगी। इस अस्थाई व्यवस्था से उन यात्रियों को सबसे ज्यादा लाभ मिलेगा जिनकी टिकटें काफी समय से वेटिंग लिस्ट में थीं।

## दूरसंचार, दवा और निजी बैंकिंग शेयरों में रही खरीदारी

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन रही तेजी, सेंसेक्स 790 अंक चढ़ा

एजेंसी ▸▸| मुंबई




स्थानीय शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव के बीच बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और सेंसेक्स करीब 790 अंक चढ़कर बंद हुआ। दूरसंचार, दवा और निजी बैंकिंग शेयरों में खरीदारी आने से बाजार को मजबूती मिली। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 789.74 अंक की बढ़त के साथ 75,398.72 अंक पर बंद हुआ। हालांकि, दूरसंचार और बैंकिंग शेयरों में खरीदारी लौटने से यह एक समय 1,000 अंक से अधिक चढ़कर 75,681.88 अंक के स्तर तक पहुंच गया था। वहीं निफ्टी भी 277 अंक यानी 1.18 प्रतिशत चढ़कर 23,689.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल में सर्वाधिक पांच प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। कंपनी का वार्षिक राजस्व पहली बार दो लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचने के बाद निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ी। इसके साथ इटर्नल में 3.32 प्रतिशत और एचडीएफसी बैंक में 2.67 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। सन फार्मा, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, आईटीसी और एसबीआई में भी बढ़त रही। दूसरी तरफ इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टीसीएस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक और मारुति सुजुकी के शेयरों में गिरावट रही। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बावजूद बाजार ने दिन के निचले स्तर से मजबूत वापसी की।''

### कच्चा तेल बढ़कर 106.48 डॉलर प्रति बैरल

एशिया के अन्य बाजारों में मिला-जुला रुख रहा। चीन का शंघाई कम्पोजिट और जापान का निक्की गिरावट के साथ बंद हुए जबकि हांगकांग का हैंगसेंग स्थिर रहा। दक्षिण कोरिया का कॉस्पी बढ़त में रहा। अमेरिकी बाजार भी बुधवार को अधिकतर बढ़त के साथ बंद हुए थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड करीब एक प्रतिशत बढ़कर 106.48 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

### भारत ने चीनी के निर्यात पर 30 सितंबर तक लगाई रोक

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** देश ने चीनी के निर्यात पर 30 सितंबर तक तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों को नियंत्रित करने के लिए यह कदम उठाया गया है। सरकारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गयी है। इससे पहले चीनी निर्यात प्रतिबंधित श्रेणी में आता था जिसका निर्यात करने के लिए लाइसेंस की आवश्यकता होती थी।

**शुद्धिपत्र सूचना**

दिनांक 10.05.2026 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा जारी प्रकाशन में शुद्धिपत्रः– विक्रय विलेखः वासिका संख्या 2669 दिनांक 29.03.2004 को विनिमय विलेखः वासिका संख्या 2669 दिनांक 29.03.2004 के रूप में पढ़ा जाए।

एस.डी./–
व्हाइटलैंड कॉरपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड
टावर 1, 10वीं मंजिल, वर्ल्डमार्क, सेक्टर 65, गुरुग्राम– 122202
संपर्क संख्याः 9090900772

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरती तोमर पत्नी अश्वनी तोमर (2) अश्वनी तोमर पुत्र राजेंद्र तोमर निवासी मकान नंबर 30/19, रोड नंबर 20, पश्चिमी पटेल नगर, नई दिल्ली और 25/22, तृतीय तल, पश्चिमी पटेल नगर, नई दिल्ली** ने **FIR No. 411/2017 U/S 420/506/120B/34 IPC,** अन्तर्गत थाना प्रसाद नगर, **दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1)आरती तोमर (2) अश्वनी तोमर** मिल नहीं रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) आरती तोमर (2) अश्वनी तोमर** फरार हो गए है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहे है)। अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 411/2017 U/S 420/506/120B/34 IPC,** अन्तर्गत थाना प्रसाद नगर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **(1) आरती तोमर (2) अश्वनी तोमर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.08.2026** को **सुबह 10:00 बजे** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री करणबीर सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–02
केंद्रीय, कमरा नंबर 26
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/5807/CD/2026(Court Matter)

## राशिफल

**मेष:** शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन:** अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग–दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क:** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

**सिंह:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या:** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के विवादों से बचने का प्रयास करें।

**तुला:** पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक:** घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु:** पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर:** परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ:** परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख–रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।


**मीन:** वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।



### न्यू जलपाईगुड़ी और अमृतसर के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस शुरू

**मालीगांव।** भारतीय रेल ने अमृतसर और न्यू जलपाईगुड़ी के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन की नियमित सेवा शुरू कर दी है। इस सेवा से उत्तर भारत और उत्तर बंगाल के बीच बेहतर संपर्क सुविधा उपलब्ध होगी। अमृतसर जंक्शन से अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन (अमृतसर–न्यू जलपाईगुड़ी) को आज अमृतसर स्टेशन से माननीय केंद्रीय रेल एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री श्री रवनीत सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ट्रेन संख्या 14664/14663 (अमृतसर – न्यू जलपाईगुड़ी – अमृतसर) साप्ताहिक के रूप में चलेगी, जो प्रत्येक गुरुवार को अमृतसर से तथा प्रत्येक शनिवार को न्यू जलपाईगुड़ी से रवाना होगी।

## शब्द पहेली - 6226




**बाएँ से दाएँ**
1.शरीफ,नेकनीयत–5
4.जिसे सुनाई न दे–3
6.मां का भाई–2
7.एकमात्र,सिर्फ एक–3
8.अधिकार–2
10.सिर झुकाना–3
11.दुर्घटना–4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ–3
16.राजदार–4
17.राजा की पत्नी–2
18.वीज, वीर्य–2
19.मीठा पेय पदार्थ–4
21.पानी की बूंद–3
22.अवरोध,बाधा–4
24.मैला,अस्वच्छ–3
25.पानी,जल–2
27.पुत्र,लड़का–3
28.लाश,पार्थिव देह–2
29.थकावट–3
30.मन मोहने वाला–5

**ऊपर से नीचे**
1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी–5
2.अस्थमा–2
3.राज्य,सल्तनत–4
4.तन,काया,देह–3
5.रास्ता,मार्ग–2
7.नखरा,भुगतान–2
9.डोली उठाने वाले–3
12.बिजली,विद्युत रश्मि–3
13.भद्रता,नेकनियत –4
15.कमल,पंकज–3
16.बुखरा,ज्वर ताप–4
17.आराम,मदद–3
18.घना वन–3
20.मन को भाने वाला –2,3
21.कथा,गाथा–3
22.कहासुनी–4
23.मनन करना–3
24.शराब–2
26.घोड़ागाड़ी–2
28.बढ़ावा देना–2

**शब्द पहेली-6225 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | य | ह | ज | नी | | फि | स | ल | ना | |
| अ | | क | हा | र | | त | न | य | | बु |
| ह | क | | न | व | | र | म | | फ | न |
| म | म | ता | | ता | क | त | | चा | त | क |
| क | र | त | ब | | म | | त | ल | वा | र |
| | | | ल | ह | र | दा | र | | | |
| ला | व | ज | मा | | बं | | स | ह | ल | ज |
| ज | त | न | | म | द | द | | म | ग | न |
| वा | न | | क | न | | ह | म | | न | म |
| ब | | त | म | स | | ली | ट | र | | त |
| | मे | ह | रा | ब | | ज | र | ब | फ्त | |



# विराट कोहली बने 14,000 टी-20 रन बनाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली टी-20 क्रिकेट में 14,000 रन पूरे करने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। इस दिग्गज खिलाड़ी ने आईपीएल 2026 के रायपुर में हुए 57वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपना 78वां रन बनाकर यह उपलब्धि हासिल की। कुल मिलाकर, कोहली यह कारनामा करने वाले सिर्फ छठे बल्लेबाज़ बने हैं। बता दें कि वह आईपीएल में 9,000 से ज्यादा रन बना चुके हैं।

### इस सूची में शामिल हुए कोहली

कोहली टी-20 क्रिकेट में 14,000 रन बनाने वाले विश्व के सिर्फ छठे बल्लेबाज बने हैं। वह अब क्रिस गेल, डेविड वार्नर, एलेक्स हेल्स, जोस बटलर और कीरोन पोलार्ड ही ये आंकड़ा छूने में सफल हुए हैं। बता दें कि गेल ने 463 टी-20 मैचों में 14,562 रन, हेल्स ने 528 मैचों में 14,449 रन, वार्नर ने 439 मैचों में 14,284 रन, पोलार्ड ने 735 मैचों में 14,482 रन और बटलर ने 14,200 रन बनाए हुए हैं।

### डेविड वार्नर (431 पारी)

*इस सूची में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज डेविड वार्नर तीसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 431 पारियों में यह मुकाम हासिल किया था। उन्होंने अपने टी-20 करियर में कुल 439 मैच खेले थे, जिसकी 438 पारियों में 37.29 की औसत और 140.61 की स्ट्राइक रेट से 14,284 रन बनाने में सफल रहे। उन्होंने 10 शतक और 118 अर्धशतक भी जड़े थे। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 135 का रहा।*



### आईपीएल में 9,000 से अधिक रन बना चुके हैं कोहली

कोहली ने आईपीएल 2026 के दौरान ही लीग में अपने 9,000 रन पूरे किए थे। उन्होंने अपने बेमिसाल करियर में लगभग 40 की औसत के साथ 9,100 से अधिक रन बनाए हैं। वह लीग में 9 शतक और 66 अर्धशतक भी लगा चुके हैं। आईपीएल में उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 113 रन रहा है। आईपीएल के इतिहास में कोहली के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज 8,000 रन भी नहीं बना सका है।

### विराट कोहली (409 पारी)

*कोहली ने 409 पारियों में यह मुकाम हासिल किया है। अपने टी-20 करियर में 426 मैचों में उन्होंने 42.25 की औसत और 135.55 की स्ट्राइक रेट से 14,027 रन बनाए हैं। केकेआर के खिलाफ मैच के दौरान, कोहली ने अपना 10वां टी-20 शतक जड़ा। उन्होंने शतकों के मामले में डेविड वार्नर की बराबरी की। टी-20 क्रिकेट में उनसे ज्यादा शतक सिर्फ क्रिस गेल (22) और बाबर आजम (13) ने लगाए हैं।*

### क्रिस गेल के 423 पारी का रिकॉर्ड तोड़ा

*कोहली ने क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 423 पारियों में 14,000 टी-20 रन पूरे किए थे। गेल टी-20 क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। 463 टी-20 मैचों में उन्होंने 36.22 की औसत और 144.75 के स्ट्राइक रेट से कुल 14,562 रन बनाए। इस बीच उन्होंने 22 शतकों के अलावा और 88 अर्धशतक लगाए हैं। वह टी-20 में 1,000 से अधिक छक्के लगाने वाले इकलौते बल्लेबाज हैं।*

## खबर संक्षेप



### सिंधू और लक्ष्य थाईलैंड ओपन के क्वार्टर फाइनल में, श्रीकांत बाहर

**बैंकॉक।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू और लक्ष्य सेन बृहस्पतिवार को यहां सीधे गेम में जीत के साथ पांच लाख डॉलर इनामी राशि के थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और छठी वरीयता प्राप्त सिंधू ने महिला एकल के दूसरे दौर में 28 मिनट के भीतर डेनमार्क की अमेली शूल्ज को 21-13, 21-15 से हराया। सातवीं वरीयता प्राप्त सेन ने चीन के झू शुआन चेन को 21-12, 21-13 से मात दी। सिंधू का सामना अब शीर्ष वरीयता प्राप्त तीसरी रैंकिंग वाली जापान की अकाने यामागुची से होगा। वहीं सेन दूसरी वरीयता प्राप्त थाईलैंड के कुंलावुत वितिदसर्न के बीच होने वाले मैच के विजेता से खेलेंगे।

### निशानेबाजी: सौरभ और साक्षी ने स्वर्ण पदक जीते

**भोपाल।** रेलवे के सौरभ चौधरी और महाराष्ट्र की साक्षी सुनील पाडेकर ने बृहस्पतिवार को 24वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल निशानेबाजी चैंपियनशिप में क्रमशः पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल और महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन्स स्पर्धा के खिताब अपने नाम किए। यह प्रतियोगिता नयी दिल्ली की डा कर्णी सिंह शूटिंग रेंज और भोपाल में मध्य प्रदेश राज्य निशानेबाजी अकादमी में आयोजित की जा रही है। पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल आईएसएसएफ स्पर्धा में सौरभ चौधरी ने फाइनल में 242.8 अंक हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। उत्तर प्रदेश के गौरव ने 240.7 अंक के साथ रजत जबकि दिल्ली के हार्दिक बंसल ने 219.3 अंक के साथ कांस्य पदक हासिल किया। महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन्स स्पर्धा में महाराष्ट्र की साक्षी सुनील पाडेकर ने फाइनल में 357.7 अंक हासिल कर स्वर्ण पदक जीता।

### एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप में कांस्य पदकों से चमके अजीत



**गांधीनगर।** अजीत नारायण ने बृहस्पतिवार को यहां पुरुषों के 71 किग्रा वर्ग में क्लीन एवं जर्क और समग्र दोनों में कांस्य पदक जीते जिससे भारत ने एशियाई सीनियर भारोत्तोलन चेंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन जारी रखा। एशिया के बेहतरीन भारोत्तोलकों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करते हुए अजीत ने संयम दिखाते हुए क्लीन एवं जर्क में 174 किग्रा और कुल 314 किग्रा का वजन उठाया जिससे भारत को पोडियम में स्थान मिला। इस वर्ग का स्वर्ण पदक कोरिया के वोन जू रि (351 किग्रा) को मिला जबकि चीन के जियान चेन ने 335 किग्रा के वजन से रजत पदक हासिल किया। इस तरह अजीत चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले तीसरे भारतीय हैं।

## आखिरी 18 गेंदों में 50 रन नहीं बचा सके किंग्स के गेंदबाज

# तिलक के अर्धशतक से मुंबई ने पंजाब को छह विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धर्मशाला

- वर्मा नाबाद 75 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द मैच बने
- किंग्स लगातार पांचवां मैच हारी

शारदुल ठाकुर की धारदार गेंदबाजी बाद तिलक वर्मा के तूफानी अर्धशतक से मुंबई इंडियन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में बृहस्पतिवार को यहां पंजाब किंग्स को छह विकेट से हरा दिया जो मेजबान टीम की लगातार पांचवीं हार है। पंजाब के 201 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी मुंबई की टीम ने तिलक वर्मा (75 रन, 33 गेंद, छह चौके, छह छक्के) के तेजतर्रार अर्धशतक और विल जैक्स (10 गेंद में नाबाद 25, दो चौके, दो छक्के) के साथ उनकी पांचवें विकेट की 20 गेंद में 56 रन की अटूट साझेदारी से 19.5 ओवर में चार विकेट पर 205 रन बनाकर जीत दर्ज की। सलामी बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन (48) ने भी उम्दा पारी खेली। तिलक ने शेरफेन रदरफोर्ड (20) के साथ भी चौथे विकेट के लिए 61 रन जोड़े। इससे पहले सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह (57 रन, 32 गेंद, छह चौके, चार छक्के) ने अर्धशतक जड़ने के अलावा प्रियांश आर्य (22) के साथ पहले विकेट के लिए 50 और कूपर कोनोली (21) के साथ दूसरे विकेट के लिए 57 रन जोड़कर पंजाब को ठोस मंच प्रदान किया लेकिन शारदुल (39 रन पर चार विकेट) ने बीच के ओवरों में मुंबई को जोरदार वापसी दिलाई।



**पंजाब-200/8 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| प्रियांश आर्य बो चाहर | 22 |
| प्रभसिमरन का बॉश बो शारदुल | 57 |
| कूपर कोनोली बो बावा | 21 |
| श्रेयस अय्यर बो शारदुल | 04 |
| सूर्यांश शेडगे का बावा बो शारदुल | 08 |
| शशांक सिंह पगबाधा बो बॉश | 02 |
| अजमतुल्लाह का जैक्स बो चाहर | 38 |
| मार्को यानसेन बो शारदुल | 02 |
| विष्णु विनोद नाबाद | 15 |
| जेवियर बार्टलेट नाबाद | 18 |

अतिरिक्त: 13
कुल:20 ओवर में 8 विकेट पर: 200 रन
विकेट पतन: 1-50, 2-107, 3-111, 4-111, 5-123, 6-135, 7-140, 8-166
गेंदबाजी: चाहर 4-0-36-2, बुमराह 4-0-35-0, शारदुल 4-0-39-4, बॉश 4-0-42-1, रघु 2-0-22-0, जैक्स 1-0-9-0, बावा 1-0-11-1

**मुंबई-205/4 (19.5)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रिकेल्टन का प्रियांश बो उमरजई | 48 |
| रोहित शर्मा बो चहल | 25 |
| नमन का अर्शदीप बो यानसेन | 09 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 75 |
| शेरफेन का बार्टलेट बो उमरजई | 20 |
| विल जैक्स नाबाद | 25 |

अतिरिक्त: 03
कुल:19.5 ओवर में चार विकेट पर: 205 रन
विकेट पतन: 1-61, 2-81, 3-88, 4-149
गेंदबाजी: अर्शदीप 4-0-29-0, उमरजई 4-0-36-2, यानसेन 4-0-55-1, बार्टलेट 3.5-0-53-0, चहल 4-0-32-1

### एलएसजी की सीएसके से भिड़ंत आज

**लखनऊ।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 59वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना चेन्नई सुपरकिंग्स से आज 15 मई को होगा। इस सीजन में एलएसजी ने 11 में से अपने 3 मैच जीते हैं और 8 में शिकस्त झेली है। वहीं, सीएसके ने 11 में से अपने 6 मुकाबले जीते हैं और 5 में हार का सामना किया है। बता दें कि सीएसके के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अब तक फिटनेस कारणों से कोई मैच नहीं खेल सके हैं। उनके अगले मैच में भी खेलने की उम्मीद नहीं है। वहीं, जेमी ओवरटन भी चोटिल हो गए हैं। उनकी गैरमौजूदगी में डियान फॉरेस्टर को मौका मिला है।वहीं दूसरी ओर एलएसजी की टीम प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है। ऐसे में पंत की कप्तानी वाली टीम अपने बचे हुए मैचों को जीतना चाहेगी। एलएसजी के प्रमुख बल्लेबाज एडेन मार्करम इस सीजन में नाम के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं।

## एशियन बॉक्सिंग प्रतियोगिता: देश के खिलाड़ियों ने 27 पदक जीते



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एशियन बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भारत खिलाड़ियों ने अंडर-15 बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 स्वर्ण, 6 रजत और 12 कांस्य सहित 27 पदक जीते और अंडर-15 लड़कियों की पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। इसमें हरियाणा के खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण पदक जीते। यह प्रतियोगिता उज्बेकिस्तान में 16 मई तक आयोजित की जाएगी। अंडर-15 लड़कियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 स्वर्ण, 2 रजत और 5 कांस्य पदक जीते, जबकि अंडर-15 लड़कों ने 2 स्वर्ण, 4 रजत और 7 कांस्य पदक का योगदान दिया। 33 किलोग्राम वर्ग में अक्षिता को ओडिना युसुपोवा से हार गई और रजत पदक से संतोष करना पड़ा। एंजी (37 किलोग्राम) ने नूरज़ानत बेकनाज़र (कजाकिस्तान) पर 5-0 की शानदार जीत के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि सोनिया (40 किलोग्राम) ने बोमिनाखोन (उज़्बेकिस्तान) के खिलाफ 5-0 जीत दर्ज करके स्वर्ण पदक जीता। 43 किलोग्राम वर्ग में तन्वी ने हान-हसी चेन के खिलाफ जीत हासिल करके स्वर्ण पदक जीता। वहीं 58 किलोग्राम वर्ग में सुनैना ने मुकद्दस जोकिरोवा को हराया। भूमिका (61 किलोग्राम) ने दूसरे दौर में ऐयारू



फैजुल्लायेवा (कजाकिस्तान) के खिलाफ आरएससी जीत के साथ एक ओर स्वर्ण पदक जीता। 64 किलोग्राम वर्ग में, तन्वी ने मलिका उलुगबेकोवा (उज़्बेकिस्तान) से 0:5 से हारकर रजत पदक जीता। 70 किलोग्राम वर्ग में एंजेल ने खोंज़ोदा बेगिम बारातोवा (उज़्बेकिस्तान) को 4-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीतकर लड़कियों के अभियान का शानदार समापन किया। अंडर-15 लड़कों ने भारत के खाते में दो स्वर्ण पदक जोड़े। यश कुमार (33 कि.ग्रा.) ने कजाकिस्तान के सायात रखिमबेर्दी को कड़े मुकाबले में 3-2 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। मोहम्मद यासर (58 कि.ग्रा.) ने उज्बेकिस्तान के अब्दुल्लोह करीमजोनोव को करीबी मुकाबले में 3-2 से हराकर दूसरा स्वर्ण पदक हासिल किया। वसंत अशोक कुमार (37 कि.ग्रा.) को फायोज़बेक नोरालिएव से 0-5 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

## फीफा विश्व कप में पड़ेगी भीषण गर्मी खिलाड़ियों को बचाने सुरक्षा नाकाफी

एजेंसी ▶▶| मेक्सिको

- विशेषज्ञों ने 28 डिग्री से ऊपर मैच टालने या स्थगित करने का दिया सुझाव

दुनिया के प्रमुख वैज्ञानिकों ने फीफा को चेतावनी दी है कि फीफा विश्व कप 2026 के लिए लागू गर्मी सुरक्षा उपाय नाकाफी हैं और इससे खिलाड़ियों की जान पर गंभीर खतरा पैदा हो सकता है। स्वास्थ्य, जलवायु और खेल प्रदर्शन से जुड़े अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने कहा कि फीफा के दिशा-निर्देश मौजूदा वैज्ञानिक मानकों के अनुरूप नहीं हैं। उन्होंने लंबे कूलिंग ब्रेक, मैच टालने और अत्यधिक गर्मी में मुकाबले स्थगित करने के लिए स्पष्ट नियम लागू करने की मांग की है।

### भीषण गर्मी बन सकता है बड़ा मुद्दा

अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में होने वाले टूर्नामेंट में भीषण गर्मी बड़ा मुद्दा बन सकती है। इस्तेमाल होने वाले 16 में से 14 स्टेडियमों में तापमान



खतरनाक स्तर तक पहुंच सकता है। दक्षिणी अमेरिका और उत्तरी मेक्सिको के कई हिस्सों में दिन का तापमान 30 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है, जबकि गर्म लहर के दौरान यह 40 डिग्री तक पहुंच सकता है। तापमान, नमी, हवा और तेज धूप खिलाड़ियों पर गर्मी तनाव का खतरा बढ़ा सकते हैं।

### फीफा ने कही ये बात

फीफा का कहना है कि वह खिलाड़ियों, रेफरी, दर्शकों और कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा टूर्नामेंट की योजना बनाते समय जलवायु संबंधी जोखिमों का आकलन किया जाता है। फीफा ने इसी कारण हर मैच के दोनों हाफ में अनिवार्य 3 मिनट का कूलिंग ब्रेक लागू किया है, चाहे मौसम कैसा भी हो।

## असम में नए स्टेडियम में होगी इंडियन एथलेटिक्स सीरीज

**नई दिल्ली।** असम के नलबाड़ी जिले के सरियाहतली में बना नया स्टेडियम छह जून को इंडियन एथलेटिक्स सीरीज के सातवें चरण की मेजबानी करेगा। इससे राज्य और आस-पास के इलाकों के एथलीटों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। इस एकदिवसीय प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में 18 स्पर्धाएं होंगी जिसमें पुरुषों और महिलाओं के लिए नौ-नौ स्पर्धाएं शामिल हैं। इसके अलावा जूनियर वर्ग में 10 स्पर्धाएं (पुरुषों और महिलाओं के अंडर-20 वर्ग में पांच-पांच) होंगी। प्रतियोगिता का आयोजन एएफआई के तत्वावधान में असम एथलेटिक्स संघ करेगा। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने एक सर्कुलर में कहा, ''यह प्रतियोगिता पहली बार हो रही है इसलिए इससे असम राज्य के अंदरूनी इलाकों के एथलीटों को एथलेटिक्स को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। इस नए स्टेडियम में एक नया नौ लेन का ट्रैक बनाया गया है जो नलबाड़ी जिला खेल स्टेडियम परिसर का हिस्सा है।

## जिम्बाब्वे में बना रिकॉर्ड, 50 ओवर में कूट दिए 822 रन

### जिम्बाब्वे के एक घरेलू टूर्नामेंट में देखने मिला ऐतिहासिक मुकाबला

एजेंसी ▶▶| जिम्बाब्वे

जहां एक ओर दुनिया के सभी क्रिकेट फैंस की नजरें आईपीएल 2026 के प्लेऑफ रेस पर टिकी हुई हैं। वहीं, दूसरी ओर जिम्बाब्वे क्रिकेट में कुछ ऐसा हो गया, जो इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ। दरअसल, जिम्बाब्वे में एक घरेलू टूर्नामेंट के मैच में रनों की बारिश देखने को मिली। एक टीम ने 50 ओवर के मैच में 822 रन ठोक दिए। आमतौर पर 50 ओवर के मैच में 300-350 रन अच्छा स्कोर होता है, जिसे डिफेंड किया जा सकता है। हालांकि यह टूर्नामेंट ऑफिशियल लिस्ट-ए प्रतियोगिता नहीं है। इसकी वजह से ये हैरान कर देने वाले आंकड़े वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज नहीं होंगे। यह ऐतिहासिक कारनामा जिम्बाब्वे के मास्विंगो 50 ओवर फर्स्ट लीग में देखने को मिला।



### एक पारी में ऐसे बने 822 रन....

मास्विंगो 50 ओवर फर्स्ट लीग 2025-26 में स्कॉर्पियंस क्रिकेट क्लब और मीथेन लायंस के बीच मैच खेला गया था। इस मुकाबले में स्कॉर्पियंस क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 822 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। इसमें तकुंडा मडम्बो ने 143 गेंद पर 302 रनों की तूफानी पारी खेली, जिसके बाद वे रिटायर्ड आउट होकर पवेलियन लौट गए। उनके अलावा विनफेड मटेंडे ने सिर्फ 75 गेंद 203 रनों की आतिशी पारी खेली।

## नाडा की सुनवाई समिति के समक्ष अपना बचाव नहीं रखने पर होगी कार्रवाई

# यशस्वी-शेफाली डोप टेस्ट में रहे अनुपस्थित, मिला नोटिस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और भारतीय महिला क्रिकेट टीम की बल्लेबाज शेफाली वर्मा को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी द्वारा पहली बार डोप टेस्ट में अनुपस्थित रहने पर नोटिस जारी किया गया है। मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, यह नोटिस डोप टेस्ट के लिए निर्धारित स्थानों पर न पहुंचने और अपने ठिकाने की जानकारी न देने के नियम के तहत जारी किए गए हैं।

### दोनों को दिया गया स्पष्टीकरण का मौका

रिपोर्ट के अनुसार, नाडा ने दोनों खिलाड़ियों को स्पष्टीकरण देने का अवसर दिया गया है और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को भी इसकी जानकारी दी है। यह नोटिस नाडा के पंजीकृत परीक्षण पूल में शामिल इन दोनों क्रिकेटरों के लिए पहली बार दर्ज किए गए ठिकाने संबंधी विफलताओं को दर्शाते हैं। ऐसे में अब इन दोनों खिलाड़ियों को इस असफलता का स्पष्टीकरण देना होगा और उसके बाद उन्हें दोबारा जांच के लिए बुलाया जाएगा।

### दोनों ही खिलाड़ियों ने नहीं दिया कोई जवाब

*रिपोर्ट के अनुसार, नाडा ने 18 और 20 फरवरी को दोनों खिलाड़ियों से स्पष्टीकरण मांगा था, लेकिन जवाब नहीं दिया। एक बार टेस्ट न देने से डोपिंग नियमों का उल्लंघन नहीं माना जाता। हालांकि, 12 महीने की अवधि में 3 बार टेस्ट न देने पर डोपिंग नियमों का उल्लंघन हो सकता है। यदि कोई खिलाड़ी नाडा की सुनवाई समिति के समक्ष अपना बचाव नहीं कर पाता है तो उसे 2 साल तक के लिए निलंबित किया जा सकता है।*



### क्या है डोप टेस्ट से संबंधित नियम?

*नाडा के पंजीकृत परीक्षण पूल में शामिल एथलीटों को डोपिंग टेस्ट के लिए निर्धारित समय और स्थान बताना अनिवार्य है। डोपिंग नियंत्रण अधिकारी घोषित अवधि में नमूने एकत्र करने के लिए आ सकता है और निर्धारित स्थान पर उपस्थित न होने पर डोपिंग विरोधी नियमों के तहत टेस्ट छूट सकता है। नोटिस के अनुसार, डीसीओ ने 17 दिसंबर को यशस्वी और 7 नवंबर को शेफाली का टेस्ट निर्धारित किया था, लेकिन दोनों ही बताए गए स्थान पर नहीं मिले।*

## ओवरटन की जगह सीएसके में शामिल हुए डियान फॉरेस्टर

**मुंबई।** चेन्नई सुपरकिंग्स के ऑलराउंडर जेमी ओवरटन इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के बचे हुए सीजन से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह पर सीएसके ने दक्षिण अफ्रीका के डियान फॉरेस्टर को अपने साथ शामिल किया है। फॉरेस्टर पहली बार इस लीग के लिए चुने गए हैं। सीएसके ने गुरुवार 14 मई को आधिकारिक तौर पर ये ऐलान किया है। ज्ञात हो कि ओवरटन दाहिनी जांघ में चोट लगने के कारण इंग्लैंड लौट चुके हैं।

***ओवरटन का बाहर होना सीएसके के लिए बड़ा झटका :*** *आईपीएल 2026 में ओवरटन ने 13 मुकाबले खेले हैं और इसकी 13 पारियों में 23.71 की औसत से 14 विकेट अपने नाम किए। उनकी इकॉनमी रेट 9.76 की रही। इस खिलाड़ी ने एक बार 4 विकेट हॉल भी लिया है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/18 का रहा है। बल्लेबाजी में इस खिलाड़ी ने 8 पारियों में 37.75 की औसत और 162.36 की उम्दा स्ट्राइक रेट से 151 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 43* रन रहा है।*




भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच हुई बैठक अभियान के समय तालमेल, एक-दूसरे की प्रणाली के साथ मिलकर काम करने की क्षमता प्रशिक्षण, संयुक्त अभ्यास और भविष्य के एयरोस्पेस सहयोग पर केंद्रित थी

## भारत-ऑस्ट्रेलिया की वायु सेनाओं की अहम बैठक

# दोनों देशों के बीच एयरोस्पेस और रक्षा सहयोग मजबूत करने पर बनी सहमति

एजेंसी ▶▶ कैनबरा

भारतीय वायु सेना (आईएएफ) और रॉयल ऑस्ट्रेलियन एयर फोर्स ने 'भविष्य के एयरोस्पेस सहयोग' पर चर्चा की है। यह चर्चा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ते रक्षा संबंधों के बीच हुई है। दोनों वायु सेनाओं के बीच हाल ही में 12वीं एयर स्टाफ वार्ता कैनबरा में हुई। यह वार्ता दोनों देशों के बीच अभियान के समय तालमेल, एक-दूसरे की प्रणाली के साथ मिलकर काम करने की क्षमता (इंटरऑपरेबिलिटी), प्रशिक्षण, संयुक्त अभ्यास और भविष्य के एयरोस्पेस सहयोग पर केंद्रित थी।

### दोनों देशों के बीच 12वीं एयर स्टाफ वार्ता ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा में हुई


12वीं एयर स्टाफ वार्ता के दौरान दोनों देशों के एयर वाइस मार्शल

### हिंद-प्रशांत महासागर में साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध

आईएएफ ने बयान में कहा है कि 12वीं एयर स्टाफ वार्ता में दोनों वायु सेनाओं ने ऑपरेशनल तालमेल बढ़ाने, संयुक्त अभ्यास, एयर-टू-एयर रिफ्यूलिंग समझौते, प्रशिक्षण और भविष्य के एयरोस्पेस सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय स्थिरता और क्षेत्रीय स्थिरता को मजबूत करने और भविष्य के लिए तैयार हिंद-प्रशांत साझेदारी के प्रति अपनी

### वायु शक्ति संवाद को आगे बढ़ाएंगे

ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्रालय ने बताया कि वायु सेना के उप प्रमुख एयर वाइस मार्शल स्टीवन पेस ने कैनबरा और ब्रिस्बेन में भारतीय वायु सेना के एयर वाइस मार्शल संजीव तालियान की मेजबानी की। इस दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग और पेशेवर वायु शक्ति संवाद को आगे बढ़ाया गया।


एयर वाइस मार्शल संजीव तालियान और एयर वाइस मार्शल स्टीवन पेस

### एमक्यू-28 घोस्ट बैट क्यों खास है?

एमक्यू-28 घोस्ट बैट एक 'फोर्स मल्टीप्लायर' है, यानी यह आधुनिक वायु शक्ति प्रणाली को और ज्यादा मजबूत बनाता है। इसकी खुली प्रणाली (ओपन सिस्टम) डिजाइन से मिशन में लचीलापन आता है।

### 40 फीट की ऊंचाई पर काम करने में सक्षम

एमक्यू-28 की एक खासियत इसका टुकड़ों में बनने वाला (मॉड्यूलर) डिजाइन है, जिससे मिशन वाला आगे का हिस्सा (नोज सेक्शन) बदलकर उसमें अलग-अलग उपकरण तेजी से लगाए जा सकते हैं। बोइंग के अनुसार यह 2,000 नॉटिकल मील से ज्यादा दूरी तक उड़ान भर सकता है, मैक 0.9 तक की गति से उड़ सकता है और 40 हजार फीट से अधिक ऊंचाई पर काम कर सकता है। ऑस्ट्रेलिया में पिछले आठ वर्षों में विकसित इस प्रणाली को बोइंग ने 'दुनिया का सबसे परिपक्व सहयोगी लड़ाकू विमान' बताया है।

---

## ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की बैठक में 'राष्ट्रीय बयान' के जरिए जयशंकर ने दुनिया के सामने साफ किया नई दिल्ली का रुख

पश्चिम-एशिया संकट, गाजा, एकतरफा प्रतिबंधों, फिलिस्तीन, आतंकवाद और यूएन में सुधार जैसे मामलों पर खुलकर रखे विचार

# ब्रिक्स के मंच से भारत का दुनिया को बड़ा संदेश बातचीत और कूटनीति से ही हल होंगे विवाद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका-इजरायल और ईरान से लेकर रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से लगातार बढ़ती वैश्विक चुनौतियों के बीच गुरुवार को राजधानी के भारत मंडपम में ब्रिक्स समूह के विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक की शुरुआत हुई। विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने 'राष्ट्रीय बयान' के जरिए पूरी दुनिया के सामने मजबूती के साथ देश का पक्ष रखा। जिसमें पश्चिम-एशिया, गाजा संकट, एकतरफा प्रतिबंधों, फिलिस्तीन का मुद्दा, आतंकवाद और संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में अनिवार्य सुधार जैसे मामलों को शामिल किया गया है।

बैठक में ईरान, दक्षिण-अफ्रीका, ब्राजील और रूस समेत समूह के अन्य देशों के विदेश मंत्री मौजूद रहे। इस वर्ष भारत के पास ब्रिक्स की अध्यक्षता की जिम्मेदारी है। इसलिए वह इस बैठक की मेजबानी कर रहा है। आगामी समय में सितंबर महीने में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जाना है। उसके पूर्व में इस बैठक का होना काफी महत्वपूर्ण है। विदेश मंत्रालय ने डॉ.जयशंकर के बयान को मीडिया के साथ साझा किया है।

**होर्मुज से चाहिए सुरक्षित समुद्री आवाजाही:** जयशंकर ने कहा, वर्तमान में हमारे द्वारा महसूस की जा रही घटनाएं छिटपुट रूप से हो नहीं हो रही हैं। बल्कि यह चुनौतियों का एकजुट होना है। जो बहुआयामी सिस्टम के लचीलेपन की परीक्षा ले रही हैं। खासकर पश्चिम-एशिया विवाद, जिससे लगातार तनाव के साथ सुरक्षित समुद्री आवाजाही के लिए खतरा बढ़ रहा है। वहीं, ऊर्जा ढांचों के समक्ष आ रही बाधाओं से हालात और तनावपूर्ण हो रहे हैं। ऐसे में वैश्विक आर्थिक भलाई के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य और लाल सागर में सुरक्षित और निर्बाध नौवहन की गति को बनाए रखने की नितांत



आवश्यकता है। आज की हमारी मुलाकात और उससे इतर दुनिया एक असाधारण भू-राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितता से दो-चार हो रही है। जिसमें संघर्षों, जलवायु घटनाओं और कोरोना महामारी के बाद पड़े प्रभावों की मुख्य भूमिका है। ये घटनाक्रम विकास के क्रम को कमजोर करते हुए असुरक्षा की भावना को बढ़ाते हैं। लेकिन भारत तनाव को कम करने और मौजूदा चुनौतियों से निपटने में एक रचनात्मक और स्थिर भूमिका निभाएगा।

**बातचीत-कूटनीति से निकले समाधान:** उन्होंने कहा कि कई मामले ऐसे हैं, जिनका प्रभाव संबंधित क्षेत्र से बाहर भी बड़े पैमाने पर पड़ रहा है। जिसमें भी ऊर्जा, खाद्य-उर्वरक सुरक्षा, सप्लाई चेन में आ रही दिक्कतों, कीमतों में बढ़ते ट्रेंड और प्रभावित होते विकास के चलते उभरते हुए बाजार और विकासशील देश बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। जिसे देखते हुए ब्रिक्स की एकजुटता, सद्भावना काफी महत्वपूर्ण हो जाती है।

सामूहिक कदम और संकल्प स्थिरता, सतत विकास और समृद्धि के लिए बेहद जरूरी हैं। समूह इन विषयों पर केवल विचार-विमर्श नहीं करेगा। बल्कि प्रभावी-समन्वित प्रतिक्रिया की दिशा में भी काम करेगा। भारत यूएन के उद्देश्यों, सिद्धांतों को लेकर मजबूती के साथ अपनी प्रतिबद्धता दोहराता है। संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान अंतरराष्ट्रीय संबंधों की बुनियाद होनी चाहिए। साथ ही विवादों का समाधान निकालने का एकमात्र उपाय बातचीत और कूटनीति पर ही आधारित होना चाहिए।

**अमेरिकी टैरिफ, प्रतिबंधों पर खरी-खरी:** जयशंकर ने अमेरिका का नाम सहित उल्लेख किए बिना दो टूक अंदाज में कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानूनों और यूएन सिद्धांतों के विरूद्ध लगाए गए एकतरफा प्रतिबंधों, दंडात्मक उपाय विकासशील देशों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। दबाव की राजनीति का विकल्प संवाद कभी भी नहीं बन सकता है। मौजूदा चुनौतियों के चलते बढ़ती विषमताओं के साथ विकास बाधित हो रहा है। कई विकासशील देशों के लिए प्राथमिकता महज विकास नहीं है। बल्कि तेजी से बढ़ती वैश्विक परिस्थितियों से उत्पन्न होती असुरक्षा को संभालना है। स्थिरता चयनात्मक नहीं हो सकती और शांति कभी टुकड़ों में नहीं आ सकती है। इसलिए अंतरराष्ट्रीय कानूनों की स्थापना, नागरिकों की सुरक्षा, असैन्य ढांचों पर हमलों को रोकने की आवश्यकता है।

**फिलिस्तीन मामला:द्वि-राष्ट्र सिद्धांत को समर्थन:** उन्होंने गाजा संकट को लेकर कहा कि गाजा में जारी संघर्ष का बड़े पैमाने पर मानवीय प्रभाव पड़ा है। इसलिए सतत संघर्षविराम, बेरोकटोक ढंग से मानवीय सहायता की आपूर्ति को बरकरार रखने और समस्या के शांतिपूर्ण समाधान को लेकर भरोसेमंद मार्ग के जरिए आगे बढ़ना नितांत रूप से आवश्यक है। जहां तक फिलिस्तीन के मामले का सवाल है, तो भारत इसे लेकर द्वि-राष्ट्र सिद्धांत का समर्थन करता है। लीबिया, सीरिया भी लगातार चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। सुडान संघर्ष ने भारी मानवीय कीमत चुकाई है। यमन से मानवीय चिंताएं, समुद्री जोखिम बढ़ा है। जबकि लीबिया में स्थिरता महत्वपूर्ण है। इन सभी मामलों को लेकर अंतरराष्ट्रीय गतिविधियों और समन्वित कूटनीतिक प्रयासों की आवश्यकता है।

**आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता:** विदेश मंत्री ने आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा, इस लगातार बने हुए खतरे की किसी भी प्रकार से कोई सफाई या स्पष्टीकरण नहीं दिया जा सकता है। सीमापार आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय संबंधों के मूलभूत सिद्धांत का उल्लंघन करता है। इस वैश्विक बुराई को लेकर बिना किसी समझौते के साथ शून्य सहिष्णुता का नियम लागू होना चाहिए। तकनीकी उन्नति वैश्विक परिदृश्य को पुनः आकार दे रही है। जिसमें वह अवसरों को प्रदान कर रही है। लेकिन उसमें विश्वास, पारदर्शिता और समानता आधारित पहुंच जैसी चिंताएं बनी हुई हैं। डिजिटल खाई को साझा प्राथमिकता के तहत भरा जाना चाहिए। जलवायु परिवर्तन लगातार एक प्रमुख समस्या बना हुआ है। जिसके साथ जलवायु न्याय, भरोसेमंद प्रतिबद्धता, पर्याप्त वित्त की व्यवस्था और पहुंच आधारित सहयोग भी शामिल होने चाहिए।

**चुनौतियों से कमजोर होता सिस्टम:** चुनौतियों के बढ़ने के साथ ही यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि बहुपक्षीय सिस्टम कमजोर होता जा रहा है। जिसके केंद्र में यूएन का सिस्टम है और इसे लेकर चिंताएं काफी बढ़ गई हैं। अब हर गुजरते दिन के साथ बहुपक्षवाद में जरूरी सुधार ही एकमात्र विकल्प के रूप में तेजी से उभर रहा है। इसमें यूएन की स्थायी और अस्थायी जैसी दोनों श्रेणियों में सुधार का मसला शामिल है। मामले में हो रही देरी की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

**ब्रिक्स का यही साफ संदेश:** उन्होंने कहा कि सहयोग जरूरी है, संवाद की आवश्यकता है और सुधार बाकी है। ब्रिक्स देशों को एक अधिक स्थिर, समानता आधारित समावेशी अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को लेकर एकजुटता का कार्य करने की दरकार है। भारत इन सभी लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सभी साझेदारों के साथ रचनात्मक रूप से जुड़ने के लिए प्रतिबद्धता के साथ तैयार है।

---

## फर्जी खाते और जाली दस्तावेजों के जरिए बैंक ऑफ इंडिया को लगाया चूना, कई राज्यों में तलाश के बाद गिरफ्तारी

# यूपी वन निगम के नाम पर 64.82 करोड़ की ठगी, सीबीआई ने दो आरोपियों को दबोचा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने उत्तर प्रदेश वन निगम (यूपीएफसी) के नाम पर करोड़ों रुपये की बैंक धोखाधड़ी मामले में दीपक सुर्वना और दीपक यादव नाम के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में बैंक ऑफ इंडिया की शिकायत पर 15 जनवरी को केस दर्ज किया गया था।

सीबीआई के अनुसार, आरोपियों ने अज्ञात लोकसेवकों और अन्य लोगों के साथ मिलकर साजिश रचते हुए बैंक ऑफ इंडिया की सदर शाखा, लखनऊ में उत्तर प्रदेश वन निगम के नाम पर फर्जी बैंक खाता खुलवाया। इसके लिए जाली केवाईसी दस्तावेज, फर्जी प्राधिकरण पत्र और नकली बोर्ड प्रस्तावों का इस्तेमाल किया गया। जांच एजेंसी के मुताबिक, आरोपियों ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैंक को यह विश्वास दिलाया कि यूपीएफसी की ओर से सावधि जमा (एफडीआर) बनाई जानी है।



इसके बाद बैंक से 64.82 करोड़ रुपये उक्त खाते में ट्रांसफर करा लिए गए। बाद में आरोपियों ने इनमें से 6.95 करोड़ रुपये आरटीजीएस के माध्यम से कोलकाता और नई दिल्ली स्थित छह फर्मों के खातों में भेज दिए। धोखाधड़ी का खुलासा तब हुआ जब उत्तर प्रदेश वन निगम के अधिकारियों ने बैंक को सूचित किया कि इस तरह का कोई प्राधिकरण जारी नहीं किया गया था और गिरफ्तार आरोपियों का निगम से कोई संबंध नहीं है।

मामले की जांच के दौरान सीबीआई टीम ने फरार आरोपियों की तलाश में कई राज्यों में व्यापक अभियान चलाया। लगातार निगरानी, समन्वित छापेमारी और फील्ड ऑपरेशन के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों को विशेष न्यायाधीश, भ्रष्टाचार निवारण अदालत (पश्चिम), लखनऊ के समक्ष पेश किया गया, जहां अदालत ने उन्हें 16 मई तक हिरासत में भेज दिया।




---

## अगले साल होने हैं उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव, हर हाल में अपनी सत्ता बरकरार रखना चाहती है

# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुख्यमंत्री योगी ने की मुलाकात, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। बताया जा रहा है कि यूपी में जल्द ही पार्टी संगठन, निगमों और आयोगों में जो नियुक्तियां होने जा रही हैं उनमें सामाजिक संतुलन, क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व और सहयोगी दलों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया जायेगा। हाल ही में अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करने के बाद यह योगी की पहली दिल्ली यात्रा थी।

ज्ञात हो कि हाल ही में पश्चिम बंगाल और असम विधानसभा चुनावों में शानदार प्रदर्शन के साथ पूर्वी भारत में अपना वर्चस्व स्थापित करने के बाद भाजपा की नजर अब 2027 में होने वाले सात राज्यों के विधानसभा चुनावों पर है, जिनमें गुजरात, गोवा, मणिपुर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश प्रमुख हैं।

बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में उत्तर प्रदेश भाजपा की गतिविधियों का केंद्र रहने वाला है। प्रधानमंत्री, गृह मंत्री,



तमाम केंद्रीय मंत्रियों सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के अब लगातार यूपी के दौरे होते रहेंगे जिससे पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश बना रहे। लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को उत्तर प्रदेश में खासा नुकसान उठाना पड़ा था इसलिए भाजपा नेतृत्व उत्तर प्रदेश के राजनीतिक समीकरणों को लेकर खासा सतर्क है। माना जा रहा है कि यूपी के मामलों को सीधे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह देखेंगे ताकि राज्य विधानसभा चुनावों में भाजपा की हैट्रिक में कोई कमी नहीं रह जाये। सूत्रों के अनुसार योगी और शाह की मुलाकात आधे घंटे से ज्यादा समय तक चली। इस दौरान नये बनाये गये मंत्रियों के विभागों को लेकर भी चर्चा हुई। पार्टी सूत्रों का कहना है कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा संगठन की सारी कमजोरियों को दूर कर लेना चाहती है और पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं की नाराजगी भी दूर करना चाहती है जिसके लिए आने वाले दिनों में तमाम कदम उठाए जाएंगे।

पार्टी ने इन राज्यों में चुनाव की तैयारियां पहले ही शुरू कर दी हैं और पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन ने अगले वर्ष के चुनावी अभियान के लिए जमीनी स्तर पर काम प्रारंभ कर दिया है। पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन गोवा, गुजरात और उत्तर प्रदेश का दौरा कर विभिन्न कार्यक्रमों में भाग ले चुके हैं और इस दौरान उन्होंने पार्टी के प्रमुख पदाधिकारियों व नेताओं के साथ बैठकें कर चुनावी रणनीति पर चर्चा की है। वह जल्द ही उत्तराखंड का दौरा करेंगे, जहां अगले वर्ष गोवा, गुजरात, मणिपुर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश के साथ चुनाव होने हैं। वर्तमान में उत्तर प्रदेश, गुजरात, उत्तराखंड, मणिपुर और गोवा में भाजपा की सरकार है, जबकि पंजाब में आम आदमी पार्टी और हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सत्ता में है।

## दिल्ली लाल किला ब्लास्ट: एनआईए ने कोर्ट में दाखिल की 7500 पन्नों में चार्जशीट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को नई दिल्ली की एक विशेष अदालत में दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास 10 नवंबर 2025 की शाम को हुए कार बम धमाके के मामले में 7,500 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की। एजेंसी ने इस हमले में कथित संलिप्तता के लिए 10 लोगों को नामजद किया है। इस हमले में 11 लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे। एनआईए के अनुसार, सहित सभी 10 आरोपी संगठन 'अंसार गजवत-उल-हिंद (एजीयूएच)' से जुड़े थे, जिसे अल-कायदा से प्रेरित संगठन बताया गया है। मुख्य आरोपी उमर उन नबी की इस धमाके में मौत हो गई थी। उसके अलावा नौ अन्य आरोपियों के नाम भी चार्जशीट में शामिल किए गए हैं जिनमें आमिर मीर, जसीर वानी, डॉ. मुजम्मिल शकील, डॉ. अदील राथर, डॉ. शाहीन सईद मुफ्ती इरफान अहमद वागे, सोयाब, डॉ. बिलाल नसीर मल्ला और यासिर अहमद डार शामिल हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109